e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 11, अंक 195
प्रभात मंत्र
गुरुवार
18.07.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

सुविचार

सफलता का रास्ता नाक के रास्ते से होकर ही गुजरता है, जिस प्रकार सूर्य स्वयं जलकर प्रकाश फैलाता है, उसी प्रकार अथक प्रयास से ही सफलता प्राप्त होती है।

क्विक न्यूज

निजी उद्योगों में कन्नड़भाषी लोगों के लिए आरक्षण पर घिरे सीएम सिद्धारमैया

नयी दिल्ली : कर्नाटक में कन्नड़ों को निजी कंपनियों में नौकरी के लिए आरक्षण देने वाले विधेयक पर विवाद गहराता जा रहा है। खुद मुख्यमंत्री सिद्धारमैया इसे लेकर मुश्किलों में घिर गए हैं। दरअसल, उन्होंने पहले एक ट्वीट कर निजी उद्योगों में 'सी और डी' श्रेणी के 100 प्रतिशत पदों को कन्नडिगा (कन्नड़भाषी) लोगों के लिए आरक्षित करने की बात कही। इस पर जब विवाद बढ़ा तो उन्होंने इसे डिलीट कर नया ट्वीट किया। इसमें उन्होंने लिखा, सोमवार को हुई कैबिनेट बैठक में राज्य के निजी उद्योगों और अन्य संगठनों में कन्नड़ लोगों के लिए प्रशासनिक पदों के लिए 50 प्रतिशत और गैर-प्रशासनिक पदों के लिए 75 प्रतिशत आरक्षण तय करने वाले विधेयक को मंजूरी दे दी गई।

भाजपा नेता गिरफ्तार, करोड़ों रुपये के 6,077 क्विंटल चावल की चोरी करने का लगा है आरोप

कर्नाटक : अन्ना भाग्य योजना के लिए चावल चोरी करने के मामले में भाजपा नेता मणिकांत राठौड़ को गिरफ्तार किया गया है। इसकी जानकारी पुलिस ने बुधवार को दी। शाहपुर पुलिस ने राठौड़ को जिला मुख्यालय कलबुर्गी स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया।सूत्रों ने बताया कि मणिकांत को यादगीर जिले के शाहपुर में एक सरकारी गोदाम से दो करोड़ों रुपये से अधिक मूल्य के 6,077 क्विंटल चावल की चोरी के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है। भाजपा नेता को पुलिस ने पूछताछ के लिए उपस्थित होने के लिए बुलाया था, लेकिन उन्होंने पूछताछ की अनदेखी की, जिसके कारण उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

असम में पुलिसकर्मियों और उग्रवादियों के बीच हुई मुठभेड़, 3 की मौत

सिलचर (असम) : असम के कछार जिले में बुधवार को हुई भीषण मुठभेड़ में कम से कम तीन संदिग्ध उग्रवादी मारे गए और कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। इसकी जानकारी अधिकारियों ने दी। हालांकि पुलिस ने अभी तक इस मामले को लेकर कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की है, लेकिन गुवाहाटी में असम पुलिस मुख्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पीटीआई से पुष्टि की कि मुठभेड़ में तीन उग्रवादी मारे गए हैं।उन्होंने कहा, हमारे कुछ कर्मियों को भी चोटें आई हैं। लेकिन हम चोटों को लेकर अभी कोई जानकारी नहीं दे सकते हैं। हमें अभी तक कछार जिला पुलिस से रिपोर्ट नहीं मिली है।

ओमान का तेल टैंकर समंदर में पलटा, 13 भारतीय समेत 16 लापता

दुबई : ओमान के पास एक तेल टैंकर डूब गया है। इसके चालक दल के 16 सदस्य लापता हैं, जिसमें 13 लोग भारतीय हैं। देश के समुद्री सुरक्षा केंद्र ने तेल टैंकर डूबने की सूचना के एक दिन बाद मंगलवार को कहा है कि अभी तक लापता लोगों का पता नहीं लगा है। ओमानी सेंटर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, प्रेस्टीज फाल्कन के चालक दल में 13 भारतीय नागरिक और तीन श्रीलंकाई शामिल थे। केंद्र ने न्यूज एजेंसी रॉयटर्स को बताया कि जहाज डूबा हुआ है और उल्टा है। इससे यह पुष्टि नहीं हुई कि जहाज स्थिर हो गया था या तेल या तेल उत्पाद समुद्र में लीक हो रहे थे।

केजरीवाल की जमानत पर फैसला सुरक्षित

नई दिल्ली : आबकारी घोटाला मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया.अदालत ने कहा है कि फैसला लिखने में 5-7 दिनों का समय लगेगा. सुनवाई के दौरान केजरीवाल के वकील ने कहा कि पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने भी ईडी मामले में अंतरिम ज़मानत दे दी है. आज वो बाहर होते, अगर सीबीआई इंश्योरेंस अरेस्ट नहीं करती. सीबीआई की तरफ से स्पेशल पब्लिक प्रॉसिक्यूटर डी. पी. सिंह ने अपनी दलील में कहा कि जांच एजेंसी होने के नाते हमारे पास अपने अधिकार है. हमारे पास अपने अधिकार हैं कि किस आरोपी के खिलाफ कब चार्जशीट करनी है और किस आरोपी को किस समय बुलाना है.

रांची का तापमान

अधिकतम 38°
न्युनतम 27°

सीएम ने विधि- व्यवस्था व नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर की उच्च स्तरीय बैठक, दिए अहम निर्देश

राज्य में विधि-व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता : हेमंत

अपराध नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाएं, अपराधियों के खिलाफ हो कड़ी कार्रवाई

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार कई नई कल्याणकारी योजनाएं शुरू करने जा रही है। इसमें 21 से 50 वर्ष तक की महिलाओं को आर्थिक सहायता देने की एक महत्वपूर्ण योजना भी शामिल है।

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में विधि-व्यवस्था,नई कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन, झारखंड आरक्षी एवं झारखंड उत्पाद सिपाही प्रतियोगिता परीक्षा समेत चल रही अन्य नियुक्ति प्रक्रियाओं को लेकर वरीय पदाधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। मुख्यमंत्री ने महत्वपूर्ण विषयों की समीक्षा करते हुए पदाधिकारियों को कई अहम निर्देश दिए।

बैठक में इनकी रही उपस्थिति

इस बैठक में मुख्य सचिव एल.खियांग्ते, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव वंदना दादेल, पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह,एडीजी आरके मलिक,एडीजी सुमन गुप्ता, सचिव मनोज कुमार, आईजी प्रभात कुमार एवं आईजी पंकज कंबोज मौजूद थे।

नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर दिए अहम निर्देश

मुख्यमंत्री ने बैठक में झारखंड आरक्षी प्रतियोगिता परीक्षा-2023 और झारखंड उत्पाद सिपाही प्रतियोगिता परीक्षा-2023 चल रही प्रक्रिया की पूरी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि आरक्षी और उत्पाद सिपाही की नियुक्ति प्रक्रिया जल्द से जल्द पूरी की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन नियुक्तियों में पूरी पारदर्शिता और गोपनीयता बरती जानी चाहिए। इसमें किसी भी तरह की अनियमितता और गड़बड़ी ना हो, इसे इसे सुनिश्चित करें।

यूनिफॉर्म सर्विसेज की नियुक्ति प्रक्रिया में एकरूपता होनी चाहिए

मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस, होमगार्ड, फॉरेस्ट और एक्साइज जैसे यूनिफॉर्म सर्विसेज की नियुक्ति प्रक्रिया में एकरूपता लाने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। उन्होंने कहा कि यूनिफॉर्म सर्विसेज की नियुक्ति प्रक्रिया में गति लाने के लिए यह काफी जरूरी है। इससे युवाओं को भी यूनिफॉर्म सर्विसेज की होनेवाली प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी करने में सहूलियत होगी।

हर हाल में विधि व्यवस्था बनी रहनी चाहिए

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में विधि-व्यवस्था बनाए रखना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। पूरे राज्य में भय मुक्त वातावरण बना रहे, इसके लिए अपराध और अपराधियों पर नियंत्रण के लिए सभी ठोस कदम उठाएं। उन्होंने कहा कि आपराधिक कांडों में शामिल अपराधियों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। अपराध नियंत्रण की दिशा में कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।मुख्यमंत्री ने आगामी पर्व-त्योहारों के दौरान सुरक्षा-व्यवस्था पुख्ता रखने का निर्देश दिया।

नई योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रक्रियाएं पूरी करें

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार कई नई कल्याणकारी योजनाएं शुरू करने जा रही है। इसमें 21 से 50 वर्ष तक की महिलाओं को आर्थिक सहायता देने की एक महत्वपूर्ण योजना भी शामिल है। उन्होंने कहा कि इस योजना को शुरू करने तथा लाभुकों के चयन की सभी प्रक्रियाएं अविलंब पूरी करें, ताकि इस राज्य की महिलाओं को सशक्त करने की दिशा में एक कदम और आगे बढ़ सकें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए मिशन मोड में काम करें।

हटिया विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की विजय संकल्प सभा को शिवराज ने किया संबोधित

बांग्लादेशी घुसपैठियों को संरक्षण दे रही सरकार : शिवराज

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : केंद्रीय कृषि मंत्री और झारखंड भाजपा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार पर जोरदार हमला बोला। रांची के हटिया विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की विजय संकल्प सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस सरकार ने बांग्लादेशी घुसपैठियों को संरक्षण दे रखा है। इस वजह से राज्य की डेमोग्राफी बुरी तरह प्रभावित हुई है। अगर इस विधानसभा चुनाव के बाद यह सरकार फिर आ गई तो यह तय है कि इस राज्य के मूल निवासी आने वाले दिनों में अल्पसंख्यक होकर रह जाएंगे।चौहान ने कहा कि इस राज्य की संस्कृति, परंपराओं और मूल्यों को बचाने के लिए विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत जरूरी है। लोकसभा चुनाव में हमने राज्य की 14 में से 9 सीटें जीतीं और 81 में 50 विधानसभा सीटों पर बढ़त हासिल की। विधानसभा चुनाव में भी हम 'महाविजय' प्राप्त करेंगे। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव का परिणाम साधारण परिणाम नहीं है।

सोरेन सरकार ने एक भी चुनावी वादा पूरा नहीं किया

केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि चुनाव से पहले गठबंधन सरकार ने जनता से सैकड़ों वादे किए थे, लेकिन मिला कुछ नहीं। 5 लाख नौकरियां देने का वादा था, लेकिन नौकरियां केवल होर्डिंग्स में ही मिली। 5 हजार रूपए स्नातक और 7 हजार रूपए स्नातकोत्तर को बेरोजगारी भत्ता देने का वादा था, लेकिन ना नौकरी मिली ना ही बेरोजगारी भत्ता मिला। गरीब बहनों को 2 हजार रूपए घर खर्च देने का वादा था, 5 सालों में उन्हें भी घर खर्च नहीं मिला। महिलाओं को बिना गारंटी, केवल आधार कार्ड पर 50 हजार रूपए का लोन देने का वादा था, लेकिन आज तक किसी भी बहन को लोन नहीं मिल सका। किसानों से किसान बैंक खोलने का वादा किया था, लेकिन कहीं भी किसान बैंक नहीं खुला। उल्टा इन्होंने तो झारखंड की जनता से छीना है।

जब झारखंड में भाजपा की सरकार थी तो 5 एकड़ तक के किसानों को 5 हजार रूपए प्रति एकड़ दिया जाता था, लेकिन सोरेन सरकार ने सत्ता में आते ही किसानों से ये राशि छीन ली। भाजपा सरकार में 50 लाख तक की संपत्ति बहन-बेटी के नाम पर खरीदी जायेगी तो केवल 1 रूपया में रजिस्ट्री हो जाएगी। इन्होंने बहनों से ये भी छीन लिया। सोरेन सरकार ने दिया नहीं बल्कि सब कुछ छीन लिया।

जुलूस निकालने को लेकर तीन अखाड़ा कमेटियों में खूनी संघर्ष, दर्जनों घायल

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : बुधवार को सुबह पांच बजे मुहर्रम के दिन झरिया में जुलूस निकालने को लेकर तीन अखाड़ा कमेटियों में खूनी संघर्ष हो गई। एक घंटे तक दो इलाके में पत्थरों की बरसात हुई, जिसमें दो दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए।जबकि कई लोग आंशिक रूप से चोटिल हुए है। एसएसपी एचपी जनार्दनन के निर्देश पर जिले के सभी थाना क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला गया और अखाड़ा कमेटियों को कहा गया था की जिला प्रशासन के गाइडलाइन के अनुसार शांति और सौहार्द पूर्ण माहौल में ताजिया जुलूस निकाला जाएगा। एसएसपी के निर्देश के बावजूद झरिया पुलिस सोती रही। लोगों का कहना है कि पुलिस रहती और बारी बारी से जुलूस निकाला गया होता और खूनी संघर्ष नही होता। धनबाद में अकसर त्योहार में जुलूस निकालने के दौरान खूनी संघर्ष की घटनाएं होती रहती है। सब कुछ खत्म होने के बाद पुलिस पहुंचती है।तीनों कमेटियों के लोगों को कहा गया कि पांच पांच की संख्या में शाम पांच बजे के बाद ताजिया जुलूस निकालेंगे। जुलूस के आगे पुलिस बल रहेगी। झरिया में आमने सामने जुलूस होते ही बहस होते होते तीन कमेटियों के दल भिड़ गए। चौथाईकुली से ऊपरकुली तक एक से डेढ़ घंटे तक तीन अखाड़ों के लोगों ने तांडव मचाया। पत्थरबाजी में दो दर्जन से अधिक लोगों के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। घायलों में पुरुष के अलावा महिला बच्चे भी शामिल हैं। पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।सिंदरी डीएसपी घटना की खबर पाकर झरिया पहुंचे और पुलिस बल के सहयोग से हिंसा को काबू में किया। पुलिस ने कहा कि काफी मशक्कत के बाद स्थिति को नियंत्रित किया जा सका।

सारंडा में सुरक्षाबलों व नक्सलियों के बीच मुठभेड़

हथियार और विस्फोटक सामान बरामद

सर्च अभियान के दौरान घटनास्थल से हथियार, गोला-बारूद और अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद की गयी है।

प्रभात मंत्र संवाददाता

चाईबासा : पश्चिमी सिंहभूम चाईबासा के छोटानागरा थाना क्षेत्र अन्तर्गत दोलाईगढ़ा गांव के पास जंगली-पहाड़ी क्षेत्र में प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादियों के नक्सलियों और सुरक्षा बलों के बीच बुधवार को मुठभेड़ हुई। इस दौरान सुरक्षा बलों को भारी पड़ता देख नक्सली जंगल और पहाड़ का लाभ उठाते हुए भाग खड़े हुए। सर्च अभियान के दौरान घटनास्थल से हथियार, गोला-बारूद और अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद की गयी है। मुठभेड़ के बाद चले सर्च ऑपरेशन में एक एसएलआर राइफल, तीन मैगजीन, एक राइफल, एक नाइन एमएम पिस्तौल, 303 की एक मैगजीन, 174 पीस एसएलआर की गोली, 34 डेटोनेटर, एक लैपटॉप चार्जर के साथ नक्सल साहित्य, नक्सल लाल बैनर, 17 पीस बैटरी, एक ब्लैक कारतूस पाउच, सात पीस ब्लैक पिट्ठू बैग, एक नक्सल टोपी, दो नक्सल ग्रीन यूनिफॉर्म, एक काला पटका, तीन मोबाइल चार्जर, पांच चार्जिंग केबल, एक डिजिटल मीटर, तीन पॉलिथीन शीट बडा साइज, 12 टॉर्च, चार छाता, एक पोर्टेबल ब्यूटेन गैस सिलेंडर, सरसों तेल के सात पैकेट, जीवनरक्षक दवाएं और अन्य दैनिक उपयोग के सामान बरामद हुए हैं। एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि प्रतिबंधित नक्सली संगठन के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, अनल, असीम मंडल, चमन, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन अपने दस्ता सदस्यों के साथ कोल्हान क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधि के लिए भ्रमणशील है।सूचना के बाद टीम जैसे ही पहुंची तो नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। घटना सुबह 5.50 बजे की है। जवाबी कार्रवाई में सुरक्षाबलों ने भी फायरिंग की।

फायरिंग में खुद को कमजोर पड़ता देख नक्सली जंगल का फायदा उठाकर भाग निकले। सर्च अभियान में भारी मात्रा में हथियार और गोलियां सहित अन्य सामान बरामद किया गया है।

हरियाणा सरकार ने अग्निवीरों को 10 प्रतिशत आरक्षण देने का किया एलान

एजेंसी

नई दिल्ली : हरियाणा सरकार ने अग्निवीरों के लिए बड़ी घोषणा की है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को एलान किया कि अग्निवीरों को प्रदेश में 10 फीसदी आरक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा में अग्निवीरों को प्रदेश में नौकरियों में भर्ती में छूट मिलेगी।उन्होंने कहा कि लगभग दो साल पहले 14 जून 2022 को अग्निवीर योजना लागू की गई थी। इसके तहत चार वर्ष के लिए भारतीय सेना में तैनाती की जाती है। अग्निवीर योजना से स्किल्ड और एक्टिव युवा तैयार होता है।

मुख्यमंत्री ने एलान किया कि अग्निवीरों को पुलिस कांस्टेबल, माइनिंग, गार्ड, जेल गार्ड और एसपीओ की भर्ती में 10 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। ग्रुप सी में तीन वर्ष की आयु में छूट दी जाएगी। ग्रुप बी में पांच प्रतिशत ग्रुप ए में एक प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। अग्निवीर सैनिकों को 500000 तक बिना ब्याज का लोन दिया जाएगा। सरकार अग्निवीर सैनिकों को यातायात दुर्घटना में घायल होने पर मुआवजा देगी। सड़क दुर्घटना में घायलों का पूरा खर्च भी सरकार उठाएगी। इसके लिए हर जिले में कमेटी का गठन किया गया है।

बिहार में फिर तीन लोगों की हत्या

एजेंसी

पटना : दरभंगा में विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख और पूर्व मंत्री मुकेश सहनी के पिता की हत्या के 24 घंटा अंदर अब बिहार में तिहरा हत्याकांड हो गया। भोजपुरी स्टार खेसारी लाल यादव के गांव में अपराधियों ने परिवार के तीन लोगों की हत्या कर दी है। मंगलवार देर रात्रि करीब दो बजे अपराधियों ने पिता और उनकी दो बेटियों को मौत के घाट उतार दिया। इतना ही अपराधियों ने मां को भी गंभीर रूप से घायल कर दिया। अपराधियों ने प्रेम प्रसंग में इस वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। लोगों ने घायल महिला को अस्पताल में भर्ती करवाया है। इधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन में जुट गई।घटना सारण जिले के रसूलपुर थाना क्षेत्र के धनाडीह गांव की। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए फौरन इस मामले में शामिल दो अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है।

असर्फी कैंसर संस्थान
वही तरीका वही इलाज
संभव है कैंसर को हराना, सही समय पर जाँच कराना
PET CT Scan
की सुविधा उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity, Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad - 828105

शहादत को याद कर मनाया गया मोहर्रम का पर्व : जेनरल सदर आमीर

प्रभात मंत्र संवाददाता

चैनपुर(पलामू) : देश ही नहीं दुनियाभर में मुहर्रम पर्व मनाया जा रहा है। चैनपुर बाजार स्थित मोहर्रम इंतजामिया कमिटी जनरल ने किया नवयुवक जनरल को सम्मानित। वहीं मौके पर प्रथम अरुणा शंकर ने कहा कि सत्य न्याय और इंसानियत की लड़ाई का प्रतीक है मोहर्रम का त्यौहार हिंदू मुस्लिम एकता का मिसाल चैनपुर में हमेशा रहा है यहां के लोग आपस में मिलजुल कर चाहे वह मोहर्रम हो या रामनवमी दोनों पक्षों के लोग मिलजुल कर मनाते हैं। यह दर्शाता है कि यह त्यौहार एकता का प्रतीक है। वहीं अरुणा शंकर मोहर्रम के उपलक्ष्य में मोहर्रम इंतजामिया कमेटी जनरल के सम्मान समारोह में शामिल हुई उन्हें सॉल व तलवार देकर सम्मानित किया गया। वहीं इस मौके पर मोहर्रम इंतजामिया कमेटी के जेनरल सदर आमीर अफजल खान ने कहा कि पर्व किसी भी धर्म का हो, सभी आपसी सौहार्द और एकता का ही सन्देश देते हैं। इस दौरान समिति के लोगों ने जनरल कमेटी को सम्मानित किया इधर महावीर नवयुवक दल जनरल के द्वारा मोहर्रम इंतजामिया कमेटी के लोगों को सम्मानित किया गया। वहीं मोहर्रम को लेकर मुस्लिम समुदाय में एक से बढ़कर एक कर्तव्य दिखाएं इस जुलूस में चैनपुर, डुमरी, कंकारी,आदणीय, पठान मोहल्ला, दर्जी मोहल्ला, थाना रोड आदि से समिति के लोगों ने एक से बढ़कर एक ताजिया सिपर का प्रदर्शन किया। मोहर्रम को लेकर महिलाओं में भी खास उत्साह देखा गया बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित हुई एवं शहादत की इस पर्व को मनाया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक प्रत्याशी दिलीप सिंह नामधारी को भी पगड़ी बांधकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में सलामुद्दीन खान, शमशेर खान, मोहम्मद फारूक, अजमल खान, जमालुद्दीन खान, अब्दुल्ला मोहम्मद, फिरोज, अजीम खान, आलम जाफर, लाडले हसन, तौहीद खान, इम्तियाज अंसारी ,अब्दुल हेरा, अबरार खान, डब्लू खान ,बबलू पांडे, अनिल गुप्ता, पूर्व प्रमुख विजय गुप्ता, वार्ड पार्षद पति विनोद कमलापुरी, रामनवमी जनरल के अध्यक्ष चंदेश्वर प्रसाद चंदू, अमित कमलापुरी, बिट्टू कमलापुरी, नितेश कमलापुरी, विकास गुप्ता, आकाश गुप्ता, अरविंद प्रसाद, लालमणि प्रसाद, विनोद प्रसाद, संतोष सोनी आदि सहित को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन फिरोज रंगसाज और शहजाद ने किया। इधर नेउरा चांदो रामगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों में मोहर्रम का त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाया गया। पुलिस की व्यवस्था दुरुस्त देखी गई थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा के नेतृत्व में जुलूस पर नजर रखी गई चारों तरफ पुलिस की तैनाती देखी गई।

हरतुआ : बेहतर ताजिया के लिए रियाज मियां को किया गया सम्मानित

खंजरों तले भी सर न झुका था हुसैन का : शुक्ला

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : हरतुआ गांव के निम मुहल्ला में मातम का त्योहार मोहर्रम पर भव्य जुलूस निकाला गया। जुलूस में मुस्लिम धर्मावलंबी या? हुसैन या अली का नारा बुलंद करते चल रहे थे। जुलूस में हुसैनीयों द्वारा लाठी डंडे और तलवार का एक से बढ़कर एक कर्तब दिखाया जा रहा था। प्रत्येक वर्ष कि तरह इस वर्ष भी निम मुहल्ला के शाने अली नवजवान कमिटि द्वारा पगड़ी पोशी कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जिसमे कमिटि के सभी पदाधिकारियों समेत सभी सदस्यों के साथ साथ अतिथि मुखिया अरविंद शुक्ला, कांग्रेस विंग के प्रोफेशनल कार्डिनेटर सह पूर्व विधायक प्रत्याशी रूद्र शुक्ला, मेदिनीनगर नगर निगम मेयर प्रत्याशी धन्नजय त्रिपाठी, पंसस दीपक गिरी, पुर्व जिला परिषद निर्मला बहन को कमेटी ने पगड़ी पोशी, माला और तलवार से सम्मानित किया। मौके पर रियाजुद्दीन अंसारी व बहिसा बीबी द्वारा बनाए? गए ताजिया का भूरी भूरी प्रसंसा करते हुए प्रखंड मे नंबर 1 का दर्जा देते हुए पुर्व विधायक बिट्टू सिंह द्वारा 5000 रुपया, समाजसेवी रूद्र शुक्ला द्वारा 3100, विधायक प्रत्याशी जितेन्द्र पासवान द्वारा 3000 रूपए, हरतुआ मुखिया अरविंद शुक्ला द्वारा 2500 रूपए, मेदिनीनगर नगर निगम मेयर प्रत्याशी धन्नजय त्रिपाठी द्वारा 2000, जिला परिषद निर्मला बहन द्वारा 1100 रूपए का प्रोत्साहन राशि ईनाम स्वरुप दिया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन एमएसए पब्लिक स्कूल के उप प्राचार्य अफज़ल शफीक और अध्यक्षता नायब सदर जैनुल आबेदीन द्वारा किया गया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रूद्र शुक्ला ने कहा कि इमाम हुसैन अमन चैन और इंसाफ के लिए शहीद हो गए थे उन्होंने? हमेशा अन्याय और अहंकार के विरुद्ध अपनी आवाज़ बुलंद रखें। मुखिया अरविंद शुक्ला ने कहा हजरत इमाम हसन व हुसैन कि सहादत हमे सच्चाई कि राह पर चलने कि सिख देती है। मौके पर समाजसेवी धन्नजय त्रिपाठी ने कहा अधर्म पर धर्म का जीत का प्रतीक है मोहर्रम। समाजसेवी मुस्तकीम मियां ने लोगो से हिंदु मुस्लिम भाईचारगी बनाए रखने की अपील की।

इनकी रही उपस्थिति

मौके पर जुलुस में हाजी खलील मास्टर, वार्ड सदस्य नसीर अंसारी, मुकेश पुरी, हदीस अंसारी, नसीम अंसारी, साजीद अंसारी, कारो गीरी,?अवधेश सिंह, आशीष राम, रामजतन राम, धर्म गिरी, अंगद गिरी, बालमुकुंद गिरी, जाकिर मियां, हाफिज नासिर, बसंत पासी, हाजी खलील मास्टर, जाकीर, मुख्तार अंसारी, विश्वनाथ राम, अफताब अंसारी, अभय गीरी ,अब्दुल मियां, हदीस अंसारी, जाकिर हुसैन, सरोज मियां, जहदुल मियां, अब्बास अंसारी, जसमुदिन अंसारी, सुदीन मियां, मुमताज अंसारी, असगर अंसारी, इदरीस अंसारी, सदीक अंसारी, फीरोज आलम , असफाक अंसारी, बसीर अंसारी, जमाल मियां सहीत हजारों कि संख्या मे गांव के लोग मौजूद थे।

शांति एवं सौहार्दपूर्ण के साथ संपन्न हुआ मोहर्रम का त्यौहार

प्रभात मंत्र संवाददाता

केतार (गढ़वा) : मोहर्रम का त्यौहार प्रखंड के बेलाबार,नावाडीह, केतार,पचाडुमर गाँव मे दो समुदायों के बीच बुधवार को दसवीं पहलाम मनाने के साथ आपसी भाईचारे को कायम रखते हुए शांति सौहार्द पूर्ण संपन्न हुआ। यह मोहर्रम का त्यौहार 7 जुलाई की शाम से शुरुआत होकर 17 जुलाई की शाम संपन्न किया गया। मुस्लिमों की माने तो यह त्यौहार गम का त्यौहार है। इसी माहे मोहर्रम में इमामे हसन हुसैन और उनके घर वालों की ईमान बचाने के एवज में बीमार बुजुर्ग जैनुल आबेदीन को छोड़कर उनके तमाम घरवालों को यजीदीयो के द्वारा सर कलम कर शहीद किया गया था। उसी त्याग, बलिदान एवं शहादत को याद कर ताजिया,शिपड, दुलदुल,इस्लामिया झंडा के साथ या हसन,या हुसैन कह कर मातम मनाया जाता है। उक्त त्यौहार की जुलूस में शांति व्यवस्था कायम रखने में केतार थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी एवं प्रतिनियुक्ति दंडाधिकारी का अहम योगदान रहने की बात बताई गई साथ ही युवा समाजसेवी पंकज सिंह सभी चौकों का भ्रमण कर आर्थिक सहयोग किया इस अवसर पर मुखिया मूंगा साह,मुखिया प्रमोद कुमार का भी योगदान रहा।मौके पर पत्रकार सह बीडीसी प्रतिनिधि इम्तेयाज आलम, सदर शमीम अंसारी, जसमुदिन अंसारी, अलीहुसैन अंसारी, मोजाहिम अंसारी, मुख्तार अंसारी, असीम अंसारी, सहित गांव के काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

मध्य प्रदेश से पलामू पहुंची युवती, प्रेमी के घर के बाहर धरना पर बैठी

प्रभात मंत्र संवाददाता

हुसैनाबाद : अपने प्यार की तलाश में मध्य प्रदेश से एक लड़की पलामू पहुंच गई. इधर, लड़की के आने की जानकारी मिलते ही कथित प्रेमी फरार हो गया. इसके बाद लड़की युवक के घर के बाहर धरना पर बैठ गई.मध्य प्रदेश के इटारसी से अपने कथित प्रेमी को खोजते हुए एक युवती पलामू पहुंच गई. इस दौरान युवती कथित प्रेमी के घर के बाहर घंटों बैठी रही. बाद में पुलिस के हस्तक्षेप के बाद युवती को प्रेमी के घर में रखा गया. इधर, प्रेमिका के घर पहुंचने की जानकारी मिलने के बाद कथित प्रेमी फरार हो गया था. मामला पलामू के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र का है.पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पलामू के देवरी का निवासी युवक सोनू कुमार कुछ वर्ष पहले नौकरी करने बेंगलुरु गया था. बेंगलुरु में ही सोनू की दोस्ती मध्य प्रदेश के इटारसी की रहने वाली एक लड़की के साथ हुई थी. देखते ही देखते दोनों की दोस्ती प्यार में बदल गई, लेकिन लड़की पहले से शादीशुदा थी.कुछ दिनों तक बेंगलुरु में नौकरी करने के बाद सोनू पलामू के देवरी स्थित अपने घर लौट आया था. पिछले हफ्ते सोनू की शादी हुई है. जब इस बात की जानकारी सोनू की प्रेमिका को मिली तो वह सोनू को ढूंढते हुए पलामू के देवरी पहुंच गई.

देवरी में शहीदे कर्बला कॉन्फ्रेंस का अयोजन

हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) : हुसैनाबाद प्रखंड के देवरी कला पंचायत में मुहर्रम इंतजामिया कमेटी के तत्वाधन में मुहर्रम नौ को शहीदे कर्बला कॉन्फ्रेंस का अयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता मुहर्रम इंतजामिया कमेटी के सदर आरजू खान ने की, संचालन देवरी मदरसा के हफीज ने किया, जलसे की शुरुआत कुरआन पाक की तिलावत के साथ किया गया। ईमान हुसैन का नाम कर्बला की क्रांति की याद से जुड़ा है बहदूरी, इंसाफ , मुहब्बत, व। बलिदान पेश कर इस दुनिया के लिऐ जो पैगाम दिया है। जिसे कभी भूलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कर्बला के मैदान में अपने साथियों के साथ सर काटना मंजूर किया पर सर को झुकना पसंद नहीं किया, जलसा में हफीज सलाम अंसारी ने एक से बढ़कर नतिया पेश कर जलसा में समा बांध दिया। मौके पर मुहर्रम इंतजामिया कमेटी के ओर से बसपा के पूर्व प्रत्याशी सह बसपा के वरिष्ठ नेता शेर अली, देवरी ओपी प्रभारी बब्लू कुमार सदर आरजू खान, सरपरस्त इरफान आजाद, बसपा जिला अध्यक्ष अजय भारती, मुखिया मनोज भारती, निजाम खान, जुबैर अहमद , ललन राम, की पगड़ी पोशी की गई, मौके पर अफ़ान मीर, अमान मीर, अफताब ख़ान, शमशेर खान, जहीर ख़ान, असलम ख़ान, पप्पू ख़ान, शेख इमरान, तनवीर आलम ऊर्फ बब्लू, सन्नी अहमद, लाल बाबू, हसमत, रहमत, सरीक अंसारी, जावेद ख़ान, चिंटू मंसूरी समेत कई लोग मौजूद थे।

शहीदान-ए-कर्बला की याद में मोहर्रम संपन्न

मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता) : मोहर्रम पर के मौके पर छह मुहान चौक के पास मुस्लिम समुदाय के लोगों ने शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार को पगड़ी व तलवार देकर सम्मानित किया।वही मोहर्रम पर्व को लेकर पलामू जिला मुख्यालय व आसपास के क्षेत्रों समेत पलामू जिला में बुधवार को पहलाम के साथ मोहर्रम संपन्न हो गया। इस मौके पर फतेह निशान, सिपर, ताजिए का आकर्षक प्रदर्शन के साथ आपसी सदभाव का नजारा पेश किया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने पूरी अकीदत के साथ पारंपरिक ढंग से मोहर्रम जुलूस निकाला। साथ ही यादें शहीदान-ए-कर्बला में फातेहा नजर किए। मर्सिया पढ़ा। शहर के विभिन्न मोहल्लों व आसपास के गांवों के अखाड़ों, ताजियों व सिपर भ्रमण का सिलसिला बुधवार को दिन के करीब 1 बजे से शुरू हुआ। यह दिन भर चला। इसमें हुजूम उमड़ पड़ा। कोयल नदी में मेदिनीनगर शहर व चैनपुर प्रखंड के शाहपुर का अखाड़ा मिलन विशेष आकर्षण का केंद्र बना रहा। ताजिया व अखाड़ों के भ्रमण व प्रदर्शन से मेदिनीनगर शहर पूरी तरह मोहर्रममय हो गया। शहर के कई मुख्य मार्ग व चौराहों पर कई सामाजिक संगठनों ने सबील चलाया। इसके तहत बड़े पैमाने पर शर्बत,पानी, खिचड़ी आदि का वितरण किया गया। मोहर्रम इंतेजामिया कमेटी के जेनरल ,जीशान खान, महासचिव इमामउद्दीन खां, सरपरस्त नूर मुहम्मद उर्फ तुल्लू, हाजी मुश्ताक शाह,नेयाज अहमद रंगसाज, असगर हुसैन, सुरखाब अली,अब्दुल कलाम,नायब खलीफा इसराईल आजाद उर्फ मिटू, चांद अकमल, फैसल खान,साबिर अली, शमशाद राईन, हिकमतयार अली, सद्दाम राईन, शकील राईन,मुनीफ कुरैशी, डब्लू राईन, बंटी अली, जमील अख्तर, शेरू राईन, कर्बला हुसैन कमेटी के खलीफा पिटू राईन फहद फारुक समेत कमेटी के ओहदेदारान व सक्रिय सदस्यों की देखरेख में जुलूस व अन्य व्यवस्था का संचालन किया गया।बुधवार की देर शाम स्थानीय पुलिस लाईन कर्बला में अकीदतमंदों का पहुंचना जारी हो गया। हजारों की संख्या में लोग कर्बला पहुंचकर फातेहा नजर करा रहे हैं। इनमें ज्यादा संख्या महिलाओं की है। उक्त कर्बला क्षेत्र में महिला पुलिस भी तैनात रहीं। मोहर्रम इंतेजामिया कमेटी के जेनरल खलीफा मुस्तफा कमाल समेत उनकी पूरी टीम निगरानी में जुटी रही।

नगर उंटारी पुलिस ने हत्या आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

प्रभात मंत्र संवाददाता

बंशीधर नगर : विगत12 जुलाई को कुम्बा खुर्द के अमर सरई ग्राम में हुई हत्या के आरोपी बिजय उरांव (22वर्ष) को नगर उंटारी पुलिस ने विगत रात्रि सीमावर्ती उत्तर प्रदेश के धरती डोलवा विंढमगंज से गिरफ्तार कर लिया है।उक्त बाते एसडीपीओ सतेंद्र नारायण सिंह ने नगर उंटारी थाने में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कहा। उन्होंने बताया कि इस दौरान उसने अपने चाचा लक्ष्मी उरांव के घर मे घुस कर सोने का मंगलसूत्र,बिछिया और मोबाइल की चोरी की बात को स्वीकार किया है।पुलिस ने आरोपी के पास से मंगलसूत्र, मोबाइल फोन तथा 2100 रुपया बरामद कर लिया है।उन्होंने बताया कि आरोपी पर कांड संख्या 162/24 धारा 103 बीएनएस के अतिरिक्त कांड संख्या 164/24 भी दर्ज कर धारा 331(4), 305बीएनएस के तहत जेल भेजा दिया।छापामारी दल में एसडीपीओ सतेंद्र नारायण सिंह,अंचल निरीक्षक थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक, पु0अ0नि0 जितेंद्र कुमार, संदीप कुमार रवि सहित सशस्त्रबल शामिल थे।

मोहर्रम पर हिंदू मुसलमानों ने दिया पिपरा मे आपसी भाईचारे का परिचय

प्रभात मंत्र संवाददाता

पिपरा : पिपरा प्रखंड के पंचायत सरैया में हिंदू मुसलमानो ने आपसी भाईचारा के साथ धूमधाम से मोहर्रम पर्व मनाया. पंचायत क्षेत्र के समाजसेवी विकास तिवारी तथा अन्य दोनों समुदाय के लोगों ने प्रतिवर्ष की भांति एक साथ मिलजुल कर ताजिया को उठाया. प्रखंड क्षेत्र के कुड़वा तथा ग्राम सरैया के धर्मालंबियों ने आपसी सौहार्द एवं भाईचारा के साथ जुलूस निकालकर पंचायत मुख्यालय एकत्रित हुए थे. जहां समाजसेवी विकास तिवारी ने सभी लोगों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया. पिपरा थानाप्रभारी विमल कुमार के नेतृत्व मे कड़ी सुरक्षा के व्यवस्था का इंतजाम किया गया था. इस प्रखंड में हिंदू मुस्लिम जात-पात का भेदभाव से ऊपर उठकर लोग त्योहार मनाते हैं. पंचायत सरैया ने हमेशा से आपसी भाईचारा का परिचय दिया है. इस मौके पर मुखिया प्रियंका कुमारी एएसआई नकुल कुमार निसार अंसारी केयामुद्दीन अंसारी बदरुद्दीन साई जहीर अंसारी प्रफुल्ल पाठक सीधी सिंह पंकज सिंह दिनेश सिंह जितेंद्र पाठक रंजन सिंह सहित दोनों समुदाय के सैकड़ो लोग जुलूस में सम्मिलित हुए थे।

शाम शोहदा -ए -कर्बला कॉन्फ्रेंस का किया गया आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

बंशीधर नगर : नगर पंचायत क्षेत्र के चेचरिया (बगैयाटड़) स्थित माउंट हीरा ऑर्गेनाइजेशन के तत्वाधान में मंगलवार की शाम शोहदा -ए -कर्बला कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया।मध्य प्रदेश बैढ़न से आये मौलाना गुलाम साबिर ने कहा कि अपने ईमान, इस्लाम धर्म और इंसानियत के लिए जान न्योछावर करने वाले हजरत इमाम हुसैन कयामत तक लोगों के दिलों में याद किये जायेंगे।उन्होंने कहा कि हमे हमेशा हक के रास्ते पर चलना चाहिये और हमे हमेशा इल्म हासिल करते रहना चाहिये। मौलाना एजाज अंजुम ने मुल्क़ मे अमन चैन व तरक्की की दुआ मांगी। कार्यक्रम के अंत में सलातो सलाम पढ़कर समापन किया गया।माउंट हीरा ऑर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष सद्दाम आलम ने कहा कि शोहदा -ए-कर्बला के समापन के बाद लंगर खानी व शरबत पानी का भी आयोजन किया गया।अध्यक्ष सद्दाम आलम के द्वारा आये हुये सभी अतिथियों को माला पहनाकर एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।मौके पर मौलाना एजाज अंजूम, मौलना अमीरुद्दीन साहब, मौलना पैगाम रजा, मौलाना मुख्तार, मौलाना इम्तियाज, मौलाना आबिद हुसैन, सदर तौहीद खान,कलाम खान, हैदर खान, महमूद आलम सीनियर, सेराज खान, उपाध्यक्ष आरिफ खान, झामुमो युवा नेता लाल बाबू खान, तालिब खान, आमिर सुभानी, अमन हीरो, गब्बर सौदागर, गोलू, आशिक, अतीक, सद्दाम, अबूताज शहंशाह, शादाब, अनीश सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में खिलेगा कमल : ज्योतिरेश्वर

प्रभात मंत्र संवाददाता

हुसैनाबाद : मंगलवार को भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ज्योतिश्वर सिंह हुसैनाबाद के हरिहर चौक के समीप पूर्व मुखिया सुनील सिंह के व्यवसायिक प्रतिष्ठान में प्रेस वार्ता किया।प्रेस वार्ता के दौरान श्री सिंह ने कहा कि कुछ लोग भाजपा के साथ गठबंधन के नाम पर अपनी राजनीतिक दुकान चलाना चाहते हैं वैसे लोगो को अब हुसैनाबाद की जनता विदाई कर देगी ।उन्होंने कहा कि हमलोग प्रदेश व राष्ट्रीय नेतृत्व से हर हाल में इस विधानसभा से 1990 के बाद एक बार फिर पूरी एकजुटता के साथ कमल फूल छाप का झंडा लहराने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि मेरा परिवार बड़ा है पार्टी जिसको भी उम्मीदवार बनाये हम सब मिल कर भाजपा को हर हाल में जीत दिलाने का कार्य करेंगे ।भाजपा नेता ने कहा कि हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र कार्यकर्ताओं के बेहतर सामंजस्य से पार्टी काफी मजबूत है।यहां हर हाल में भाजपा चुनाव लड़ेगी।चुनाव कौन लड़ेगा यह तय करना केंद्रीय व प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं का है।उन्होंने आगे कहा की पार्टी में जो लोग केवल चुनाव के मकसद पाले बैठे हैं उन्हें भी ईमानदारी पूर्वक पार्टी हित मे कार्य करने की जरूरत है।श्री सिंह ने कहा कि मैं पार्टी का एक अनुशाषित कार्यकर्ता हु,पार्टी के शिर्ष नेतृत्व द्वारा अगर हुसैनाबाद क्षेत्र का प्रत्याशी बनाया जाता है तो कार्यकर्ताओं और क्षेत्र की जनता के आशीर्वाद से कमल फूल खिलाकर पार्टी को मजबूत करने का कार्य करुंगा। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ताड्डसमेत कई लोग मौजूद थे।

कांटा टोली कुरैशी मुहल्ला से शांतिपूर्ण तरीके से बड़े पैमाने पर निकाला गया मुहर्रम का जुलूस

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची: मुहर्रम के मौके पर लीलू अली अंतर्गत जमीयतुल कुरैश पंचायत मुहर्रम कमेटी कांटा टोली कुरैशी मुहल्ला से मुहर्रम का जुलूस निकाला गया जो अपने तय समय से निकलकर खेल प्रदर्शन करते हुए कांटा टोली चौक, पत्थलकुदवा, आजाद बस्ती होते हुए कर्बला चौक, उर्दू लाईब्रेरी तक पहुंचा और पारंपरिक खेलों का नुमाइश किया। जुलूस अपने क्षेत्र से निकाले जाने के दौरान कांटा टोली टाटा मार्ग युनियन बैंक के पास हर साल की तरह इस साल भी भव्य मंच झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश पंचायत के प्रदेश अध्यक्ष मुजीब कुरैशी द्वारा सभी अखाड़ा धारियों का पगड़ी बांध कर और तलवार देकर भव्य स्वागत किया। इस मौके पर झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश के प्रदेश अध्यक्ष मुजीब कुरैशी द्वारा तमाड़ विधायक विकास सिंह मुंडा, लोअर बाजार थाना प्रभारी दयानंद, खादगढ़ा टीओपी प्रभारी संजीव, झारखंड पुलिस एसोसिएशन के महासचिव मो महताब आलम, एएसआई भीम सिंह, मंटू सिंह,सलीम, ट्रैफिक पुलिस धर्मेंद्र सिंह, लीलू अली अखाड़ा के रांची महानगर सेंट्रल मुहर्रम कमेटी के अध्यक्ष सौलाउद्दीन संजू, मीडिया प्रभारी गुलाम जावेद, जमीयतुल कुरैश पंचायत मुहर्रम कमेटी के खलीफा बब्लू कुरैशी, बारिक, मुस्तफा, जमीयतुल कुरैश पंचायत के अध्यक्ष गुलाम गौस कुरैशी, महासचिव परवेज़ कुरैशी, उपाध्यक्ष अफरोज लड्डन, पूर्व अध्यक्ष फिरोज कुरैशी, कांग्रेस वरीष्ठ नेता राजेश छोटू, नौशाद खान, फिरोज खान खां, अफताब कुरैशी, तैय्यब कुरैशी, जाबिर कुरैशी, साजिद, हाजी मिन्हाज, शमशेर कुरैशी, हाजी अजीम कुरैशी, राजा कल्लू, युनूस कुरैशी, तजमुल कुरैशी, अजमल, मोजाहीद कुरैशी, कमरान, अरशद , छोटे, फैयाज, फैजान, इनाइत, गुलाब, सदाम कुरैशी, आशिक कुरैशी, बशीर कुरैशी, मासूम कुरैशी, यासीन कुरैशी, सैयद कुरैशी, शब्बीर खान, बेलाल खान, मोख्तार खान, मुमताज कुरैशी सभी को पगड़ी बांध कर सम्मानित किया।

खेल का हुआ प्रदर्शन: जाबीर कुरैशी और प्रदेश अध्यक्ष मुजीब कुरैशी, तैय्यब कुरैशी, आशिक,जिसान, सहित सैकड़ों खिलाड़ियों ने तलवार बाजी,लाठी डंडे का खेल का प्रदर्शन कर सबको आश्चर्यचकित कर दिया। झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश के अध्यक्ष मुजीब कुरैशी ने का ऑल इंडिया जमीयतुल कुरैश का सौ साल चल रहा है, इसी के अंतर्गत झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश है जो झारखंड के लगभग सभी जिलों के कुरैश समाज के बीज जमीयतुल कुरैश पंचायत संचालित हो रहा है। इसी के अधीन जमीयतुल कुरैश पंचायत मुहर्रम कमेटी है जो शहर के लीलू अली अखाड़ा के अंतर्गत है । इस क्षेत्र से पिछले 1972 से जमीयतुल कुरैश पंचायत मुहर्रम कमेटी के नाम से निकल रहा है। पूरे कांटाटोली,इदरीश कालोनी, मौलाना आजाद कालोनी, गौस नगर,रजा कालोनी, सुल्तान कालोनी, रिफ्यूजी कालोनी, रमजान कालोनी आदि से भी ढ़ाई सौ साल पुराना है कांटाटोली कुरैशी मुहल्ला । वहीं तमाड़ विधायक विकास सिंह मुंडा ने कहा मुजीब कुरैशी से मेरे पिता और कल्याण मंत्री दिवंगत रमेश सिंह मुंडा पुराना और परिवारिक रिश्ता रहा है, इसलिए मैं इनके परिवार का ही हिस्सा है।

लब्बैक या हुसैन की सदाओं के साथ निकला मातमी जुलूस

कर्बला इंसानियत की दरसागह का नाम है : तहजीबुल हसन

रांची : अलम आया है लेकिन अलबदार नहीं है। या मौला या अब्बास। हुसैन जिंदा है दस्तूर जिंदगी की तरह, शाहिद मरता नहीं आम आदमी की तरह। जिससे रौशन थी मेरी बिनाई, मेरी आंखों का वो सितारा गया। दीन खुदा को आले पयमबर पे नाज़ है, कुरान की आयतों को उसी घर पे नाज़ है। ये तो मजलूम का मातम है कम न होगा, हर घर में होगा हर दिल में होगा, ये तो मजलूम का मातम है कम न होगा। इस तरह के नौहा के साथ शिया समुदाय का मातमी जुलूस निकला। यह जुलूस शिया आलिम दीन हज़रत मौलाना हाजी सैयद तहजीबुल हसन रिजवी की अगुवाई में निकला। बाद नमाज़ जोहर मस्जिद मजलिस जिक्रे शहिदाने कर्बला इमाम हुसैन का आयोजन किया गया। मजलिस में मरसिया खानी अशरफ हुसैन ने किया। मजलिस को संबोधित करते हुए ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड झारखंड के चेयरमैन व मस्जिद जाफरिया के इमाम व खतीब हजरत मौलाना सैयद तहजिबुल हसन रिजवी ने कर्बला के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहां के कर्बला वालों की याद से इंसानियत को जिंदगी मिलती है। कर्बला इंसानियत की दरसागह(स्कूल) का नाम है। आज किसी भी देश में कोई भी धर्म का इंसान हो प्यासे को पानी पिलाना इबादत समझता है। मगर कर्बला में 72 पियासो को रुला रुला कर शाहिद किया गया। मौलाना ने कहा कि कर्बला की जंग दुनिया की पहली दहशतगरदाना जंग थी। जिसमें शहीद होने वालो में 6 माह का बच्चा अली असगर भी था। कर्बला में हजरत इमाम हुसैन ने चंद घंटों में 71 लाशें उठाई। 3 दिन के भूखे प्यासे इमामे हुसैन को सिमर ने शहीद कर दिया। जिसे सुनकर पूरा मजमा रोने लगा। हाय हुसैन, हाय हुसैन की सदा मस्जिद जाफ़रिया में गूंज उठा। मौलाना ने कहा कि रांची की यह खूबसूरती रही है की अहले सुन्नत के सैंकड़ों अखाड़े हमारे मातमी जुलूस को अपने बीच से रास्ता देते हैं। जुलूस जब आगे बढ़ते हुए डेली मार्केट चौक पहुंचा तो वहां हिन्दू मुस्लिम एक साथ मातमी जुलूस का स्वागत किया। इस दौरान जुलूस का संरक्षक अंजुमन जाफरिया के अध्यक्ष डॉक्टर शमीम हैदर, सचिव अशरफ हुसैन, सैयद फ़राज़ अब्बास कर रहे थे। मातमी जुलूस को कामियाब बनाने वालों में सैयद फराज अब्बास, सैयद शारूख हसन रिजवी, हाशिम अली, यावर हुसैन, हैदर अली, नदीम रिजवी, कासिम अली, एस एच फातमी, अशरफ हुसैन, एस जसीम रिज़्वी, डॉ मुबारक अब्बास, अली नवाब, अली हसन फातमी, सैयद फराज अब्बास, इकबाल फातमी, जावेद हैदर समेत सैकड़ों लोग शामिल थे।

संक्षिप्त खबरें

इंसाफ और शांति का पैगाम देता है मोहर्रम शिल्पी नेहा तिर्की

रांची : मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि हमारे समाज में सभी धर्मों का हर एक त्योहार कोई ना कोई ऐसा संदेश देता है जो सभी के लिये बहुत अधिक महत्वपूर्ण है और यदि हम धर्म में बताये हुए मार्ग पर चले तो हम सभी के बीच कहीं, कभी कोई मतभेद पैदा ही नहीं हो सकता। चान्हो प्रखण्ड के सोनचीपी में आयोजित मोहर्रम मेला में बुधवार को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए तिर्की ने कहा कि विशेष रूप से मोहर्रम, इंसाफ और शांति का पैगाम देता है। उन्होंने कहा कि कर्बला के मैदान में जो गाथा लिखी गयी वह अनंत काल तक मानवता का संदेश देती रहेगी।

ओडिशा के राज्यपाल पहुंचे रांची, भाजपा नेताओं ने किया स्वागत

रांची: ओडिशा के राज्यपाल सह झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास बुधवार को भुवनेश्वर से रांची पहुंचे । हटिया रेलवे स्टेशन पर पर भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य संजय कुमार जायसवाल के नेतृत्व में कार्यकर्ता ने उनका स्वागत किया। रघुवर दास दिन भर रांची में रहने के बाद शाम में देवघर के लिए रवाना होंगे। स्वागत करने वाले में ललित नारायण ओझा, उमेश यादव, रोमित नारायण सिंह, शुभम कुमार जायसवाल, तरुण जायसवाल, रिंकू शेख, जॉनी वॉकर खान, डॉ अनिल कुमार, अंकित कुमार सिंह, रिंकू कुमार सिंह, विनय कुमार, अभिजीत कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

झारखंड छात्र परिषद के कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न हुई

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। झारखंड छात्र परिषद के कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न हुई । बैठक में मुख्यरूप से झारखंड छात्र परिषद के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा एवं युवा नेता उपेंद्र रजक उपस्थित थे । बैठक की अध्यक्षता पीयूष आनंद , संचालन राकेश सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन शाहिल कुमार ने किया । बैठक के निर्णय लिया गया कि आगामी 21/07/2024 को शिक्षा एवं रोजगार के विषय को लेकर परिचर्चा का आयोजन किया जाएगा । परिचर्चा में राजधानी राँची के विभिन्न छेत्रो के सैकड़ो छात्र प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे । मिश्रा ने कहा कि परिचर्चा में शिक्षा एवं रोजगार के विषय एवं छात्रों के विभिन्न जनमुद्दों को लेकर परिचर्चा आयोजित की जाएगी । मिश्रा ने बताया कि झारखंड छात्र परिषद द्वारा राजधानी राँची के विभिन्न छेत्रो में छात्रों की समस्याओं के समाधान हेतु चाय पे चर्चा कार्यक्रम का आयोजन 16/07/2024 से 20/07/2024 तक किया जाएगा । कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए परिचर्चा आयोजन समिति का गठन किया गया जो कि इस प्रकार है ~ पीयूष आनंद, प्रवीण उरांव,राकेश सिंह , ज्योति शंकर साहू , साहिल कुमार बैठक में करण नायक , नवनीत पांडेय , राकेश सिंह , नितेश कुमार , निशांत सिंह , सौरव कुमार , रवि प्रकाश , ओम प्रकाश शाह , रोहित शर्मा , रोमन साहू , रितेश साहू सहित दर्जनों पदाधिकारी उपस्थित थे ।

आउटसोर्सिंग कंप्यूटर ऑपरेटर ने अपने-अपने कार्यालय में काला बिल्ला लगाकर किया कार्य

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची । राज्य भर के सभी आउटसोर्सिंग कंप्यूटर ऑपरेटर अपने अपने कार्यालय में काला बिल्ला लगाकर कार्य करते हुए दिखे। पिछले दिनों 14.07.2024 को झारखण्ड राज्य आउटसोर्सिंग कंप्यूटर ऑपरेटर संघ एवं झारखण्ड राज्य अनुसचिवीय कर्मचारी संघ द्वारा अपने विभिन्न मांगों को लेकर सामूहिक रूप से राजभवन के निकट रांची में एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया था। इसी के बाद चरणबद्ध तरीके से आन्दोलन को आगे बढ़ाते हुए दिनांक 16.07.2024 को काला बिल्ला लगाकर कार्य कर अपने मांगों को लेकर सरकार के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए राज्य भर के सभी विभागों/कार्यालयों में कार्यरत आउटसोर्सिंग कंप्यूटर ऑपरेटरों ने पुरे जोश के साथ भाग लिया।

राशन वितरण में गड़बड़ी करने वाले पीडीएस डीलर पर कार्रवाई हो : आयुक्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। आयुक्त, दक्षिणी छोटानागपुर, प्रमण्डल, रांची अंजनी कुमार मिश्र ने जिला आपूर्ति कार्यालय/अनुभाजन कार्यालय, रांची का आज निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप भगत एवं विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी मोनी कुमारी से विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के हकीकत की जानकारी ली। आयुक्त ने अधिकारियों से कहा कि चना दाल वितरण योजना, सोना सोबरन धोती-साड़ी वितरण योजना, मुख्यमंत्री दाल-भात जैसी योजनाओं का लाभ लाभुकों को हर हाल में देना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी दाल भात केंद्रों को व्यवस्थित करने का भी निर्देश दिया, ताकि यहां गरीबों को बेहतर तरीके से भोजन करने की सुविधा मिल सके।

आयुक्त ने कहा कि वैसे लोग जो राशन कार्ड प्राप्त करने के पात्र नहीं है उनका राशन कार्ड को निरस्त करने की कार्रवाई सुनिश्चित करें। इसके अलावा जो योग्य लोग पात्र हैं उनका राशन कार्ड की जारी करने की पहल हो। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति गलत तरीके से राशन कार्ड का इस्तेमाल कर अनाज का उठाव कर रहा है उसके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।

प्रमंडलीय आयुक्त ने अधिकारियों से कहा कि राशन कार्ड धारी को समय पर अनाज मिलना चाहिए। इसमें विलंब और कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने जिला आपूर्ति पदाधिकारी और अनुभजन पदाधिकारी को कहा कि सभी पीडीएस डीलरों द्वारा इसका पालन सुनिश्चित कराएं। आयुक्त ने कहा कि सोना सोबरन धोती-साड़ी योजना के तहत सभी राशनकार्डधारियों को धोती/ लुंगी और साड़ी का वितरण हर हाल में हो। कोई भी लाभुक इस योजना के लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने पब्लिक ग्रिभान्स सिस्टम मे दर्ज सभी शिकायतों का निस्तारण जल्द से जल्द करने का भी निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त के सचिव जुल्फिकार अली, क्षेत्रीय विकास पदाधिकारी गौतम कुमार भगत, सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

क्रिप्टोकरेंसी में इंवेस्ट करने के नाम पर एक व्यक्ति को ठगी के आरोप में किया गया गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। अपराध अनुसंधान विभाग झारखंड ने क्रिप्टोकरेंसी में इंवेस्ट करने के नाम पर एक व्यक्ति को ठगी के आरोप में गिरफ्तार किया है। दिल्ली का रहने वाला है। झारखंड में अबतक 200 लोगों से लगभग 5 करोड़ रुपए की ठगी कर चुका है। शिकायतकर्ता के अनुसार पहले गोल्ड बांड के माध्यम से आरोपी शशि शंकर कुमार उर्फ विक्की ने लाभ दिलाया। जिससे उन्हें विश्वास हो गया। इसके बाद शशि और उसके एक मित्र अमित जायसवाल

ने क्रिप्टोकरेंसी में निवेश कर अधिक पैसे कमाने को कहा। प्रलोभन में आकर उसने ORO-PAY के आधिकारिक वेबसाईट www.oropay.io के माध्यम से भ्रमित करते हुए बताया कि इसमें क्रिप्टो करेंसी के माध्यम से मुनाफा अधिक कमाया जा सकता है. कुछ लोगों को 300 परसेंट तक मुनाफा भी दिलाया गया.

जिससे लोग झांसे में आ गए और अधिक से अधिक मात्रा में निवेश करने लगे। आरोपी शशि शंकर कुमार उर्फ विक्की, अमित जायसवाल एवं अन्य सहयोगी ने झारखण्ड के कई शहरों रांची, बोकारो, जमशेदपुर एवं अन्य जगहों पर OROPAY कम्पनी से संबंधित कई कार्यक्रम किए. लोगों को मुफ्त में भोजन, जलपान की उत्तम व्यवस्था देते हुए अपने प्रभाव को स्थापित करने हेतु भारतीय मुद्रा के फर्जी नोटो की गड्डियों को फाड़ कर संदेश देने का प्रयास किया कि ये भूतकाल की मुद्राये बन कर रह गयी है।

झारखंड में भाजपा के साथ तीन तिगाड़ा काम बिगाड़ा वाली कहावत चरितार्थ होगी: कांग्रेस

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता सोनाल शांति ने भाजपा नेता हिमंता विस्वा सरमा, शिवराज सिंह चौहान और लक्ष्मीकांत वाजपेयी को उनके केंद्रीय नेतृत्व ने डूब रही भाजपा की नैया को पर लगाने के लिए भेजा था,लेकिन यह पूरी तरह से झारखंड में भाजपा को डूबो देंगे। झारखंड में भाजपा के साथ तीन तिगाड़ा काम बिगाड़ा वाली कहावत चरितार्थ होगी। उन्होंने कहा कि जिस तरह से यह पूरे झारखंड में घूम-घूम कर जनता के बीच धर्मांधता का बीज बोने की कोशिश कर रहे हैं उसे जनता परिचित है और उनकी कोई कुटील चाल यहां सफल नहीं होने वाली है। शांति ने बुधवार को कांग्रेस भवन में कहा कि देश में एक दशक से भी ज्यादा समय से आम जनगणना नहीं हुई लेकिन फर्जी आंकड़ों के सहारे आदिवासी- मुस्लिम के बीच तनाव पैदा करने के लिए संथाल परगना के डेमोग्राफी में बदलाव की बात करते हैं। हिमंता विस्वा सरमा को बताना चाहिए कि इस मामले में उन्होंने असम में क्या किया है। उन्हें देश के गृह मंत्री से पूछना चाहिए कि देश की सीमाएं अगर सुरक्षित है तो घुसपैठ कैसे हो रही है। बाढ़ से जूझ रही असम की जनता को राहत पहुंचाने की बजाय झारखंड में आग लगाने की कोशिश बंद करें। लोकसभा चुनाव में हिंदू-मुस्लिम के बीच नफरती माहौल बनाने में भाजपा नाकाम रही थी और अपनी आदत के अनुसार झारखंड में धार्मिक तनाव बनाने का प्रयास कर रही हैं।

राजद अनुशासन समिति की बैठक 19 जुलाई को

रांची : राजद अनुशासन समिति की आवश्यक बैठक प्रदेश कार्यालय में 19 जुलाई को होगी। इस संबंध में प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने बुधवार को बताया कि बैठक की अध्यक्षता अनुशासन समिति के अध्यक्ष गोड्डा के पूर्व विधायक एवं पार्टी के प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव करेंगे । बैठक में अनुशासन समिति के सभी सदस्य मौजूद रहेंगे।

भगवान जगन्नाथ,भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा अपने मूल निवास में वापस लौटे

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दूबे, समाजसेवी भानू प्रताप सिंह, संजीत यादव, भरत तिवारी, अभिषेक साहू, राजेश शाहदेव, सुधांशु शाहदेव, जगन्नाथ साहू, मेंहुल दूबे समेत अन्य लोग भगवान जगन्नाथ प्रभू की घुरती रथ यात्रा महोत्सव में शामिल हुए। विष्णु सहस्त्रनाम का एक हजार एक मंत्रोच्चार किया, तत्पश्चात भगवान की आरती की। भगवान को भोग लगाया एवं भक्त जनों के बीच वितरित किया। इस मौके पर आलोक कुमार दूबे ने संवाददाताओं से कहा कि

आज का दिन बहुत विशेष है वस्तुतः आज का दिन का विशेष महत्व इसलिए है क्योंकि रथ यात्रा पर्व की शुरुआत आज से नौ दिन पूर्व हुई थी; आज से नौ दिन पूर्व भगवान जगन्नाथ अपनी बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र के साथ मौसी बाड़ी गए थे और आज नौ दिनों तक मौसी के घर में रहने के बाद भगवान जगन्नाथ अपने भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ अपनी मूल निवास वापस आए और इसी के क्रम में वापसी के लिए रथ यात्रा आज आयोजित की गई। आलोक कुमार दूबे ने पूजा अर्चना के उपरान्त जगन्नाथ स्वामी से राज्य में खुशहाली,अमन, तरक्की एवं अच्छी बारिश की कामना की। पूजा अर्चना के उपरान्त फूलों के रथ पर विराजमान प्रभू जगन्नाथ, भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा के साथ मौसी घर से मंदिर के लिए रवाना हुए।हजारों श्रद्धालुओं के साथ आलोक दूबे, भानू प्रताप सिंह,भरत तिवारी, संजीत यादव, राजेश शाहदेव ने रस्सी खींचा और पुण्य अर्जित किया।

सेवा कार्यों के विस्तार का संकल्प लें कार्यकर्ता: मिलिंद परांडे

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय संगठन महामंत्री मिलिंद परांडे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय बैठक में भाग लेने के पश्चात मुंबई वापस लौटने के क्रम में रांची के एयरपोर्ट रोड स्थित ग्रीन एकर्स में विहिप के रांची विभाग अंतर्गत प्रांत एवं जिला के पदाधिकारियों को संबोधित किए । परांडे ने कहां कि स्थापना के 60 वर्ष की पूर्णता पर संगठन को उस स्वरूप में पहुंचना है जिसका लक्ष्य कार्यकर्ताओं ने लिया है। इन 60 वर्षों में विश्व के 33 देशों में विश्व हिंदू परिषद ने अपना संगठन खड़ा किया है। समाज के हर वर्ग को जोड़ते हुए संपूर्ण हिंदू समाज का यह संगठन है इस भाव को जागृत करना यह उद्देश्य है। गांव गांव में सेवा कार्यों के विस्तार का संकल्प लेकर कार्यकर्ता हिंदू समाज को जोड़ने का कार्य करें। विश्व हिंदू परिषद की स्थापना दिवस पर हिंदू समाज के हर वर्ग को जोड़ते हुए देश के 9000 प्रखंडों में भव्य कार्यक्रम करने की योजना है। झारखंड में भी सभी जिलों के सभी प्रखंड में विश्व हिंदू परिषद स्थापना दिवस पर बड़े कार्यक्रम करने की तैयारी में परिषद

के कार्यकर्ता योजना पूर्वक लगें।बैठक में मुख्य रूप से क्षेत्र मंत्री वीरेंद्र विमल ,प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत, प्रांत उपाध्यक्ष गंगा प्रसाद यादव , सुनील गुप्ता, रेखा जैन, प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र, प्रांत सहमंत्री रंगनाथ महतो ,प्रांत धर्माचार्य संपर्क का प्रमुख युगल किशोर प्रसाद ,प्रांत सामाजिक समरसता प्रमुख कृष्ण कुमार झा ,प्रांत मातृशक्ति प्रमुख दीपारानी कुंज ,प्रांत विशेष संपर्क सह प्रमुख प्रिंस अजमानी,प्रांत मंदिर अर्चक सहप्रमुख मनोज पांडे, कमल अग्रवाल, रेणु अग्रवाल, रवि शंकर राय, श्री पारसनाथ मिश्र, नागेंद्र शुक्ला, लोकनाथ शाहदेव, अजीत सिंह, विनोद जायसवाल , प्रकाश जायसवाल, एमपी सिंह, मनोज चंद्रा, राजीव झा, बहादुर सिंह, सुमन सिंह, फूल कुमारी, राखी सिंह, रिंकी तिवारी सहित अन्य उपस्थित थे।

सीसीएल में कम्प्यूटर जागरुकता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। सीसीएल के मानव संसाधन विभाग द्वारा कम्प्यूटर जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र ने अपने संबोधन में कार्यालयीन कार्यों में कम्प्यूटर के व्यावहारिक अनुप्रयोगों को रेखांकित करते हुए कम्प्यूटर सीखने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने प्रतिभागियों को अधिकतम ज्ञान अर्जित करने के लिए प्रेरित करते हुए कम्प्यूटर ज्ञान के भावी लाभों से उन्हें रूबरू कराया। मिश्र ने प्रशिक्षुओं को सभी सत्रों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित करते हुए उन्हें अधिकतम ज्ञानार्जन के लिए प्रोत्साहित किया। अवसर विशेष पर महाप्रबंधक मानव संसाधन विकास विभाग, रमाकांत पांडे, विभागाध्यक्ष (का. एवं औ.सं.), नवनीत कुमार, विभागाध्यक्ष (कर्मचारी स्था.), पी.के. सिन्हा तथा विभागाध्यक्ष (श्रमशक्ति), कविता गुप्ता भी उपस्थित रहे।महाप्रबंधक (मानव संसाधन), आरके पांडे ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए ईमानदारी और कड़ी मेहनत के महत्व पर जोर दिया। नियमित प्रयास, अभ्यास और समर्पण पर बल देते हुए उन्होंने प्रतिभागियों को कम्फर्ट जोन से बचने को कहा जो उनके विकास में बाधक सिद्ध हो सकते हैं। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्राथमिक उद्देश्य नए भर्ती किए गए कैट-द्ध कर्मचारियों का आवश्यक कंप्यूटर कौशल का विकास करना था।

सजदे मे सर कटा दिया प्यारे हुसैन ने..... पिपरवार मे तिरंगे के साथ निकाला गया मुहर्रम का मातमी और तजिया जुलूस

प्रभात मंत्र संवाददाता

पिपरवार : सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाको मे मुहर्रम का त्योहार आपसी भाईचारगी व सादगी के साथ मनाया गया।इस मौके पर कोयलांचल के कई इलाको मे मुहर्रम का ताजिया और मातमी जुलूश निकाला गया।कोयलांचल के राय मदरसा से बुधवार की दोपहर तिंरगे के साथ ताजिया जुलुश निकाला गया,जो पुरे क्षेत्र का भ्रमण किया।जुलुश राय बाजार होते हुए

पुरानीराय पहुंचा,जहां राय और पुरानीराय अखाड़ा का मिलान हुआ।जुलूस में शामिल सभी लोगों ने हजरत ईमाम हुसैन की याद मे मातम मनाया।इलाके का भ्रमण करने के बाद जुलुश राय बाजार पहुंचा,जहां खेल प्रतियोगिता का आगाज किया गया।जिसके बाद एक से बढ़कर एक हैरतअंगेज खेल का करतब दिखाया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओ ने कहा कि ईमाम हुसैन अत्याचार के खिलाफ आवाज उठा कर इंसानियत का पैगाम दिया है,उनके शहादत को कभी भी भुलाया नही जा सकता है।आज उनके दिखाये मार्ग पर चलने की जरूरत है।इस मौके पर जुलफीकार अली,मुमताज अहमद,राजु खान,साबिर अंसारी,राजा खान, शहनावाज आलम, सादिक अंसारी,सोएब आलम,गुडडु अंसारी,पप्पू खान,अब्दाल अंसारी,महताब आलम, नासिर अंसारी,आमिर खान, सहित कई लोग मौजुद थे।इधर पिपरवार क्षेत्र के न्युमंगरदाहा और कल्याणपूर मे भी मुहर्रम का मातमी जुलूश निकाला गया।जुलूश मे शामिल लोगो ने इमाम हुसैन के नारे लगाये।

पिपरवार के न्युमंगरदाहा मे निकाला गया मुहर्रम जुलूस

प्रभात मंत्र संवाददाता

पिपरवार : सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के न्युमंगरदाहा गांव मे मुहर्रम का मातमी जुलूश निकाला गया।जुलूश मे शामिल लोगो ने इमाम हुसैन के नारे लगाये।तिरंगे के साथ निकाले गए यह जुलूस पूरे गांव का भ्रमण किया।इस दौरान या अली या हुसैन के नारो के साथ पुरा इलाका गुंज उठा।पूरे गांव का भ्रमण करने के बाद जुलूस इमामबाड़ा पहुंचा,जहां अस्त्र-शस्त्र खेल प्रदर्शन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पिपरवार थाना के पुलिस अवर निरीक्षक अभिमन्यु कुमार मौजूद थे। मुहर्रम समिति के अध्यक्ष इस्लाम अंसारी ने अतिथियों

का स्वागत किया,जिसके बाद अतिथियों ने लाठी खेल कर कार्यक्रम की शुरुआत की।इस दौरान एक से बढ़कर एक हैरतअंगेज खेल का करतब दिखाया गया,जिसे उपस्थित लोगों ने खूब पसंद किया।इस मौके पर इस्लाम अंसारी,मोली अंसारी,असगर अंसारी,समसुदीन अंसारी, उस्मान अंसारी,बदरूदीन अंसारी,हैदर अली,आशिक अली,हदीस अली,एजाजुल हक,मुस्लिम अंसारी,सफीक अंसारी,जियाउल अंसारी, रजी अहमद,जावेद इस्लाम, साहिल अंसारी,सलमान अंसारी सहित कई लोग मौजुद थे।

मोहर्रम पर्व को लेकर कोलेबिरा में निकाली गई जुलूस

प्रभात मंत्र संवाददाता

कोलेबिरा : प्रखंड के कोलेबिरा में मोहर्रम पर्व के मौके पर नौजवान इस्लामिया मोहर्रम कमेटी बोम्बोटोली की ओर से जुलूस का आयोजन किया गया कार्यक्रम में झापा युवा नेता सन्देश एक्का शामिल हुए जहां पर नौजवान इस्लामिया मोहर्रम कमेटी की ओर से उनका स्वागत किया गया।इस दौरान मातमी जुलूस का आयोजन किया गया जहां पर हजारों की संख्या में लोग उपस्थित हुए। लोगों को संबोधित करते हुए युवा नेता ने कहा की हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में मातम का पर्व

मुहर्रम मनाया जाता है।61 वीं हिज़री तारीख-ए-इस्लाम में कर्बला की जंग हुई थी. इस जंग में इंसान के लिए और जुर्म के खिलाफ लड़ाई लड़ी गई। इस जंग में पैगंबर मोहम्मद के नवासे इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों को शहीद कर दिया गया था। किसी भी मजहब किसी भी समुदाय और किसी भी संगठन आज हमे सभी लोगों को संगठित एकता और भाईचारे के साथ रहने का सीख देता है, हमें सभी लोगों को हिंदू मुस्लिम सिख इसाई भाई-भाई के नारे के साथ रहने की आवश्यकता है जिससे कि समाज में भाईचारा बढ़े। उन्होंने सभी लोगों से आगे आकर समाज के कुरीतियों को दूर करने एवं समाज के उत्थान में सहयोग की अपील की इस दौरान नोवेल हेरेंज ,धानेश बड़ईक ,रसाल खलखों ,मुकूट गुड़िया,एसरिन्ती गुड़िया नारायण साहू वही समिति के अध्यक्ष - जामिर खान उपाध्यक्ष- सालिम खान सेख असलम ,सेख मलिक सेख इनस्यग ,सेख आलिम,सेख इस्लम,सेख इस्लम,सेख हंसन आदि उपस्थित थे।

क्षेत्र की समस्याओं पर जनप्रतिनिधियों को ध्यान नही : एनोस

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमडेगा : सिमडेगा सदर प्रखंड अंतर्गत बीरु बिरकेरा गांव में बुधवार को झारखंड पार्टी की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर झापा केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का ,झापा नेत्री आइरिन एक्का शामिल हुए जहां पर ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान ग्रामीणों ने बिजली पानी सड़क सहित मूलभूत समस्याओं को लेकर प्रमुखता से बातें रखी और कहा कि क्षेत्र के जनप्रतिनिधि चुनाव के समय आते हैं, लेकिन समस्या दूर करने के समय गांव की समस्या को कोई नहीं देखते। मौके पर पूर्व मंत्री ने कहा की

समस्या क्षेत्र में लगातार सुनने को मिल रहा है लेकिन इस मामले में यहां के जनप्रतिनिधि गंभीर नहीं है।उन्होंने कहा कि जनता के द्वारा चुनने के बाद अगर वे लोगों का काम नहीं हो रहा है तो कहीं ना कहीं यह सरकार लापरवाह है लूट और भ्रष्टाचार में लिप्त है ,ऐसी सरकार को आने वाले दिनों में उखाड़ फेंकना है ।इसके लिए झारखंड पार्टी को आप सभी आगामी विधानसभा चुनाव में सहयोग करें जिससे कि आपकी समस्या पूर्व की भांति दूर किया जाएगा। झापा नेत्री आइरिन एक्का ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आदिवासी राज्य के मुख्यमंत्री होने के बावजूद इस क्षेत्र के आदिवासी बहन बेटियों के साथ लगातार शोषण जारी है इस मामले में किसी प्रकार से कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहे हैं आए दिन बेटियों के साथ दुर्व्यवहार के मामले सामने आ रहे हैं ,उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में झारखंड पार्टी क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेगी और इन सभी समस्याओं को दूर करने का काम करेगी। उन्होंने सभी महिलाओं को झारखंड पार्टी से जुड़कर आगे आने का आवाहन किया। इस मौके पर सलाहकार अभय विश्वकर्मा सहित सैकड़ो की संख्या में गांव के ग्रामीण उपस्थित थे।

पिपरवार के कल्याणपूर मे दो कोल वाहनो के बीच हुई टक्कर, चालक घायल

पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता) :पिपरवार-टंडवा मुख्य मार्ग पर कोल वाहनो का तेज रफ्तार जारी है।बुधवार की अहले सुबह कल्याणपुर महादेव नाला के समीप दो कोल वाहनों के बीच जोरदार टक्कर हो गई।बताया गया कि टक्कर इतना जोरदार था कि इसकी आवाज काफी दुर तक गई और दोनों कोल वाहनो के अगले हिस्सा की परखच्चा उड़ गया।इस घटना मे दोनो वाहनो के चालक वाहन मे ही फंस गया,जिसे स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकाल कर अस्पताल पहुंचाया गया।इस घटना मे दोनो वाहनो के चालक बुरी तरह से घायल है।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह पांच बजे पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपुर महादेव गड़ा पुल के पास टंडवा से पिपरवार के सीएचपी तक कोयला ढुलाई कार्य मे लगे हाईवा डम्पर जेएच02बीएच-8671 और जेएच16एफ-1713 के बीच जोरदार टक्कर हो गई जोरदार टक्कर से दोनो कोल वाहनो का केबिन क्षतिग्रस्त हो गया।जिससे दोनो वाहनों के चालक केबिन में ही फंस गया,जिसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से दोनो कोल वाहन के चालक को निकाला गया।जिसमे एक कोल वाहन के चालक का दाहिना पैर टूट गया।स्थानीय ग्रामीणों की मदद से दोनों घायलों को टण्डवा स्वास्थ्य केन्द्र भेजा गया।बताया गया कि एक कोल वाहन टंडवा के आम्रपाली से कोयला लेकर पिपरवार के सीएचपी कोल वाशरी आ रहा था,वही दूसरा कोल वाहन पिपरवार से कोयला अनलोड कर टण्डवा की ओर जा रहा था,इसी बीच दोनो वाहनो मे टक्कर हो गई।इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद टण्डवा पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली और आगे की कारवाई शुरु कर दी है।घटना के संबंध में स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि पिपरवार-टंडवा मुख्य मार्ग पर इन दोनों कोल वाहनों का परिचालन काफी तेज रफ्तार से हो रहा है, जिसके कारण आए दिन यहां दुर्घटना होती रहती है।कोल वाहनों के परिचालन से ग्रामीणों में भी डर का माहौल बना हुआ है।

केनरा रोबेको ने बैलेंस्ड एडवांटेज फंड लॉन्च किया

रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता): भारत के दूसरे सबसे पुराने एसेट मैनेजर, केनरा रोबेको म्यूचुअल फंड ने अपने केनरा रोबेको बैलेंस्ड एडवांटेज फंड के लॉन्च की घोषणा की, जो एक ओपन-एंडेड डायनेमिक एसेट एलोकेशन फंड है जिसका उद्देश्य जोखिमों को कम करते हुए बाजार लाभ को अनुकूलित करना है। नया फंड ऑफर 12 जुलाई से 26 जुलाई, 2024 तक खुला रहेगा।यह फंड, जो इक्विटी कराधान से लाभ उठाने के लिए कम से कम 65त्न इक्विटी को आवंटित करेगा, बाजार की अस्थिरता से बचने के लिए डेट और मनी मार्केट इंस्ट्रूमेंट्स में भी निवेश करता है। सीईओ रजनीश नरूला ने लंबी अवधि के पूंजी मूल्यांकन और आय सृजन को लक्षित करते हुए इक्विटी और डेट में एक्सपोजर को गतिशील रूप से समायोजित करने के फंड के उद्देश्य पर प्रकाश डाला।एसेट एलोकेशन एक मालिकाना तीन-कारक मॉडल द्वारा निर्देशित होता है, जो विभिन्न बाजार स्थितियों को नेविगेट करने के लिए ट्रेलिंग पी/बी, इक्विटी रिस्क प्रीमियम और फॉरवर्ड पी/ई का उपयोग करता है।

एक्सएटी 2025 के लिए पंजीकरण शुरू

रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता): भारत की एमबीए प्रवेश परीक्षा, जेवियर एप्टीट्यूड टेस्ट (एक्सएटी) ने आधिकारिक तौर पर अपने 2025 संस्करण के लिए पंजीकरण शुरू कर दिया है, जो 15 जुलाई, 2024 से शुरू होगा। यह महत्वपूर्ण परीक्षा महत्वाकांक्षी व्यक्तियों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जो शीर्ष-स्तरीय प्रबंधन संस्थानों में प्रवेश पाने का लक्ष्य रखते हैं, जो उन्हें गतिशील कॉर्पोरेट दुनिया में सफलता की ओर ले जाता है।2024 के संस्करण में 135,000 पंजीकरणों के साथ अभूतपूर्व उछाल देखा गया, जो एमबीए उम्मीदवारों के बीच पसंदीदा विकल्प के रूप में एक्सएटी की स्थिति को रेखांकित करता है। योग्यता, तार्किक तर्क, भाषा प्रवीणता और निर्णय लेने के कौशल के अपने कठोर मूल्यांकन के लिए प्रसिद्ध, एक्सएटी प्रबंधन में संभावित भावी नेताओं का आकलन करने में एक उच्च मानक स्थापित करता है।

आईआरबी-थ्री के पिपरवार कैंप के पास मिला विशाल अजगर, देखने के लिए उमड़ी लोगों की भीड़

पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता): इंडिया रिजर्व बटालियन आईआरबी-थ्री के पिपरवार कैंप के बाहर मंगलवार की शाम एक विशाल अजगर को देखा गया।यह विशाल अजगर कैम्प परिसर के बाहर सड़क पर था,जिसके बाद वहां से गुजर रहे लोगो की नजर अजगर पर पड़ी।जिसके बाद देखते ही देखते वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई।अजगर की लम्बाई लगभग 15 फीट से अधिक बताया गया हैं।इस दौरान वहां मौजुद लोग अपने-अपने मोबाईल से अजगर की फोटो ले रहा था।करीब एक घंटे तक विशाल अजगर लोगो के बीच आकर्षण का केन्द्र बना रहा।जिसके बाद कुछ लोगो ने कैम्प के सामने वाले जंगल मे अजगर को छोड़ दिया।इस संबंध मे वहां मौजुद लोगो ने बताया कि बारिश के कारण अजगर सांप पास के जंगल से सड़क पर आ गया होगा, जिसे सुरक्षित जंगल की तरफ भगाया गया।लोगो ने बताया कि कोयलांचल में हो रही बारिश के बावजुद उमस भरी गर्मी से सभी परेशान है।

मजलिस ए ओलेमा झारखण्ड की हेसल में हुई बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

अनगड़ा : बुधवार जमा मस्जिद हेसल मे मजलिस ए ओलेमा झारखण्ड की एक अहम बैठक मौलाना साबिर हुसैन मोहनपुरी की सदारत मे रखी गई।जिसमे इस्लाहे मुआशरा झारखंड में मोब लिंचिंग की बढ़ती घटनाए, आज कल के लड़के नशाखोरी की ओर बढ़ते कदम,लड़कियों के गार्जियन के द्वारा अत्यधिक छुट देने पर चर्चा व तमाम ओलेमा ए कराम के इत्तफाके राय से ये तय हुआ के प्रखंड अंजुमन के ज़िमेदारो से मिल कर समाज मे फैल रहे बुराई को ख़त्म करने की कोशिस की

जाय।अनगड़ा और ओरमांझी प्रखंड के मजलिस् ए ओलेमा जिम्मेदार भी तय किए गये सदार मुफ़्ती अबू ओबेदा, सेक्रेटरी मौलाना अबुल कलाम मजहरी,खजांची अबू तालिब जिसमें खास तौर से शामिल हुए साबिर हुसैन मोहनपुरी,मुफ़्ती तल्हा नदवी,मूफ्ती अबू ओबेदा,कारी असरफ,मंसूर मजाहिरी, सामियूल हक़, मांसफ के अलावा और भी दीगर हजरत मौलाना,हाफिज तसरीफ लाए।बैठक को कामयाब बनाने मे हेसल अंजुमन कमेटी, मौलाना अबुल कल्लाम एंव मौलाना सुफियान का अहम योगदान रहा ।

पिपरवार के बिलारी मे ग्रामीणों ने बन्द कराया फ्लाई ऐस एंव कोयला ढुलाई का काम

प्रभात मंत्र संवाददाता

पिपरवार : सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बिलारी के ग्रामीणों ने बुधवार को एनटीपीसी टंडवा से हो रहे फलाई ऐस एंव केरेडारी से पिपरवार तक हो रही कोयला ढुलाई के काम को बंद करा दिया है।छाय-राख एंव कोयला ढुलाई कार्य को बंद कराए जाने के बाद उक्त मार्ग पर वाहनों की लंबी कतार लग गई।इस संबंध में गांव के ग्रामीणों ने बताया कि टंडवा एनटीपीसी से बड़े-बड़े वाहनों में फ्लाई ऐस और केरेडारी से कोयला ढुलाई का काम पिपरवार के बिलारी मुख्य मार्ग से हो रही है,जिसके कारण प्रदूषण से स्थानीय ग्रामीण काफी परेशान है।साथ ही दुर्घटना की आंशका बनी रहती है।छाय एंव राख की ढुलाई के दौरान वाहनो से सड़को पर धुल गर्द जमा हो रहा है,जिससे स्थानीय ग्रामीणों के अलावा राहगीरों को आवागमन करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।सड़क पर गिर रहे धूल गर्द से उत्पन्न हो रहे प्रदूषण ग्रामीणों के घरों तक प्रवेश कर रहा है,वही खेती बारी पर भी धुल गर्द जमा होने से परेशानी हो रही है।जिसके कारण ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है। वही घनी आबादी वाले क्षेत्र से छाय एंव कोयला ढुलाई कर रहे वाहनों की रफ्तार काफी तेज गति से हो रही है इसके कारण घटना की भी आशंका बनी रहती है।ग्रामीणो ने कहा कि पहले कोयला ढुलाई और अब फ्लाई एस की धुलाई होने से ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। इससे आक्रोशित बिलारी गांव के ग्रामीणों ने छाय राख एवं कोयला ढुलाई के काम को बंद कर दिया है।ग्रामीणों ने कहा कि किसी भी कीमत पर घनी आबादी वाले क्षेत्र से इस तरह की ढुलाई के काम को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।इसके लिए अलग सड़क से ढुलाई कराया जाए।

आत्मनिर्भरता के लिए कुशलता आवश्यक : मुकुल विश्वास

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : वर्तमान दौर में आत्मनिर्भर होने के लिए कुशलता जरूरी है। कुशलता के लिए हमारे पास किसी भी क्षेत्र में विशेषज्ञता लेनी होगी। अगर हमारे पास हुनर नहीं है, तो हम जीवन में सफल नहीं हो सकते हैं। उक्त बातें उषा मार्टिन के वरीय महाप्रबंधक मुकुल विश्वास ने कहीं। वह आज उषा मार्टिन परिसर में ग्रामीण युवाओं के लिए फूड एंड विबरेज कोर्स के परिचालान के शुभारंभ होने पर

अपना विचार व्यक्त कर रहे थे। चार माह तक चलने वाले इस कोर्स को उषा मार्टिन फॉउंडेशन एवं फ्रोसटिस के संयुक्त तत्ववावधान में चलाया जा रहा है। इसके साथ ही दो पहिया एवं चार पहिया वाहन के मरम्मत एवं रखरखाव का भी कोर्स शुरू किया जा रहा है।इस अवसर पर उप प्रमुख वीणा देवी ने कहा कि उषा मार्टिन जनकल्याण का लगातार कोर्स चला रहा है ताकि ग्रामीणों को स्वरोजगार और आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग हो। इसके लिए युवाओं को सीखने की ललक होनी चाहिए। एक बार हुनर आ गया, तो फिर जीवन में मुड़कर नहीं देखना होगा। सत्यजीत पाल ने कहा कि कंपनी के सहयोग से पहले चरण में 30 युवाओं को प्रशिक्षत कर रोजगार के लिए सक्षम बनाया जायेगा। समझौता के तहत 70 फीसदी बच्चों को रोजगार दिलाने में फ्रोसटिस सहयोग करेगी। संस्था के सीएसआर अभिषेक खन्नरा ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं का हुनर निखारा जायेगा। महिलौंग के मुखिया संदीप तिर्की ने कहा कि कंपनी का यह रोजगार देने का प्रयास काफी सराहनीय है। इस अवसर पर उषा मार्टिन के सीएसआर हेड मयंक मुरारी के अलावा, प्लेसमेंट हेड मधुसूदन सिंह, सीएसआर विभाग से प्रिया बागची, वरुण कुमार, संगीता देवी, भुवनेश्वर महतो, मेवालाल महतो

शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि

प्रभात मंत्र संवाददाता

खूंटी : मुरहू स्थित श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर में जम्मू के डोडा में आतंकी हमले में शहीद कैप्टन सहित चार जवानों को संस्थान के विद्यार्थियों द्वारा 2 मिनट का मौन रखकर नम आंखों से विनम्र श्रद्धांजलि दी गई। विद्यार्थियों ने एक स्वर में इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि हमारे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को पाकिस्तान पर जल्द से जल्द कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।संस्थान के निदेशक सकलदीप भगत ने कहा कि पाकिस्तान आतंकवाद को खत्म करने के लिए विश्व के मानचित्र से पाकिस्तान का सफाया ही एकमात्र विकल्प है । 10 दिनों के अंदर पाकिस्तान ने तीसरी बार हमला किया है। उनके नापाक इरादों को रौंदने के लिए हमारे देश के प्रधानमंत्री ,रक्षा मंत्री एवं सेना प्रमुख पर भारतवर्ष को पूर्ण विश्वास है कि वह बहुत जल्द पाकिस्तानी आतंकवाद का सफाया करने में सफल होंगे। मौके पर शिक्षिका सावित्री, रिया एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

तोरपा पहुंचे असम के मुख्यमंत्री हेमन्त बिस्वा सरमा, सभा को किया संबोधित

प्रभात मंत्र संवाददाता

खूंटी : तोरपा ब्लॉक मैदान में भाजपा की ओर से अभिनंदन-सह विजय संकल्प सभा का आयोजन किया गया। जिसमें असम के मुख्यमंत्री, झारखंड प्रदेश चुनाव सह प्रभारी हेमन्त बिस्वा सरमा राज्यसभा के सांसद आदित्य साहू और तोरपा विधायक कोचे मुंडा के साथ शामिल हुए। मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा सभा को संबोधित करते हुए विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जल,जंगल,जमीन की बात करने वाले लोग ही मासूम आदिवासियों को लूट रहे हैं।

हेमंत सोरेन पर निशाना साधते हुए कहा कि हेमंत सोरेन सीट के लिए है, जब वे जेल गए तो चंपई सोरेन ने सरकार चलाने की कोशिश

की पर बेल मिलने के बाद चंपई को हटाकर हेमंत खुद कुर्सी पर बैठ गए। पिछले चुनाव में हेमंत सरकार ने 5 लाख नौकरी और बेरोजगारी भत्ता की बात की थी पर इसमें से कोई भी वादा पूरा नहीं किया।

बिस्वा ने बांग्लादेशी घुसपैठी और आलमगीर आलम के साथ-साथ कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खटाखट वादे पर भी निशाना साधते हुए उसकी धज्जियां उड़ाई। उन्होंने कहा अगर झारखंड को बचाना है तो झामुमो और कांग्रेस की सरकार को हटाकर बीजेपी की सरकार को लाना होगा। तोरपा विधायक कोचे मुंडा ने भी विपक्ष पर निशाना साधा और कहा कि छ्वरूरू और कांग्रेस की सरकार ने जनता को गुमराह किया है। लोकसभा चुनाव से पहले लोगों को गुमराह करते हुए झूठी खबर लोगों को दिए कि क्ष्छ्वक्कसरकार संविधान को खत्म कर देगी , आरक्षण को खत्म किया जाएगा, भारत को हिंदू राष्ट्र बना दिया जायेगा । ये कहकर लोगों में भ्रम फैला कर वोट अपने पक्ष में किया। लेकिन BJP की सरकार ऐसा नहीं चाहती है। उन्होंने कहा कि झारखंड में बालू का कारोबार होता है अगर झारखण्ड में हमारी मुख्यमंत्री बनी तो पूरे झारखंड में बालू को फ्री कर दिया जाएगा। बीजेपी की मोदी सरकार ने अपना हमेशा वादा पूरा किया है जिस कारण मोदी जी तीसरी बार प्रधानमंत्री बने। मोदी जी का यह संकल्प है कि विश्व में भारत को तीसरा अर्थव्यवस्था वाला देश बनाया जाएगा।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

गम्हरिया दुर्गा मंदिर में हुई चरणों से माता, जनमो का नाता की शूटिंग

गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता): भारती कला मंदिर के बैनर तले बनने वाली भक्ति गीत चरणों से माता, जनमो का नाता की शूटिंग गम्हरिया प्रखंड कार्यालय के पीछे स्थित दुर्गा मंदिर में की गई। इस मौके पर उपस्थित प्रोड्यूसर सह निर्देशक कुमार संजय और सह निर्देशक संजय स्वर्णकार ने बताया कि जल्द ही इसकी शूटिंग क्षेत्र के अन्य जगहों पर कर रिलीज़ किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस गीत में स्थानीय बाल कलाकारों में दिव्या, भारती, निमिषा, आँचल, मुस्कान आदि को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मौका दिया गया है। मधुसूदन, बिट्टू, अंकित, संतोष प्रमाणिक, एस0 शेखर, अभय लाभ, रूबी देवी, नीतू सिंह एवं नन्हे कलाकार दिव्या, भारती, निमिषा, आँचल तथा मुस्कान अन्य की उपस्थिति थी। इसमे नन्हे कलाकार कुमारी भारती के द्वारा गए गए गीतों पर पिंकू कश्यप ने अपना संगीत दिया है जो लोगों को काफी पसंद आएगा। इस मौके पर कार्डियोग्राफर रूबी देवी, सहायक मनीषा कुमारी, कैमरामैन मधुसूदन, सह कैमरामैन अंकित जायसवाल, बिट्टू, एस. शेखर आदि भी मौजूद रहे।

मुरी-बरकाकाना खंड में 21 जुलाई को मेगा ब्लॉक, कई ट्रेनों हुई रद्द

जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): रांची रेलवे मंडल में मुरी-बरकाकाना सेक्शन पर रेलवे की ओर से मेगा ब्लॉक लिया जाएगा. इसको लेकर रेलवे ने कई ट्रेनों को रद्द करने का फैसला लिया है. रेलवे ने इसको लेकर अधिसूचना भी जारी कर दी है. जारी अधिसूचना के अनुसार 21 जुलाई को ट्रेन नंबर 08151/08152 टाटा-बरकाकाना-टाटा मेमू पैसेंजर, ट्रेन नंबर 08195/08196 टाटा-हटिया-टाटा मेमू स्पेशल और ट्रेन नंबर 18601/18602 टाटा-हटिया-टाटा एक्सप्रेस रद्द रहेगी. इसके अलावा ट्रेन नंबर 08641/08642 आद्रा-बरकाकाना-आद्रा मेमू पैसेंजर और 18085/18086 खड़गपुर-रांची- खड़गपुर मेमू एक्सप्रेस 21 जुलाई को रद्द रहेगी. रेलवे की इस मेगा ब्लॉक से ट्रेन नंबर 22824 नई दिल्ली-भुवनेश्वर राजधानी एक्सप्रेस के रूट में भी बदलाव किया गया है. 20 जुलाई को यह ट्रेन बोकारो-मुरी-टाटा की जगह बोकारो-पुरुलिया -टाटा होकर चलेगी।

जंगली सुअर मारने के मामले में गिरफ्तार डाटु सिंह को मिली जमानत, माला पहनाकर हुआ स्वागत

चांडिल(प्रभात मंत्र संवाददाता): जंगली सुअर मारने के मामले में गिरफ्तार नीमडीह थाना अंतर्गत नीमडीह थाना अंतर्गत डाटू सिंह सरदार को जमानत मिल गई है। डाटू सिंह सरदार को जंगली सूअर का शिकार कर मारने के आरोप में 6 जून को फारेस्ट ऑफिसर सागर कुमार श्रीवास्तव के बयान पर मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। एक महीना बाद जिला न्यायलय से 16 जुलाई 2024 को डाटु सिंह जमानत पर रिहा होकर घर पहुंचे। बुधवार सुबह झारखंड आंदोलनकारी स्वच्छ चांडिल स्वस्थ चांडिल के संस्थापक सुखराम हेंब्रम अपने सामाजिक कार्यकर्त्ता के साथ राहुल प्लेस होटल में डाटु सिंह को फूल माला पहनाकर स्वागत किया। श्री हेंब्रम ने कहा कि हमारे भोले भाले आदिवासी को झूठे केस में फसाकर वन विभाग अन्याय करते हैं। जिसके विरोध में हम लोग दलमा वनक्षेत्र प्रभावित संघर्ष समिति निमडीह, बोड़ाम, पटमदा, चांडिल व एमजीएम के बैनर तले आंदोलन किया गया। हमारे परंपरागत के अनुसार शिकार करना पूर्वजों द्वारा चलाया गया परंपरा है जिसपर रोक लगाना हम कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। इसका जिम्मेदार कौन हैं। इस अवसर पर लाल माहोन गोराई, विश्वनाथ मंडल, तारा माझी, राजेन टुडू, भास्कर टुडू , बलदेव बेसरा, सुखदेव सिंह सरदार, दिनवंधु सिंह, रविंद्र सरदार, मलिंद्र सिंह, रंजित सिंह आदि उपस्थित थे।

मरहूम पत्रकार शेख अलाउद्दीन हुए सुपूर्द खाक, डीसी समेत आम व खास शामिल हुए जनाजे में

सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता): सदर अस्पताल सरायकेला में बुधवार को पोस्टमार्टम पश्चात क्षेत्र के वरीय पत्रकार शेख अलाउद्दीन का जनाजा उनके परिजनों को सौंप दिया गया। उपायुक्त रविशंकर शुक्ल एवं जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार द्वारा उनकी श्रद्धांजलि दी गई। इसी के साथ सरायकेला क्षेत्र के विभिन्न राजनेतिक दल के नेता, विभिन्न कार्यालयों के कर्मी, समाजसेवी, व्यवसाई एवं पत्रकारों द्वारा भी श्रद्धांजलि दी गई। उल्लेखनीय है कि गत मंगलवार को सरायकेला थाना अंतर्गत बैंगनबाड़ी के निकट किसी वाहन ने कुचल कर निकल गया था। उन्हे गंभीर रूप से जख्मी हालत में टीएमएच जमशेदपुर ले जाया गया था जहां उनकी मौत हो गई थी।पोस्टमार्टम पश्चात उन्हे उनके आवास गम्हारिया प्रखंड अंतर्गत मुंडिया ले जाया गया। वहां भी उन्हें पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, खरसावां विधायक दशरथ गगराई सहित क्षेत्र के अन्य आम व खास द्वारा श्रद्धांजलि दी गई।उनके जनाजे में काफी संख्या में लोग शामिल हुए। लगभग तीन दशक से पत्रकारिता से जुड़े मरहूम शेख अलाउद्दीन क्षेत्र का लगभग सभी तबके से अच्छे संबंध बना रखे थे।

कृषि मंत्री से मिले किसानों ने किया राज्य कृषि उपज और पशुधन सुविधा विधेयक का स्वागत

प्रभात मंत्र संवाददाता

पटमदा : राज्य की कृषि एवं पशुपालन मंत्री दीपिका पांडेय सिंह से मंगलवार को रांची में मुलाकात करने पहुंचे किसानों के एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्य कृषि उपज और पशुधन सुविधा विधेयक - 2022 का स्वागत किया है। प्रतिनिधिमंडल में शामिल कृषि उत्पादन बाजार समिति, रांची के पूर्व उपाध्यक्ष राधाकांत तिवारी, धनबाद के पूर्व उपाध्यक्ष प्रकाश चौधरी, जमशेदपुर के सदस्य बुद्धेश्वर महतो, संतोष सिंह एवं उमेश कुमार पाठक ने मंत्री को एक ज्ञापन सौंपकर इसे किसानों के हित में विधेयक को जल्द से जल्द लागू करने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया कि झारखंड राज्य कृषि उपज और पशुधन सुविधा विधेयक 2022 राज्य के विकास एवं कृषकों की एक उन्नत विपणन व्यवस्था देने के उद्येश्य से सरकार द्वारा उठाया गया यह एक ठोस एवं विकसित कदम है। झारखंड के

सभी कृषक सरकार द्वारा पारित इस विधेयक का स्वागत करते हुए वर्तमान महागठबंधन सरकार एवं कृषि मंत्री के प्रति अपना विश्वास व्यक्त करते हैं। वर्तमान में चंद व्यापारियों के द्वारा इस विधेयक का विरोध किया जा रहा है जो बिल्कुल न्यायसंगत नहीं है। पूर्व में भी चंद व्यापारियों के विरोध के कारण भाजपा सरकार द्वारा इस अधिनियम को कृषकों के हित को नजरअंदाज करते हुए समाप्त कर दिया गया था और झारखंड के कृषक ठगे गए थे। 2015-16 से कृषकों को विपणन व्यवस्था से अलग कर दिया गया, मंडियों का विकास अवरूद्ध हो गया, व्यापारी मनमाने ढंग से कृषि उपज का क्रय जहां-तहां औने-पौने दाम पर करने लगे। सरकार द्वारा स्थापित मंडियों से कृषकों का संपर्क टूट गया और उन्हें अपनी उपज का उचित मूल्य मिलना बंद हो गया। कृषकों का संबंध विपणन व्यवस्था से तोड़ दिया गया। समिति विखंडित हो जाने के कारण 2014 के बाद से कृषक सदस्य एवं विपणन पर्षद के सदस्यों का चुनाव बंद हो गया। पूर्व के बाजार शुल्क से प्राप्त होने वाली राशि से ग्रामीण हाटों एवं स्थापित बाजार प्रांगणों का विकास कृषकों के हित में कृषकों के सुझाव के अनुरूप किया जाता था। ग्रामीण हाट तक सड़कों का निर्माण भी कृषकों के उपज का मंडी तक लाने के उद्येश्य से समिति/विपणन पर्षद द्वारा कराया जाता था। भाजपा सरकार के शासनकाल में विपणन व्यवस्था एवं बाजार शुल्क को समाप्त किए जाने के कारण समिति के आय का श्रोत बंद हो गया है और राशि के अभाव में ग्रामीण हाट बाजार प्रांगण का विकास असंभव हो गया। वर्तमान में कृषक अपने उपज को व्यापारियों के हाथों औने-पौने दाम पर बेचने को मजबूर हो गए हैं।

ललित दास पर अभी तक क्यों नहीं हुई कार्यवाही : डॉ अजय

- भाजपा राज में पीड़ितों को नही मिला न्याय, बैकुंठ प्रधान का हुआ तबादला

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : पूर्व सांसद और कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. अजय कुमार ने बुधवार को प्रेस रिलीज जारी कर कहा कि भाजपा राज में पीड़ितों को न्याय नहीं मिलता, बल्कि उन्हें सजा दी जाती है यही कारण है कि आनन फानन में बैकुंठ प्रधान का तबादला अचानक गृह विभाग में कर दिया गया।उन्होंने कहा कि ओडिशा राजभवन के कर्मचारी बैकुंठ प्रधान ने राजपाल रघुवर दास के साहबजादे ललित दास पर 7 जुलाई को उनके साथ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया था। जिसकी शिकायत बैकुंठ प्रधान ने विभागीय उच्च अधिकारियों सहित राजपाल को भी की थी। रघुवर दास ने पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया था। लेकिन रघुवर दास ने अपने बेटे के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं किया। बल्कि आनन फानन में बैकुंठ प्रधान का तबादला अचानक गृह विभाग में कर दिया गया। इससे स्पष्ट है कि भाजपा शासित राज्यों में पीड़ितों को न्याय नहीं मिलता है। यही भाजपा का चाल और चरित्र है।डॉ. अजय कुमार ने कहा कि यह पहली घटना नहीं है। रघुवर दास के मुख्यमंत्री काल में जब एक पीड़ित व्यक्ति ने न्याय की गुहार लगाई तो भरी सभा में उस पीड़ित व्यक्ति को रघुवर दास बेइज्जत कर भगा दिया गया। वहीं भाजपा शासित उत्तर प्रदेश में कई घटनाएं है, जब पीड़ितों को न्याय नहीं मिला। बल्कि सरकार को बदनाम करने के आरोप में सजा दी गई।उन्होंने कहा कि ओडिशा के अधिकारियों एवम् कर्मचारियों में रघुवर दास के खिलाफ आक्रोश व्याप्त है।

चौड़ा के ताजिया जुलूस में शामिल हुई सविता महतो, मस्जिद कमिटी को दिया फटाका व टोर्च

प्रभात मंत्र संवाददाता

तिरुलडीह : बुधवार कों मुहर्रम का त्यौहार शांति व भाईचारे के साथ संपन्न हुआ। मुहर्रम के मौके पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने कुकड़ू प्रखंड के चौड़ा में आकर्षक ताजिया व निशान के साथ जुलूस निकाला। इस दौरान ताजिया जुलुस में ईचागढ़ की विधायक सविता महतो भी शामिल हुई। और मिल मैदान चौड़ा पहुँचकर हाथियों का प्रकोप को देखते हुए चौड़ा मस्जिद कमिटी के अध्यक्ष मो रफीक अंसारी कों फटाका और टोर्च वितरण किया। वहीं विधायक सविता महतो ने वन विभाग के कर्मियों कों हाथियों के प्रकोप कों देखते हुए अलर्ट रहने का निर्देश दिया। मौके पर झामुमो कुकड़ू प्रखंड अध्यक्ष इंद्रजीत महतो, झामुमो अल्पसंख्यक प्रखंड अध्यक्ष शाहजहां अंसारी, निरंजन महतो, सूर्यकांत महतो, स्वपन महतो, दिलदार हुसैन, विधायक के आप्त सचिव काबलू महतो आदि मौजूद थे।

आनंद मार्ग एवं तारकेश्वर शर्मा पुण्य स्मृति के सहयोग से 50 यूनिट रक्तदान, 100 पौधा दान

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल एवं तारकेश्वर शर्मा पुण्य स्मृति के सहयोग से 50 यूनिट रक्तदान 100 पौधा दान एवं जमशेदपुर ब्लड सेंटर की ओर से आनंद मार्ग के 110वा रक्त दान शिविर में ईश्वर कोटि के लोगों ने 50 यूनिट रक्तदान किया। सुनील आनंद ने बताया जितने भी रक्तदाता निस्वार्थ भाव से रक्तदान करते हैं वह सभी लोग ईश्वर कोटि के मनुष्य है। रक्तदाताओं के बीच जमशेदपुर ब्लड सेंटर के जीएम संजय चौधरी, वीबीडीए के सुनील मुखर्जी ,सूचना जनसंपर्क विभाग के भविष्य कुमार शर्मा ,टाटा वर्कर्स यूनियन ट्यूब डिवीजन टेक्नोलॉजी सर्विसेज कमिटी मेंबर ज्ञान रंजन श्रीवास्तव ने भी पौधा एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से समीर सरकार, राकेश कुमार आदि सहयोग रहा।

पहाड़ी की तलहटी से सटे खेतों में बारिश का पानी हुआ जमा, रोपनी शुरू

प्रभात मंत्र संवाददाता

पटमदा : आधा जुलाई पार होने के बाद भी पटमदा व बोड़ाम प्रखंड क्षेत्र में धान की खेती के लिए पर्याप्त मात्रा में बारिश नहीं हुई है। इससे किसान चिंतित नजर आ रहे हैं। अभी दोन 1 (बहाल खेत) की जमीन भी सूखी पड़ी है और खेतों में मवेशी चर रहे हैं। बंगाल सीमा से सटे पटमदा के जोड़सा गांव में पिछ्ले कुछ दिनों से रूक - रूककर हो रही बारिश से पहाड़ की तलहटी पर स्थित खेतों में पानी जमने से किसान जमीन तैयार करने में जुट गए हैं। कई किसान बैल से हल जोतकर तो कई लोग ट्रैक्टर से जमीन तैयार कर रहे हैं। कुछ किसानों ने धान की रोपनी भी शुरू कर दिया है। जोड़सा गांव के गणेश कुंभकार, बुद्धेश्वर सिंह, शंभू सिंह, राजाराम कुंभकार, श्रीदाम कुंभकार, बिरखाम टोला के सतीश कुंभकार समेत अन्य कई किसानों ने पौधे तैयार होने के कारण बारिश की उम्मीद में धान रोपनी का कार्य शुरू कर दिया है। बांग्ला पंचांग के अनुसार बुधवार से सावन महीना शूरु हो गया है।

कुकडु के चौड़ा में मुहर्रम का निकला जुलूस, युवकों ने दिखाए हैरतअंगेज करतब

प्रभात मंत्र संवाददाता

तिरुलडीह : कुकडु प्रखंड क्षेत्र के चौड़ा में मुहर्रम अकीदत के साथ मनाया गया। वही गांव में मुहर्रम का अखाड़ा निकला। अकीदतमंदों ने ताजिया पर फतियाखानी किया। अखाड़ा में युवकों ने करतब दिखाते हुए दिखे गए। जुलूस पूरे गांव में घूमने के बाद चौड़ा मिल टांड़ में एकत्रित हुआ। जहाँ लोगो ने सीरनी बांटे व युवकों ने एक से बढ़कर एक करतब दिखाए। मुहर्रम जुलूस को देखने के लिए आस पास के लोग पहुंचे। इस दौरान विभिन्न

अखाड़ा कमितियों से पहुंचे युवकों ने एक से बढ़कर करतब दिखाते रहे। मौके पर पुलिस प्रशासन की और से सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया था। जगह जगह लंगर बांटा गया।

कांड्रा ओवरब्रिज के समीप सड़क पर बह रहा नाला का गंदा पानी, राहगीर परेशान

प्रभात मंत्र संवाददाता

गम्हरिया : प्रखंड के कांड्रा स्थित ओव ब्रिज के समीप नाला का पानी बीच सड़क पर बहने से और वहां जलजमाव होने से राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पर रहा है। विदित है कि इस सड़क से प्रतिदिन हजारों की संख्या में छोटे-बड़े वाहनों का आवागमन होता है। बीच सड़क पर पानी का जमाव रहने से वहां के गड्ढों का पता वाहन चालकों को नहीं हो पाता है जिस कारण अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती है। स्थानीयदुकानदारों ने बताया कि यहां बनाए गए नालों की सफाई नहीं कराए जाने के कारण नाला जाम हो गया है। इस कारण ओवर फ्लो होकर नाले का गंदा पानी सड़क पर बहकर जमा हो जाता है। इससे दुकानदारों को भी परेशानियां झेलनी पड़ रही है। उन्होंने बताया कि मुख्य मार्ग

के नाली की साफ-सफाई का जिम्मा सड़क निर्माता एजेंसी जेएआरडीसीएल की है। किन्तु, एजेंसी की ओर से इसकी सफाई के लिए कोई पहल नहीं की गई है। पर अब तक साफ़ सफाई के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन पर अविलम्ब पहल करते हुए नाले की सफाई कराने की मांग की गई है।

दस-10 के फॉर्मूले पर काम करेगी जमशेदपुर महानगर इंटक, नई कमिटी घोषित

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : बुधवार को जमशेदपुर महानगर इंटक अध्यक्ष राजेश सिंह 'राजू' द्वारा महानगर कमिटी की घोषणा कर दी गई जिसकी मान्यता झारखंड प्रदेश इंटक अध्यक्ष राकेश्वर पाण्डेय के द्वारा दे दी गई। महानगर कमिटी में 10 उपाध्यक्ष 10 महासचिव 10 सचिव 3 संगठन सचिव एक कोषाध्यक्ष 18 विशेष आमंत्रित सदस्य और 16 कार्यकारणी सदस्य बनाया गया है। नई कमिटी इस प्रकार है।उपाध्यक्ष-संतोष कुमार सिंह, चंदा सिंह राजपूत, संजय मुखी, रवि तिर्की, देव कुमार, दीनानाथ पाण्डेय, गुरदीप सिंह कक्के, मो.इस्माइल बुरहान, रवि

राजेश सिंह 'राजू'
अध्यक्ष
जमशेदपुर महानगर (इंटक)

शंकर उपाध्याय, अरुण कुमार त्रिपाठी।महासचिव-जे.पी.एन.सिंह, आनंद कुमार लोहार, सुमित अग्रवाल,चांदनी तिवारी, सायोनी समादार,विनोद कुमार पांडेय,

अभिषेक कुमार, रजनीकांत मिश्रा, उपेन्द्र कुमार सिंह, रौशन कुमार सिंह।सचिव-राजेश्वर लाल, उषा कुमारी,राजीव कुमार द्विवेदी, नविंद्र सिंह, गुलाम सरवर अंसारी, कन्हैया लाल,तबरेज खान, मनीष सिन्हा, अभय राय, अर्जुन ठाकुर।संगठन सचिव-सुनील साहू, देवेंद्र कुमार जग्गी,दिलीप कुमार।कोषाध्यक्ष-के. कृष्णा. राजू। विशेष आमंत्रित सदस्य- पंकज सिंह, श्रीकांत सिंह, परविंदर सिंह सोहल, मनोज सिंह, अरूण कुमार सिंह, पिंटू श्रीवास्तव, अमन सिंह, बेबी सिंह, वीरेन्द्र उपाध्याय, संजय कुमार, नवीन कुमार, लड्डन खान, ददन सिंह, नंदलाल सिंह, त्रिदेव सिंह, अस्थाना शैलेंद्र, मुनेश्वर महतो, केशव तिवारी।कार्यकारणी सदस्य-राजेश दास, नरेंद्र प्रसाद, राहुल कुमार, सुनील कुमार, अरुण कुमार, अजीत सिंह,अशोक राय, रंजीत सिंह, सुसिल महतो, राकेश सिंह, अजीत कुमार।

सौहार्द के बीच मना त्याग व बलिदान का पर्व मुहर्रम

सतगावां : हजरत ईमाम हुसैन की शहादत की याद में मुस्लिम समुदाय द्वारा मनाया जाने वाला पर्व मुहर्रम शांति ,सौहार्द व भाईचारे के बीच मनाया गया।इस मौके पर बासोडीह व मोदीडीह अखाड़ों के द्वारा ताजिया के साथ जुलूस निकाला गया। इस दौरान जुलूस में युवाओं के द्वारा परंपरागत हथियारों तथा लाठी ,तलवार, फरसा आदि का शानदार प्रदर्शन किया। वहीं जुलूस में या अली या हुसैन और नारे तकदीर के नारे लगे । जुलूस बासोडीह जामा इमामबाड़ा से निकलकर प्रखंड के मुख्य मार्ग बासोडीह बाजार का भ्रमण करते बस स्टैंड तक गयी।

पोटका विधानसभा से भाजपा के दो सरदार प्रबल दावेदार, मेनका व उपेंद्र जुटे चुनावी तैयारी में

प्रभात मंत्र संवाददाता

जादूगोड़ा : पोटका विधानसभा से भाजपा के दो प्रबल दावेदार पूर्व विधायक मेनका सरदार और भाजपा अनुसूचित जनजाति के प्रदेश समिति सदस्य उपेंद्र नाथ सरदार चुनावी तैयारी में जुट गए है। पार्टी किसे उम्मीदवार बनाती है इसका फैसला अगले माह तक तो तस्वीर साफ हो जाएगी। जहा तक पोटका से संभावित प्रत्याशी उपेंद्र नाथ सरदार की बात है तो वे 1990 से राजनीति में सक्रिय है। 1995 में अपने दम- खम पर निर्दलीय चुनाव लड़कर अपने विरोधियों को अपनी ताकत अहसास कराया था। 2014 में बाबू लाल मरांडी की पार्टी से चुनाव लड़ा व अपने दम पर 30 हजार से अधिक

व्यक्तिगत वोट पाने में सफलता पाए। 2019 के चुनाव में पोटका के पूर्व भाजपा विधायक मेनका सरदार के चुनाव हारने के बाद जहां भाजपा सुस्त पड़ गई, उस वक्त भी भाजपा नेता उपेंद्र नाथ सरदार रुके नही व जनता को अपनी सेवा देते रहे। उनकी सक्रियता को भाप सांसद विधुत महतो ने उनका पोटका अपना सांसद प्रतिनिधि के रूप में कई जिम्मेदारियां सौपी। जिसकी वजह से बीते लोकसभा चुनाव में पार्टी ने बेहतर प्रदर्शन किया और पोटका की अधिकांश मतदान केंद्रों में भाजपा को बढ़त दिलाई। इस बाबत पार्टी के एक अन्य दावेदार होपना महाली कहते है कि इस सीट पर एक अनार सौ बीमार वाली स्थिति है। यहां दावेदारों को लम्बी सूची है, जिसमे गणेश सरदार, मनोज सरदार, दुखनी मय सरदार ऐसे कई दावेदार चुनाव में अपनी दावेदारी ठोकते है जबकि इस सीट से भाजपा प्रत्याशी मेनका सरदार के हार के बाद भी लगातार जनता से जुड़े रही। भाजपा नेता सह भाजपा अनुसूचित जाति के प्रदेश समिति सदस्य उपेंद्र नाथ सरदार जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश जनता तक पहुंचाते रहे है। ऐसे ही उम्मीदवार को पार्टी अपना प्रत्याशी बनाए ताकि यह सीट झामुमो से छीन जा सके। वे आगे कहते है की जनता की मांग भी उपेंद्र नाथ सरदार है। पार्टी ने उन्हें टिकट दिया तो यह सीट वापस भाजपा की झोली में आ सकती है। बहरहाल देखना यह है की पार्टी इस बार पोटका से किसे मौका देती है। दोनो नेता के कार्यकर्ताओं की निगाहे पार्टी हाई कमान पर टिकी है।

यूपी बरेली से अंशुल गुप्ता गिरफ्तार, धोखाधड़ी मामले में साकची पुलिस लेकर आ रही है जमशेदपुर

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : जमशेदपुर पुलिस की एक टीम ने धोखाधड़ी मामले के अभियुक्त अंशुल गुप्ता को उत्तर प्रदेश बरेली से गिरफ्तार किया है और वहां के स्थानीय कोर्ट में प्रस्तुत किया। कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट के आधार पर उसे जमशेदपुर लाया जा रहा है जहां उसकी पेशी कोर्ट में होगी। अंशुल गुप्ता के खिलाफ साकची ठाकुर बाड़ी रोड के राजेश कुमार चौधरी की ओर से अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने परिवाद कोर्ट में दाखिल किया और जिसके आधार पर साकची थाना में प्राथमिकी दर्ज हुई। जिसपर पुलिस ने कार्रवाई की है।वादी राकेश चौधरी के अनुसार वह टीएमटी बार तथा आयरन ओर



का बिजनेस पूरे देश में करता है। रुंगटा स्टील चाईबासा के पदाधिकारी आलोक दास ने गोंडा उत्तर प्रदेश के आशीष गुप्ता का परिचय कराते हुए कहा कि इन्हें टीएमटी बार चाहिए और वह इसकी आपूर्ति उन्हें करें। इतना ही नहीं आलोक दास गाड़ी उपलब्ध कराने वाले कमीशन एजेंट अंशुल गुप्ता, राजाओं फरीदपुर रोड के ट्रांसपोर्टर रविंद्र सिंह, बरेली उत्तर प्रदेश वाशी ड्राइवर इकरार अली, बरेली के ट्रांसपोर्टर विराज के साथ साकची स्थित कार्यालय में आया। बातें तय होने पर आशीष गुप्ता ने तीन ट्रक माल डिलीवरी का आर्डर दिया। दीपक लॉजिस्टिक के मालिक ने तीन ट्रक यूपी 25 सीटी 7536, यूपी 25 डीटी 1316 और यूपी 25 डीटी 0059 गाड़ियों के कागजात उपलब्ध कराए। फोन तीन ट्रकों से माल भेजा गया। यूपी 25 डीटी 0059 पर 15,71,703 रुपए का भेजा गया माल आशीष गुप्ता के गोदाम नहीं पहुंचा। जांच में उक्त गाड़ी के ड्राइवर का लाइसेंस और कागजात फर्जी पाए गए। राकेश चौधरी ने जब ट्रांसपोर्टर और आलोक दास से इस संबंध में शिकायत की तो उसे बदले में गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी मिली।वादी राजेश चौधरी के अनुसार एक योजना बद्ध तरीके से अमानत में ख्यानत किया गया है।

संपादकीय

ईरान के सुधारवादी राष्ट्रपति

उदारवादी सुधारवादी मसूद पेजेशकियान का ईरान के राष्ट्रपति पद के लिए जीतना किसी आश्चर्य से कम नहीं है। ईरान में दोबारा चुनाव कराना पड़ा, क्योंकि प्रथम चरण में किसी भी प्रत्याशी को 50 फीसदी वोट नहीं मिले थे। दूसरे चरण में मसूद ईरान का नया और नरम चेहरा थे, जो समग्र तौर पर सुधारों के पक्षधर थे। उनके प्रतिपक्ष में ईरान का कट्टरवाद था। अब मसूद की जीत हुई है, तो माना जा रहा है कि अभी तक बंद, कट्टरपंथी और रूढ़िवादी ईरान के नए आयाम खुलेंगे। ईरान सांस्कृतिक, सामाजिक और अंतरराष्ट्रीय संघर्षों और टकरावों से घिरा देश रहा है। अधिकतर पड़ोसी अरब देशों और पश्चिम से ईरान के टकरावपूर्ण और लंबे तनाव के समीकरण आज भी हैं। ईरान की जनता ने उदारवादी, सुधारवादी, नरम राष्ट्रपति का चुनाव किया है। साफ मायने हैं कि ईरान अब शेष दुनिया के साथ अमन-चैन के रिश्ते चाहता है, इंटरनेट को स्वतंत्र और मुक्त करने का पक्षधर है और खासकर औरतों पर से सामाजिक पाबंदियों और बंदिशों को उठाना चाहता है। दिवंगत राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी और उनके चुनावी प्रतिद्वंद्वी सईद जलीली की ईरान के भीतर और विदेशों के संदर्भ में नीतियां 'कट्टरवादी' थीं। नवनिर्वाचित राष्ट्रपति मसूद के प्रतिपक्ष की सोच भी कट्टरपंथी थी। प्रतिपक्षी नेता जेल में भी रहे थे, लेकिन मसूद ने अपने प्रचार के लिए जो गीत रचा था, उसका सारांश यह था कि गलियों में नाचो, चुंबन लेते वक्त मत डरो और मेरी बहन, तुम्हारी बहन और हमारी बहन...! उसके उलट प्रतिपक्षी ने ईरान की औसत औरत पर कड़े नियंत्रणों की पैरवी की, ताकि परिवार नामक संस्थान की पवित्रता बरकरार रह सके। राष्ट्रपति मसूद ने संकेत दिए हैं कि इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान में बदलावों के अध्याय जोड़े जाएंगे। उन्होंने लोगों की सेवा करने की अपनी प्रतिबद्धता पर जोर दिया और ईरान के लोगों की चिंताओं को ध्यान से सुनने का वायदा दोहराया। सामाजिक स्तर पर सुधार किए जाएंगे। ईरानी औरत की उम्मीदें जगी हैं, लेकिन ईरान का इजरायल-विरोध जारी रहेगा। ईरान गाजा पट्टी, लेबनान, यमन का साथ देता रहेगा। ईरान पाकिस्तान और अफगानिस्तान की तनावपूर्ण सरहदों को नए आकार देने की भूमिका निभाते हुए काबुल और रावलपिंडी के बीच संतुलन स्थापित करना चाहता है। यह भूमिका ईरान का राष्ट्रीय सिद्धांत भी है। बहरहाल वहां की आर्थिक जरूरतों के मद्देनजर राष्ट्रपति मसूद चाहते हैं कि अमरीका अपनी पाबंदियां उठाए। उस संदर्भ में ईरान के रहस्यमयी 'परमाणु कार्यक्रम' का जो गतिरोध अमरीका के साथ रहा है, उसका समाधान शीघ्र ही निकालना होगा। ईरान की रूस और चीन के साथ जो सामरिक साझेदारी है, उस पर भी अमरीका को आश्वस्त करना होगा। अमरीका समेत पश्चिमी देशों के साथ ईरान के तनावपूर्ण संबंध राष्ट्रपति मसूद की सबसे गंभीर चुनौती है। जहां तक भारत-ईरान संबंधों का सवाल है, उसकी बुनियाद कच्चा तेल है। भारत के लिए ईरान कभी सबसे बड़ा तीसरा, तो कभी दूसरा देश रहा है, जो कच्चा तेल सप्लाई करता रहा है। बुनियादी तौर पर ईरान तेल के मामले में भारत का बहुत बड़ा स्रोत रहा है। चूंकि अमरीका ने ईरानी तेल के आयात पर पाबंदी चस्पा कर दी थी, लिहाजा उसके प्रभाव में भारत ने भी वित्त वर्ष 2019 में ईरान से कच्चा तेल खरीदना बंद कर दिया था। अब ईरान 90 फीसदी से ज्यादा कच्चा तेल चीन को भेज रहा है। भारत ने रूस से इतनी मात्रा में कच्चे तेल का आयात किया है कि रूस की ढहती अर्थव्यवस्था फिर से खिलने लगी है। अमरीका और यूरोपीय देशों की आर्थिक पाबंदियों से रूस को भारत ने धराशायी नहीं होने दिया। ईरान के साथ भी भारत के पुराने सांस्कृतिक संबंध रहे हैं। ईरान और अमरीका के बीच अमन-चैन के संबंध बनते हैं, तो वे भारत के लिए बेहद सुखद साबित हो सकते हैं। यदि ट्रंप दोबारा अमरीका के राष्ट्रपति चुने जाते हैं, तो ईरान के संदर्भ में कोई महत्वपूर्ण फैसला ले सकते हैं। बहरहाल भारत को मसूद-युग में नई संभावनाओं को लपकना चाहिए।

ईरान में दोबारा चुनाव कराना पड़ा, क्योंकि प्रथम चरण में किसी भी प्रत्याशी को 50 फीसदी वोट नहीं मिले थे। दूसरे चरण में मसूद ईरान का नया और नरम चेहरा थे, जो समग्र तौर पर सुधारों के पक्षधर थे। उनके प्रतिपक्ष में ईरान का कट्टरवाद था। अब मसूद की जीत हुई है, तो माना जा रहा है कि अभी तक बंद, कट्टरपंथी और रूढ़िवादी ईरान के नए आयाम खुलेंगे। ईरान सांस्कृतिक, सामाजिक और अंतरराष्ट्रीय संघर्षों और टकरावों से घिरा देश रहा है। अधिकतर पड़ोसी अरब देशों और पश्चिम से ईरान के टकरावपूर्ण और लंबे तनाव के समीकरण आज भी हैं। ईरान की जनता ने उदारवादी, सुधारवादी, नरम राष्ट्रपति का चुनाव किया है। साफ मायने हैं कि ईरान अब शेष दुनिया के साथ अमन-चैन के रिश्ते चाहता है, इंटरनेट को स्वतंत्र और मुक्त करने का पक्षधर है और खासकर औरतों पर से सामाजिक पाबंदियों और बंदिशों को उठाना चाहता है। दिवंगत राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी और उनके चुनावी प्रतिद्वंद्वी सईद जलीली की ईरान के भीतर और विदेशों के संदर्भ में नीतियां 'कट्टरवादी' थीं।

विकसित देशों में तो पति-पत्नि के बीच तलाक की दर 50 प्रतिशत से भी अधिक हो गई है

भारतीय आर्थिक दर्शन के अनुरूप हो इस वर्ष का बजट

प्रह्लाद सबनानी

वित्तीय वर्ष 2024-25 का पूर्णकालिक बजट माननीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा भारतीय संसद में 23 जुलाई 2024 को पेश किया जा रहा है। वर्तमान में भारत सहित विश्व के लगभग समस्त देशों में पूंजीवादी नीतियों का अनुसरण करते हुए अर्थव्यवस्थाएं आगे बढ़ रही हैं। परंतु, हाल ही के वर्षों में पूंजीवादी नीतियों के अनुसरण के कारण, विशेष रूप से विकसित देशों को, आर्थिक क्षेत्र में बहुत भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और यह देश इन समस्याओं का हल निकाल ही नहीं पा रहे हैं। नियंत्रण से बाहर होती मुद्रा स्फीति की दर, लगातार बढ़ता कर्ज का बोझ, प्रौढ़ नागरिकों की बढ़ती जनसंख्या के चलते सरकार के खजाने पर बढ़ता आर्थिक बोझ, बजट में वित्तीय घाटे की समस्या, बेरोजगारी की समस्या, आदि कुछ ऐसी आर्थिक समस्याएं हैं जिनका हल विकसित देश बहुत अधिक प्रयास करने के बावजूद भी नहीं निकाल पा रहे हैं एवं इन देशों का सामाजिक तानाबाना भी छिनभिन्न हो गया है। पूंजीवादी अर्थव्यवस्था के अंतर्गत चूंकि व्यक्तिवाद हावी रहता है अतः स्थानीय समाज में विभिन्न परिवारों के बीच आपसी रिश्ते केवल आर्थिक कारणों के चलते ही टिक पाते हैं अन्यथा शायद विभिन्न परिवार एक दूसरे से रिश्तों को आगे बढ़ाने में विश्वास ही नहीं रखते हैं। कई विकसित देशों में तो पति-पत्नि के बीच तलाक की दर 50 प्रतिशत से भी अधिक हो गई है। अमेरिका में तो यहां तक कहा जाता है कि 60 प्रतिशत बच्चों को अपने पिता के बारे में जानकारी ही नहीं होती है एवं केवल माता को ही अपने बच्चे का लालन-पालन करना होता है, जिसके कारण बच्चों का मानसिक विकास प्रभावित हो रहा है एवं यह बच्चे अपने जीवन में आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं, समाज में हिंसा की दर बढ़ रही है तथा वहां की जेलों में कैदियों की संख्या में तीव्र वृद्धि देखी जा रही है। इन देशों के नागरिक अब भारत की ओर आशाभारी नजरों से देख रहे हैं एवं उन्हें उम्मीद है कि उनकी आर्थिक एवं सामाजिक क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं का हल भारतीय सनातन संस्कृति में से ही निकलेगा। अतः इन देशों के नागरिक अब भारतीय सनातन संस्कृति की ओर भी आकर्षित हो रहे हैं। भारत में वर्ष 1947 में राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात कुछ हद्द तक वामपंथी नीतियों का अनुसरण करते हुए भारतीय अर्थव्यवस्था को विकास की राह पर ले जाने का प्रयास किया गया था। परंतु, वामपंथी विचारधारा पर आधारित आर्थिक

नीतियों ने बहुत फलदायी परिणाम नहीं दिए अतः बहुत लम्बे समय तक यह नीतियां आगे नहीं बढ़ सकीं। हालांकि बाद के खंडकाल में तो वैश्विक स्तर पर वामपंथी विचारधारा ही धराशायी हो गई एवं सोवियत रूस कई टुकड़ों में बंट गया। आज तो रूस एवं चीन सहित कई अन्य देश जो पूर्व में वामपंथी विचारधारा पर आधारित आर्थिक नीतियों को अपना रहे थे, ने भी पूंजीवादी विचारधारा पर आधारित आर्थिक नीतियों को अपना लिया है। भारत का इतिहास वैभवशाली रहा है एवं पूरे विश्व के आर्थिक पटल पर भारत का डंका बजा करता था। एक ईसवी से लेकर 1750 ईसवी तक वैश्विक व्यापार में भारत की हिस्सेदारी 32 प्रतिशत के आसपास बनी रही है। उस समय पर भारतीय आर्थिक दर्शन पर आधारित आर्थिक नीतियों का अनुपालन किया जाता था। मुद्रा स्फीति, बेरोजगारी, ऋण का बोझ, वित्तीय घाटा, बुजुर्गों को समाज पर बोझ समझना, बच्चों का हिंसक होना, सामाजिक तानाबाना छिनभिन्न होना आदि प्रकार की समस्याएं नहीं पाई जाती थीं। समाज में समस्त नागरिक आपस में भाईचारे का निर्वहन करते हुए खुशी खुशी अपना जीवन यापन करते थे। प्राचीन काल में भारत के बाजारों में विभिन्न वस्तुओं की पर्याप्त उपलब्धता पर विशेष ध्यान दिया जाता था, जिसके चलते मुद्रा स्फीति जैसी समस्याएं उत्पन्न ही नहीं होती थी। ग्रामीण इलाकों में कई ग्रामों को मिलाकर हाट लगाए जाते थे जहां खाद्य सामग्री एवं अन्य पदार्थों की पर्याप्त उपलब्धता रहती थी, कभी किसी उत्पाद की कमी नहीं रहती थी जिससे वस्तुओं के दाम भी नहीं बढ़ते थे। बल्कि, कई बार तो वस्तुओं की बाजार कीमत कम होती दिखाई देती थी क्योंकि इन वस्तुओं की बाजार में आपूर्ति, मांग की तुलना में अधिक रहती थी। माननीय वित्तमंत्री महोदय को भी देश में मुद्रा स्फीति को नियंत्रित करने के लिए बाजारों में उत्पादों की उपलब्धता पर विशेष ध्यान देना चाहिए न कि ब्याज दरों को बढ़ाकर बाजार में वस्तुओं की मांग को कम किए जाने का प्रयास किया जाए। विकसित देशों द्वारा अपनाई गई आधुनिक अर्थशास्त्र की यह नीति पूर्णत असफल होती दिखाई दे रही है और इतने लम्बे समय तक ब्याज दरों को ऊपरी स्तर पर रखने के बावजूद मुद्रा स्फीति की दर वांछनीय स्तर पर नहीं आ पा रही है। भारत को इस संदर्भ में पूरे विश्व को राह दिखानी चाहिए एवं आधुनिक अर्थशास्त्र के मांग एवं आपूर्ति के सिद्धांत को बाजार में वस्तुओं की मांग कम करने के स्थान पर वस्तुओं की आपूर्ति को बढ़ाने के प्रयास होने चाहिए अर्थात आपूर्ति पक्ष पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। इससे मुद्रा स्फीति तो कम होगी ही परंतु साथ ही अर्थव्यवस्था में विकास की दर भी और तेज होगी क्योंकि वस्तुओं की आपूर्ति बढ़ते रहने से विनिर्माण इकाईयों में गतिविधियां बढ़ेंगी, रोजगार के नए अवसर निर्मित होंगे। परंतु यदि वस्तुओं की मांग में कमी करते हुए मुद्रा स्फीति को नियंत्रित करने के प्रयास होंगे तो उत्पादों की मांग में कमी होने के चलते उत्पादों का निर्माण कम होने लगेगा, विनिर्माण इकाईयों में गतिविधियां कम होंगी एवं देश में बेरोजगारी की समस्या बढ़ेगी। मांग में कमी करने के प्रयास सम्बंधी सोच ही अमानवीय है। इसी प्रकार, प्राचीन भारत में ग्रामीण इलाकों में कृषि क्षेत्र के साथ ही कुटीर एवं लघु उद्योगों पर विशेष ध्यान दिया जाता था। कई ग्रामों को मिलाकर हाट लगाए जाते थे, इन कृषि उत्पादों के साथ ही इन कुटीर एवं लघु उद्योगों में निर्मित उत्पाद भी बेचे जाते थे। अतः ग्रामीण इलाकों से शहरों की पलायन नहीं होता था तथा नागरिकों को रोजगार के अवसर ग्रामीण इलाकों में ही उपलब्ध हो जाते थे। आज की परिस्थितियों के बीच कृषि क्षेत्र तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए ताकि ग्रामीण इलाकों में ही रोजगार के अधिक से अधिक अवसर निर्मित हो सकें। जनता पर करों के बोझ को कम करने के सम्बंध में भी विचार होना चाहिए। भारत के प्राचीन शास्त्रों में कर सम्बंधी नीति का वर्णन मिलता है जिसमें यह बताया गया है कि राज्य को जनता पर करों का बोझ उतना ही डालना चाहिए जितना एक मधुमक्खी फूल से शहद निकालती है। अर्थात, जनता को करों का बोझ महसूस नहीं होना चाहिए। अतः वित्तीय वर्ष 2024-25 वर्ष के लिए प्रस्तुत किए जाने बजट में भी आवश्यक वस्तुओं पर लागू करों की दरों को कम करने के प्रयास होने चाहिए।

आर्थिक क्षेत्र में बहुत भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और यह देश इन समस्याओं का हल निकाल ही नहीं पा रहे हैं। नियंत्रण से बाहर होती मुद्रा स्फीति की दर, लगातार बढ़ता कर्ज का बोझ, प्रौढ़ नागरिकों की बढ़ती जनसंख्या के चलते सरकार के खजाने पर बढ़ता आर्थिक बोझ, बजट में वित्तीय घाटे की समस्या, बेरोजगारी की समस्या, आदि कुछ ऐसी आर्थिक समस्याएं हैं जिनका हल विकसित देश बहुत अधिक प्रयास करने के बावजूद भी नहीं निकाल पा रहे हैं एवं इन देशों का सामाजिक तानाबाना भी छिनभिन्न हो गया है।

दृष्टि कोण

खिलाड़ियों को प्रशिक्षण-संसाधनों की जरूरत

हमारा देश 'विचित्र किंतु सत्य' की पराकाष्ठा पर सदैव खरा उतरता आया है। क्षेत्र चाहे कोई भी क्यों न हो, इसे देवभूमि का प्रताप समझें या देश की माटी का हुनर, भाव चाहे कोई कुछ भी समझे, मगर असीमित संसाधनों व प्रतिभाओं से परिपूर्ण इस देश को पूरा विश्व समुदाय संज्ञान में लेने लगा है। लेकिन विडंबना यह है कि सब कुछ हो जाने के बाद उन प्रतिभाओं को पूछा जाता है कि तुम्हें सुविधाओं का अभाव तो नहीं है। फिर उन्हें शाबाशी दी जाती है, पीठ थपथपाई जाती है और पुरस्कारों की वर्षा की जाती है। देश-दुनिया में प्रशंसा का एक दौर चल पड़ता है। इन सबके पीछे वो खिलाड़ी व उनके प्रशिक्षक होते हैं, जिन्हें शुरुआती दौर में कोई नहीं पूछता। अगर पूछता है तो देश-प्रदेश के लिए मेडल लाने के बाद, मगर तब तक हजारों खेल प्रतिभाएं दम तोड़ चुकी होती हैं। आखिर कब तक यह विडंबना खिलाडियों का पीछा करती रहेगी? कुछ एक समर्थवान खेल संघों को छोडक़र बाकी सब खेलों में खिलाड़ी बुनियादी सुविधाओं के अभाव के बावजूद जी-जान लगाकर कभी सफल तो कभी असफल भी रहते हैं, मगर हिम्मत नहीं हारते। बल्कि स्वयं के विश्वास, हौसले व कुछ कर पाने की भावना के बूते अपने प्रयास जारी रखते हैं। सभी खेलों को बढ़ावा देने वाले व आवश्यक खेल संसाधनों की पूरे देश में कमी है। कोई भी इस ओर ध्यान देना क्यों आवश्यक नहीं समझता? क्योंकि सबको एक आदत सी हो गई है कि जब कोई खिलाड़ी या टीम प्रदेश या देश का नाम रोशन कर देगी तो खुशी के लम्हों में उनकी पीठ थपथपा देंगे, सभी खुश तो बात खत्म। मगर खेल प्रतिभाओं से परिपूर्ण इस देश में कब तक एक पारदर्शी खेल व संसाधनयुक्त नीति ग्रामीण स्तर तक पहुंच पाएगी? देश की खेल योजनाएं तो सभी जानते हैं, मगर हाल ही में हिमाचल प्रदेश सरकार ने एक नई खेल योजना 'खेलेगा हिमाचल, बढ़ेगा हिमाचल' शुरू की है। अच्छी पहल है, स्वागत योग्य है, मगर उसमें अपनी क्षमता पर ओलंपिक से स्वर्ण जीतने पर 3 करोड़, रजत पदक जीतने पर 2 करोड़ व कांस्य पदक जीतने पर 1 करोड़ की राशि विजेता खिलाड़ी को बतौर पुरस्कार प्रदान की जाएगी। एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने पर 50 लाख, रजत पदक पर 30 लाख व कांस्य पदक जीतने पर 20 लाख की पुरस्कार राशि विजेता खिलाडियों को सरकार प्रदान करेगी। वहीं राष्ट्रमंडल खेलों में भी एशियाई खेलों के बराबर पुरस्कार राशि विजेता खिलाडियों में वितरित की जाएगी। मगर ग्रामीण क्षेत्रों व बुनियादी स्तर पर खेल प्रतिभा को उभारने व प्रशिक्षित करने हेतु कब पूरे देश व हर राज्य स्तर पर पारदर्शी खेल नीति उतारने की पहल होगी? मूलभूत सुविधाओं के अभाव में हर खेल क्षेत्र में प्रतिभा प्रभावित होती है। देश का नाम रोशन करने पर अनेकों प्रतिष्ठित व्यावसायिक घराने आगे आ जाते हैं, मगर बुनियाद को मजबूत करने आज तक कोई भी आगे नहीं आया। ऐसा हमारे देश में क्यों होता है? हकीकत सभी जानते हैं, मगर समझना कोई नहीं चाहता। शायद समय आ गया है कि विभिन्न खेलों में देश का नाम रोशन करने वाले सभी खेलों के खिलाडियों को भी देश की खेल व्यवस्था में सुधार करने व प्रोत्साहन देने हेतु आगे आना चाहिए। हर खिलाड़ी अपने खेल क्षेत्र या मनपसंद का एक खेल गोद लेकर, उसे प्रोत्साहित कर सकता है। जिस शुरुआती दौर से किस तरह खुद को निखार कर वे हीरे निकले हैं, अब उन हीरों को अपनी रौशनी से अन्य हीरों को तराशने में मदद करनी होगी। हर खेल को उसी खेल की मूल भावना से विकसित करना होगा। हर खेल के आवश्यक मूलभूत संसाधन व प्रशिक्षण चाहे जिला स्तर पर ही सही, मगर पूरे देश में खिलाडियों को उपलब्ध होने चाहिएं। तभी तो खेल प्रतिभाएं अपने प्रदेश व देश का नाम विश्व स्तर पर अंकित कर पाएंगी। परिवर्तन समय का नियम है। समय रहते देश-प्रदेश की खेल नीतियों में सार्थक परिवर्तन की बुनियादी स्तर के खिलाडियों को आवश्यकता है। हर खेल में निपुण प्रशिक्षकों को नियुक्त करने व आवश्यक प्रोत्साहन की आवश्यकता है। नियमित प्रशिक्षण शिविर हर स्तर पर आयोजित करने होंगे व खेल प्रेमी शिक्षक-प्रशिक्षकों को विश्वास में लेकर ही बेहतर खेल परिणाम पाने की उम्मीद की जा सकती है। ग्रामीण क्षेत्रों में बसने वाली अपार खेल प्रतिभाओं तक सरकारों की बुनियादी सुविधाओं का न पहुंचना भी खिलाडियों को निरुत्साहित कर सकता है। 'खेलों से स्वास्थ्य', 'खेलो इंडिया, फिट इंडिया' जैसे अनेकों उपक्रम क्यों सीमित होकर रह जाते हैं? वक्त आ गया है कि बेहतर खेल परिणाम पाने की इच्छा में बेहतर खेल सुविधाएं सभी खेलों के खिलाडियों को राष्ट्रीय, राज्य, जिला व खंड स्तर तक उपलब्ध करवाई जाएं। ग्रामीण ओलंपियाड जैसे कार्यक्रम, जो खिलाडियों को आगे बढने के लिए कारगर साबित हो सकते थे, फिलहाल दूर-दूर तक नजर नहीं आ रहे हैं। सफलता के बाद मात्र पीठ थपथपाने से खेल प्रतिभाएं शायद ही निखर पाएंगी।

कुछ अलग

संसद के सलीके

हमारी नई लोकसभा अभी बनी ही है, लेकिन चल नहीं पा रही। चल पाएगी, इसमें शक है। चलकर भी क्या कर पाएगी, कह नहीं सकते। कहावत बहुत पुरानी है जो हर अनुभव के साथ नई होती रहती है कि 'पूत के पांव पालने में ही दीख जाते हैं।' जो पांव दीख रहा है, वह शुभ नहीं है। यदि मैं भूलता नहीं हूं तो कवि विजयदेव नारायण साही ने इस कहावत में एक दूसरी मार्मिक पंक्ति जोड़ दी थी : 'पूत के पांव पालने में मत देखो, वह पिता के फटे जूते पहनने आया है।' इस लोकसभा के बारे में यही पंक्ति बार-बार मन में गूंज रही है। जिस पार्टी ने, जिन पार्टियों के साथ जोड़ बिठाकर सरकार बनाई है, उन सबको मालूम है कि यह वक्ती व्यवस्था है। कौन, पहले, किसे और कब लंगड़ी मारता है, इसी पर इस लोकसभा का भविष्य टिका है, और यह तो सारे संविधानतज्ञ जानते हैं कि लोकसभा के भविष्य पर ही सांसद नाम के निरीह प्राणियों का भविष्य टिका होता है। निरीह इसलिए कह रहा हूं कि पिछले कम से कम 10 सालों से हमारे सांसदों का एक ही काम रहा है, जिसे वे बड़ी शिद्दत से निभाते हैं : सरकार की दी हुई मेज थपथपाना या भगवान की दी हुई हथेलियों से तालियां बजाना। विपक्ष भी ऐसा ही करता है। फर्क है तो बस इतना कि उसके पास कोई प्रधानमंत्री नहीं होता। इस बार उसके पास एक 'छाया प्रधानमंत्री' जरूर है जिसकी छाया कब तक, कहां तक रहती है, देखना बाकी है। हम दुआ करते हैं कि अंग्रेजी के 'शैडो प्राइम मिनिस्टर' का मक्खीमार अनुवाद भले उसे 'छाया प्रधानमंत्री' कहे, नेता प्रतिपक्ष कभी इस प्रधानमंत्री की छाया न बनें। न उनकी छाया में रहें, न उनको छाया दें। ओम बिरला को दोबारा लोकसभा अध्यक्ष बनाने के पीछे प्रधानमंत्री का एक ही मकसद था : विपक्ष को आखिरी हद तक अपमानित करना! बिरला कभी इस पद के योग्य नहीं थे, आज भी नहीं हैं। विद्वता, कार्यकुशलता, व्यवहार कुशलता, वाकपटुता तथा सदन में गरिमामय माहौल बनाए रखने जैसे किसी भी गुण से उनका नाता नहीं रहा है, यह हमने पिछले पांच सालों में देखा है। पता नहीं विपक्ष ने उनका इतना स्वागत व गुणगान क्यों किया! ओम बिरला ने पिछली संसद में जिस तरह विपक्ष को तिरस्कृत व अपमानित किया था, उसे ही दोहराने के लिए इस बार भी उन्हें ही प्रधानमंत्री ने आगे किया है, ताकि विपक्ष व देश समझे कि कहीं, कुछ भी बदला नहीं है। नई लोकसभा के पहले ही दिन वे अपने पुराने अवतार में दिखाई दिए। जिस असभ्यता से उन्होंने दीपेंद्र हुड्डा को अपमानित किया, शशि थरूर के 'जय संविधान' कहने से तिलमिलाए, विपक्ष के सांसदों को कब उठना-कब बैठना सिखाने की फब्ती कसी, वह सब यह समझने के लिए पर्याप्त है कि उन्हें क्या करने का निर्देश हुआ है। राहुल गांधी ने जब यह कहा कि उनका माइक बंद क्यों किया गया, तो अध्यक्ष का जवाब आया कि मैंने पहले भी यह व्यवस्था दी है कि मेरे पास माइक का कोई बटन नहीं है। क्या अध्यक्ष की जानकारी व अनुमति के बगैर ही कोई, कहीं से बैठकर लोकसभा की कार्रवाई में दखल दे रहा है? अगर ऐसा है तो अध्यक्ष चाहिए ही क्यों? जो अनदेखा-अनजाना आदमी बटन बंद कर सकता है, वही लोकसभा चला भी सकता है। इंडिया गठबंधन को तब तक न लोकसभा जाना चाहिए, न राज्यसभा जब तक कि यह बता न दिया जाए कि माइक बंद किसने किया था, किसकी अनुमति या निर्देश से किया था। परंपरा की बात है तो यह समझना जरूरी है कि विपक्ष के नेता की भी परंपराएं हैं। इस अध्यक्ष को न वे परंपराएं पता हैं, न विपक्ष के नेता का मतलब मालूम है। जिन सांसदों का जन्म ही 10 साल पहले हुआ है, उनकी यह त्रासदी स्वाभाविक है।

देश दुनीया से

समुद्र में कार्बन भंडारण से रुकेगी ग्लोबल वार्मिंग

जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए वैज्ञानिक उत्सर्जित कार्बन को वायुमंडल से हटाने के लिए नए-नए तरीके खोज रहे हैं। कार्बन को ठिकाने लगाने के लिए कुछ वैज्ञानिकों का ध्यान समुद्र तल की चट्टानों की और गया है। समुद्र तल पर स्थित बेसाल्ट की चट्टानों के भंडार में कार्बन डाइऑक्साइड को जमा करने की क्षमता है। ये ज्वालामुखीय चट्टानें हमारे वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड को जमा करने की क्षमता रखती हैं। ये ज्वालामुखीय चट्टानें हमारे वायुमंडल से गर्मी को कैद करने वाली गैस को हटाने में मदद कर सकती हैं। वैज्ञानिकों की एक टीम समुद्री तटों के निकट फ्लोटिंग रिग बनाना चाहती है। ये रिग समुद्र तल से तेल निकालने के बजाय उसमें कार्बन डाइऑक्साइड प्रविष्ट करेंगे। अपने स्वयं के विंड टर्बाइनों द्वारा संचालित फ़्लोटिंग प्लेटफ़ार्म आकाश या समुद्री जल से कार्बन डाइऑक्साइड को खींचेंगे और उसे समुद्र तल में छिद्रों में पंप करेंगे। वैज्ञानिक अपनी परियोजना को 'सॉलिड कार्बन' कहते हैं। अगर यह परियोजना उनकी उम्मीद के मुताबिक काम करती है तो तल में प्रविष्ट कार्बन डाइऑक्साइड हमेशा के लिए समुद्र के तल पर एक चट्टान बन जाएगी। प्रोजेक्ट पर काम कर रहे कनाडा के भूभौतिकीविद् मार्टिन शरवाथ ने कहा कि इससे कार्बन भंडारण बहुत टिकाऊ और सुरक्षित हो जाएगा। इस तकनीक से हमें अन्य भंडारण तकनीकों की तरह कार्बन के वायुमंडल में वापस लौटने और वैश्विक तापमान वृद्धि के बारे में चिंता करने की जरूरत नहीं होगी। यह अभी तक निश्चित नहीं है कि ये कार्बन हटाने वाली समुद्री फैक्टरियां उम्मीद के मुताबिक काम करेंगी या नहीं। सबसे पहले विज्ञानियों को समुद्र में एक प्रोटोटाइप का परीक्षण करने के लिए लगभग 6 करोड़ डॉलर की आवश्यकता है। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि दुनियाभर में, बेसाल्ट चट्टानें पृथ्वी के समस्त जीवाश्म ईंधन से निकलने वाले कार्बन से ज्यादा कार्बन को स्थायी रूप से जमा कर सकती हैं। गौरतलब है, इस तरह की तकनीक को अपनाने का मतलब यह नहीं कि जीवाश्म ईंधन को अंधाधुंध तरीके से जलाना सुरक्षित है। फिर भी विज्ञानियों का कहना है कि कुछ रिग ही बड़ा बदलाव ला सकते हैं। शरवाथ के अनुसार कनाडा के पश्चिमी तट से दूर, वैंकूवर द्वीप के पास कैस्केडिया बेसिन में विश्व के 20 साल के कार्बन उत्सर्जन को कैद करने की गुंजाइश है। यहीं पर विज्ञानी एक फील्ड टेस्ट करना चाहते हैं। यह योजना एक रासायनिक प्रतिक्रिया पर आधारित है जो पहले से ही स्वाभाविक रूप से होती है। बेसाल्ट चट्टान अत्यधिक प्रतिक्रियाशील होती है। ऐसी चट्टानें धातुओं से भरी होती हैं जो आसानी से कार्बन डाइऑक्साइड को पकड़ लेती हैं और कार्बोनेट खनिजों का निर्माण करने के लिए रासायनिक रूप से इसके साथ जुड़ जाती हैं। बेसाल्ट भी टूट जाता है और छिद्रपूर्ण हो जाता है, जिससे नए कार्बोनेट के भरने के लिए पर्याप्त जगह बच जाती है। आइसलैंड में कार्बफिक्स नामक एक परियोजना ने इस प्रक्रिया के एक छोटे संस्करण का सफल प्रदर्शन किया है। इस विधि में पानी में कार्बन डाइऑक्साइड को घोला जाता है। फिर उसे भूमिगत बेसाल्ट चट्टान में इंजेक्ट किया जाता है। ये समुद्री कार्बन-भंडारण कारखाने बहुत महंगे उपक्रम होंगे लेकिन यदि हम पृथ्वी को पूर्व-औद्योगिक तापमान पर वापस लाना चाहते हैं तो हमें अंततः ऐसे मेगा-प्रोजेक्ट का सहारा लेना पड़ सकता है। सॉलिड कार्बन उन बुनियादी तात्कालिक उपायों का विकल्प नहीं है, जिनकी दुनिया भर के जलवायु विशेषज्ञ मांग कर रहे हैं। इन उपायों में जीवाश्म ईंधन को नवीकरणीय ऊर्जा में बदलना और खाद्य प्रणालियों के कार्बन उत्सर्जन को कम करना शामिल है। इस बीच, एक अन्य अध्ययन में वैज्ञानिकों ने ऐसे वायरस खोजे हैं जो जलवायु परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। वायरस शब्द हमारे मन में खौफ पैदा करता है लेकिन सभी वायरस खौफनाक नहीं होते। इनकी दूसरी भूमिकाएं भी हो सकती हैं। वैज्ञानिकों ने ग्रीनलैंड की बर्फ पर विशाल वायरस की मौजूदगी का पता लगाया है जो बर्फ के शैवाल को संक्रमित करके आर्कटिक की बर्फ के काले होने और पिघलने को नियंत्रित कर सकते हैं। वायरस के 'विशाल' से चकित न हों। विशाल होने के बावजूद इन वायरस को कोरी आंख से नहीं देखा जा सकता। अभी माइक्रोस्कोप से भी इन्हें नहीं देखा जा सका है। इनकी खोज नमूनों के डीएनए विश्लेषण से हुई। वैज्ञानिकों का कहना है कि इन वायरस का उपयोग करके बर्फ के पिघलने की गति को धीमा किया जा सकता है। इससे जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को रोकने के लिए एक नया रास्ता मिल सकता है। हर वसंत में आर्कटिक के पिघलने पर जीव-जंतु और काले शैवाल सक्रिय हो जाते हैं। शैवाल के सक्रिय होने से बर्फ पिघलने की गति बढ़ जाती है। वैज्ञानिकों का कहना है कि बर्फ के तेजी से पिघलने से होने वाली समस्याओं से निपटने के लिए ये वायरस प्राकृतिक समाधान प्रदान करते हैं। आर्कटिक में महीनों के अंधेरे के बाद हर वसंत में जब सूरज उगता है, तो जीवन वापस आ जाता है। ध्रुवीय भालू अपनी सर्दियों की मांद से बाहर निकलते हैं।

समुद्र तल पर स्थित बेसाल्ट की चट्टानों के भंडार में कार्बन डाइऑक्साइड को जमा करने की क्षमता है। ये ज्वालामुखीय चट्टानें हमारे वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड को जमा करने की क्षमता रखती हैं। ये ज्वालामुखीय चट्टानें हमारे वायुमंडल से गर्मी को कैद करने वाली गैस को हटाने में मदद कर सकती हैं। वैज्ञानिकों की एक टीम समुद्री तटों के निकट फ्लोटिंग रिग बनाना चाहती है। ये रिग समुद्र तल से तेल निकालने के बजाय उसमें कार्बन डाइऑक्साइड प्रविष्ट करेंगे। अपने स्वयं के विंड टर्बाइनों द्वारा संचालित फ़्लोटिंग प्लेटफ़ार्म आकाश या समुद्री जल से कार्बन डाइऑक्साइड को खींचेंगे और उसे समुद्र तल में छिद्रों में पंप करेंगे।

आप का नजरीया

पर्यटन की भगदड़ में

इस बार हिमाचल के पर्यटन सीजन से सोशल मीडिया का युद्ध कुछ हलकों में बाहरी सैलानियों खास तौर पर पड़ोसी पंजाब से एक गलत संदेश का वाहक बना रहा। हालांकि इसके बराबर पंजाब के ही कई पोर्टल व डिजीटल मीडिया ने हिमाचल के पक्ष और यहां के सुकून को जिंदा रखा, फिर भी यह मसला कहीं सुलगा जरूर है और एक आर्थिक व सांस्कृतिक टकराव में चंद सिरफिरों को न्यौता दे रहा है। कुछ पहल या ऐसे घटनाक्रम हिमाचल में भी हुए जहां डलहौजी, मकलोडगंज, मनाली व कुछ और स्थल कुख्यात होने लगे हैं। यहां की टैक्सी का साम्राज्य भी 'पर्यटक संबंधों' को सिर्फ एक सीजन को लूटने का जरिया बन गया है, तो सडक़ पर

इमामे हसन व हुसैन के याद में मुहर्रम का पर्व मनाया गया

प्रखंड मुख्यालय के डाडी चौक और सिमरिया कर्बला मैदान में जुलूस निकाला गया

❖दोनों अखाड़े में कईगांवों का जुलूस था शामिल

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमरिया : प्रखंड मुख्यालय के डाड़ी चौक और सिमरिया कर्बला मैदान में इमामे हसन व हुसैन के याद में मुहर्रम का पर्व मनाया गया। डाड़ी स्कूल चौक में डाड़ी, बकचौमा,पुंडरा,पगार, खापीया, सडमा, मूर्वे, केवटा एवं सिमरिया कर्बला मैदान में सिमरिया, बन्हे,लिपदा, फतहा, सबानो यादि गांव का अखाड़ा शामिल था। दोनों जगहों पर सिमरिया पुलिस की तैनाती मौजूद थी। जहां मजिस्ट्रेट भी प्रशासन के तरफ से नियुक्त की गई थी। ताकि किसी तरह का कोई अप्रिय घटना ना घटे। आपको बता दें कि मुहर्रम का पर्व इमामे हसन और हुसैन की याद को ताजा प्रत्येक वर्ष की जाती है। इमामे हसन और हुसैन ने इस्लाम फैलाने तथा सच्चाई को लेकर आहुदियों से जंग किए थे। जहां जंग के दौरान आज के दिन हीं उनकी शहादत हो गई थी।आहुदियों ने छल से इमामे हसन व हुसैन को जंग में शहादत दिया था। इसी के याद में इस्लाम पसंद लोग मुहर्रम का पर्व मनाते है। हालांकि मुहर्रम गम का महीना है चुकी इसी दिन उनकी शहादत हुई थी। इमामे हसन व हुसैन के याद में लोग रोजे रखते हैं फातिहा करते है। वहीं सभी अखाड़े में युवकों ने एक से एक हैरत एंगेज करतब दिखाया जो दर्शकों ने दाते तले उंगली दबाने को मजबूर हो रहे थे। लाठी,भाला,तलवार का एक से बढ़ कर एक परिचालन का कर्तव्य दिखाया गया।मेले में मिठाइयां से लेकर बच्चों के खिलौने भी जम कर बिके ।मेले में हजारों की भीड़ शामिल था।

शांति पूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ मुहर्रम पर्व

प्रभात मंत्र संवाददाता

बारियातू : प्रखंड क्षेत्र में बुधवार को मुहर्रम का त्योहार शांति व सौहार्द वातावरण में संपन्न हो गया ,प्रखण्ड मुख्यालय सहित साल्वे, इटके, शिब्ला, नावाडीह, बठेठ, रत्नादाग, फुलसु के अलावा कई मुस्लिम धर्मावलंबियों ने मुहर्रम का पर्व आपसी सौहार्दता के साथ शांति पुर्ण वातावरण से मनाई. सुबह सें ही मनमोहक ताजिया के साथ मुस्लिम समुदाय द्वारा जुलुस निकलना शुरू हो गया था ,जो अपने इमाम बाडा के पास समाप्त हुआ . इस दौरान जगह-जगह युवा वर्ग अपने करतब दिखाते हुए नजर आए. युवा खिलाड़ीयों ने? अपने करतब दिखाए. जमकर लाठीयाँ भांजी इस दौरान या हुसैन, या अली समेत कई नारे लगाए जा रहे थे. . वही जुलुस में शान्ति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर थाना प्रभारी राजा दिलावर सहित दर्जनों पुलिस जवान जगह जगह पर तैनात रहकर,असमाजिक तत्वो पर पैनी नजर रखे हुए थे .मौके पर भारी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग सामिल रहे.

डोभा में डूबने से बृद्ध की मौत

बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता) : बालूमाथ थाना क्षेत्र के रजवार पंचायत के मुंडा टोली में मंगलवार की शाम मनरेगा द्वारा बनाए गए डोभा में डूबने से फिलिप्स केरकेट्टा 70 वर्ष की मौत हो गई।जहां मनरेगा द्वारा बनाए गए डोभा में फिसल कर गिर गया और उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि फिलिप्स केरकेटा मंगलवार की शाम अपने घर नहीं पहुंचा तो बुधवार को खोजबीन करने पर उसका शव डोभा में पाया गया। घटना की सूचना पाकर बालूमाथ पुलिस घटना स्थल पर पहुंच गई लेकिन गांव वाले पोस्टमार्टम के लिए तैयार नहीं हुए इधर गांव की मुखिया उर्मिला देवी ने भी पुलिस को यह लिखकर दे दिया कि यह स्वाभाविक मौत है इसलिए पोस्टमार्टम नहीं कराया जा सकता है ।इसके बाद पुलिस वापस लौट गई ।लेकिन कुछ ग्रामीणों ने नाम नहीं छापने के शर्त पर बताया कि मनरेगा द्वारा जो डोभा बनाया गया था । जिसको छुपाने के लिए गांव के मुखिया ने मामला को रफ़ा दफा करने के ख्याल से बिना पोस्टमार्टम के ही शव दफना दिया। जबकि बृद्ध का पोस्टमार्टम अगर कराया जाता तो उसे आपदा प्रबंधन विभाग के द्वारा चार लाख मुआवजा मिल जाता।

लोक तंत्र के रक्षा करने वाले के निधन से अपूरणीय क्षति : तिलेश्वर साव

टंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता) : कमता गांव निवासी राजद नेता मो. जसमुद्दीन अंसारी के आकष्मिक निधन पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष तिलेश्वर साव ने गहरी शोक संवेदना प्रकट करते हुवे उनकी आत्मा शांति की कामना किया। इनके आकष्मिक निधन से समाज को अपूर्णीय क्षति हूवा है। ऐसे शेर दिल व्यक्ती लाखो मे एक होते हैं श्री साव ने कहा कि 1999 मे जब माओवादियों के द्वारा लोक सभा चुनाव का बहिस्कार किया गया था तो इन्होने बहिस्कार को धत्ता बताते हुए लोक तंत्र के पर्व को बचाते हुए पहला वोट किया था। जिसके बाद माओवादियों ने फौजी कारवाई कर इनका दाहिना हाथ काट कर अलग कर दिया था। इसके बाउजूद वे लोकतंत्र के पर्व मे आज तक वोट करते रहे है। इनके निधन से पुरा क्षेत्र शोक मे डुबा है।



आदिवासी छात्र नेता ने भाजपा को वोट नहीं देने का लिया निर्णय

लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता) : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के झारखंड प्रदेश कार्यकारणी सदस्य कमलेश उराँव ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि चतरा लोकसभा के सांसद कालीचरण सिंह से नाराजगी है।उन्होनें कहा कि गोनिया गांव से बारात गया था चतरा जहां दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई वहीं दूसरे पक्ष ने गोली बारूद के बात की इसी बीच कमलेश उराँव को जानकारी मिली तो उन्होंने संज्ञान को लेते हुए सांसद कालीचरण सिंह को कॉल किया तो सांसद ने कहा इतना रात को कॉल किया,हम क्या करें , कुछ नहीं कर सकते हैं।,रखो कॉल कह कर कॉल काट दिए नाराजगी जताते हुए उराँव ने कहा कि विधानसभा में बीजेपी को तगड़ा झटका लग सकता है।

कभी बच्चों की खिलखिलाहट से चहकने वाला पार्क हुआ वीरान, प्रशासन की बेरुखी से पसरा सन्नाटा

लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता) : पर्यटन के मामले में लातेहार झारखंड के किसी भी जिले से पीछे नहीं है लेकिन इसे दुर्भाग्य ही कहा जा सकता है कि जिला मुख्यालय के आसपास एक भी ऐसा स्थान नहीं है, जहां लोग अपने परिवार के साथ जाकर घूम सकें वहीं लातेहार में पार्क की कमी को पूरा करने के लिए लातेहार के पूर्व उपायुक्त अबु इमरान के प्रयास से जिला मुख्यालय से सटे ललमटिया डैम के इलाके को बेहतर पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया गया था।डैम के पास ही एक चिल्ड्रेन पार्क भी बनाया गया।इस स्थल को विकसित किए जाने के बाद लातेहार के लोगों को एक बेहतर पर्यटन स्थल भी मिल गया था। यहां प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में लोग घूमने आते थे और पार्क का इलाका बच्चों की खिलखिलाहट से गुलजार रहता था।प्रशासन के द्वारा भी इस स्थान पर सुरक्षा के साथ-साथ आम लोगों के लिए आवश्यक सुविधा भी बहाल की गई थी।सुरक्षा और सुविधा दोनों मिलने के कारण प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंचते थे और घंटे बैठकर प्रकृति की सौंदर्यता का लुत्फ उठाते थे।

महुआडांड़ प्रखण्ड मुख्यालय समेत अन्य गांवों में निकाला गया मोहर्रम का जूलूस

प्रभात मंत्र संवाददाता

महुआडांड़ : प्रखंड में मोहर्रम का त्योहार धूमधाम व शांतिपूर्ण सौहार्दपूर्ण वातावरण में से मनाया जा रहा है।वही बुधवार को महुआडांड़ प्रखण्ड मुख्यालय समेत प्रखंड के ग्राम लुरगुमी, शाहपुर,परहाहाटोली ,ओरसा, कापू , हामी, मायापूर समेत अन्य गांव के इमाम बाड़ा से मुहर्रम के पहलाम का जुलूस निकला गया जो निर्धारित मार्ग पर होते हुए अपने अपने इमाम बाड़ा के पास जुलूस पहुंच कर समाप्त हुआ। जूलूस में या अली,या हुसैन समेत अन्य नारा लगाए जा रहे थे। जूलूस के दौरान जगह जगह पर खिलाड़ियों के द्वारा लाठी डंडा समेत तलवार समेत अन्य करतब दिखाने वाले सामग्रियों से एक से बढ़कर एक करतब दिखाए जा रहे थे। जूलूस में भारी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल थे।वहीं महुआडांड़ मुख्यालय में सुबह 6;0 बजे से मोहर्रम के पहलाम का जूलूस निकाला गया।जो सुबह जरहाटोली से प्रारंभ होकर गुरगुटोली,अम्वांटोली, महुआडांड़,डिपाटोली बिरसा चौक फुलवार बगीचा, रामपूर और पूण- डिपाटोली होते हुए अपने अपने इमाम बाड़ा के पास पहुंच कर जुलूस समाप्त किया गया।जिसमें मुख्य रूप से सदर इमरान खान,सिक्रेट्री मजहर खान, सहाबुद्दीन खान,मो इस्तेखार अहमद, मो आजाद, पूर्व सदर मो फहिम खान, मो रानु खान, मो रिन्कु,नुरूल हसन, बसारत अली शेरु परवेज आलम, समेत भारी संख्या में मुस्लिम धर्मावलंबी मौजूद थे। वहीं जूलुस में महुआडांड़ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी हिमांशु चंद्र मांझी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अमरेन डांग,थाना प्रभारी अवनीश कुमार पुलिस प्रशासन के लोगों के द्वारा शान्ति पूर्ण तरीके से मोहर्रम का त्यौहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए जुलूस में शामिल रहें।

प्रखंड के विभिन्न स्थानों से निकला मोहर्रम जुलूस, शांतिपूर्ण संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

पत्थलगड़ा : पत्थलगड़ा प्रखंड क्षेत्र में मुहर्रम त्योहार शांति पूर्ण तरीके से बुधवार को संपन्न हो गया। मोहर्रम को लेकर प्रखंड के विभिन्न कमेटी द्वारा ताजिया के साथ तासापार्टी, डीजे के साथ जुलूस निकाला गया। जुलूस में भारी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल थे। इस दौरान बरवाडीह पंचायत के आजाद मोहल्ला पक्का कुआं, रोशन कमेटी बड़ा चौक बरवाडीह इस्लामनगर, बनवारा, नवाडीह बाजोबार, डामोल जगन्नाथी, सिंघानी व विभिन्न गांवों में जुलूस निकाला गया। इससे पूर्व बीते देर शाम थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी, व मोहर्रम कमेटी अध्यक्ष मौलाना महफूज रहमान ने आजाद मोहल्ला पक्का कुआं में संयुक्त रूप से फीता काटकर मोहर्रम अखाड़ा का उद्घाटन किया। जुलूस में शामिल युवा विभिन्न प्रकार के खेलों की प्रदर्शन किया। जुलूस की सुरक्षा व्यवस्था के लिए जगह-जगह पुलिस बल के साथ दंडाधिकारी की टीम तैनात व साथ थी। वही त्यौहार को शांतिपूर्ण संपन्न कराने में मो0सिराजुल, मो0 उद्दूद, मो0 कुर्बान, मो0 शाबान, मो0 इसराइल, मो0 समीर, मो0 इकराम, मो0 कलीम, मो0 मुहिम, समसुल मियां, मो0 अहसान, रहमान मियां, मो0 सजिब, मो0 कामरुख, मो0 सहियाज, मो0 जुल सरदार, मो0 नईम, मो0 मंसूर, मो0 मंजूर, मो0शमीम, मो0 अलाउद्दीन, मो0 तौहीद मो0 इजराफिल, मो0 खुशबाश, मो0 अब्दुल्ला समेत दोनो समाज कई गणमान्य लोग ने अहम भूमिका निभाई।

दशवी तिथी को बुधवार को निकाली गई मुहर्रम की मातमी जुलूस। पढ़ी गई ईमाम हुसैन के मसीहा

प्रभात मंत्र संवाददाता

प्रतापपुर : प्रखंड के बभने पंचायत अंतर्गत गुरिया में शांति सौहार्द वातावण में मोहर्रम की भव्य जुलूस निकाली गई है । मौके पर स्थानीय प्रशासन सहित कई समाज सेवियों ,बुद्धिजीवियों ने मिलकर सौहार्दपूर्ण वातावरण में मोहर्रम जुलुस को सफल बनाने में महती भूमिका निभाई। हिंदू समुदाय मुस्लिम समुदाय के लोगों के साथ मिलकर लाठी का कर्तव्य अदा की ।मौके पर सैकड़े हिंदू मुस्लिम समुदाय के महिला पुरुषों ने मोहर्रम का मातमी जुलूस का लुत्फ उठाया। जुलुस ग्राम+पंचायत सिद्की से प्रारंभ होकर गुरीया, सोनवर्षा बभने, प्रतापपुर प्रखण्ड मुख्यालय,चौक, मुख्य मार्ग ,थाना विभिन्न मार्गो से होकर एक ताजिया दुसरे से मिलान किया गया।वही इस बार ताजिया की बनावट बहुत ही आकर्षक ढंग से की गई थी। हालाकि हर वर्ष की भांति इस बार भी प्रखंड के गोमे, कारूडीह, बभने, हुमाजांग ,भरही, चरका, घोरीघाट, सहित कई इलाके में धूमधाम के साथ मातमी जुलूस हिंदू मुस्लिम एकता के साथ शान्ति सौहार्द वातावरण में निकाली जाने की सूचना प्राप्त हो रहीं हैं। मौके पर पूर्व मुखिया सुकन मिया , बढ़ो शाह , *अंसारी ,जमीर खान, जफीर खान, समिद खान, इंतेयाज खान, मुमताज खान, मोशार्फ खान , लियाकत अंसारी , आवास मिया , इकबाल मिया , समशाद खान , अलीमुद्दीन मिया ,राजू मिया ,सहित सैकड़ों लोगों ने शिरकत की।

मुहर्रम पर्व शांति पूर्ण मनाने को लेकर शिला में पुलिस ने किया गया भ्रमण

भ्रमण के दौरान इंस्पेटर उमेश राम,शिला ओपी थाना प्रभारी बिष्णु भोगता ने ग्रामीणों से किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमरिया : थाना क्षेत्र के शिला ओपी क्षेत्र के शिला में मुहर्म पर्व शांति पूर्ण मनाने को लेकर पुलिस ने भ्रमण किया । भ्रमण के दौरान इंस्पेटर उमेश राम, शिला ओपी प्रभारी बिष्णु भोगता ने जुलूस के प्रभावित क्षेत्रोंबको भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान मौजूद लोगों से मुलाकात कर शांति पूर्ण पर्व मनाने की बात कही। वहीं आम ग्रामीणों से मुलाकात की और हंसी खुशी इमामे हसन हुसैन का यादगार मनाने की बात कही। मौजूद ग्रामीणों ने कहा कि यहां किसी तरह का कोई भेदभाव नहीं रहता है। हम सभी एक दूसरे के जुलूस पर्व में शामिल रह कर प्यार मुहबत के साथ पर्व मनाते आ रहे हैं और मनाते रहेंगे। मौके पर ग्रामीणों के अलावे दर्जनों पुलिस कर्मी शामिल थे।

वादा निभाओ स्थायी करो कार्यक्रम के तहत मनरेगा कर्मी का सांकेतिक हड़ताल आज से

प्रभात मंत्र संवाददाता

मयूरहंड (चतरा) : केंद्र सरकार और राज्य सरकार की बेरुखी के बाद मनरेगा कर्मी वादा निभाओ स्थायी करो कार्यक्रम के तहत 18 तारीख यानि गुरुवार आज से सांकेतिक हड़ताल पर जा रहे हैं। ग्राम पंचायत रोजगार सेवक डॉ सुनील कुमार दास ने इस बाबत प्रभात मंत्र से दो टूक कहा वर्षों से मनरेगा कर्मी अपने-अपने प्रखंड के लिए विकास का रोड मैप तैयार करने में दिन-रात लगे रहते हैं लेकिन मनरेगा कर्मियों की परेशानियों से ना तो केंद्र सरकार को ना ही राज्य सरकार को कोई मतलब है।रोजगार सेवक ने साफ तौर पर कहा कि केंद्र सरकार से लेकर राज्य सरकार हम सभी मनरेगा कर्मियों को वर्षों से ठगते आ रही है जो अब नहीं चलेगा। सरकार को वादा निभा स्थायी करो की नीति को अपनाना ही होगा अन्यथा हम सभी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे और इसकी सारी जिम्मेदारी दोनों सरकारों की होगी।आपको बताते चले की मनरेगा योजना के तहत मनरेगा मजदूरों को प्रतिवर्ष जीवन- यापन करने के लिए 100 दिनों की रोजगार गारंटी यानि काम दी जाती है।उक्त मजदूरों को रोजगार देने में मनरेगा कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है लेकिन इन्हीं मनरेगा कर्मियों को लेकर राज्य सरकार से लेकर केंद्र सरकार की नीति जो है वह कभी स्पष्ट नहीं हो सका है जिसके कारण अब करने का कर्मी हड़ताल का रुख कर चुके हैं ऐसे में मनरेगा योजना पूर्ण रूप से प्रभावित होने की बात कही जा रही है। वैसे तो इन दिनों जितने भी अनुबंध कर्मी हैं सभी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर कहीं काला बिल्ला लगाकर काम कर रहे हैं तो कहीं सांकेतिक हड़ताल पर और कहीं धरना प्रदर्शन तो कहीं अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने का संकल्प ले रखे हैं। ऐसे में राज्य सरकार और केंद्र सरकार कौन सी नीति अपनाकर इन अनुबंध कर्मियों के लिए रास्ता निकालती है यह समय ही बताएगा।

परियोजना पदाधिकारी ने नारियल जूस पिलाकर ट्रक मालिकों का भूख हड़ताल तुड़वाया

प्रभात मंत्र संवाददाता

बालूमाथ : बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में सीसीएल द्वारा संचालित मगध कोलियरी वर्ष 2018 का भाड़ा लागू करने की मांग को लेकर 24 घंटे से भूख हड़ताल पर बैठे ट्रक मालिकों का भूख हड़ताल परियोजना पदाधिकारी एस0सतनारायण ने नारियल पानी पिलाकर समाप्त कराया । आंदोलन का नेतृत्व कर रहे बालूमाथ उप-प्रमुख कामेश्वर राम को परियोजना पदाधिकारी परियोजना पदाधिकारी ने नारियल पानी पिलाया ।इस दौरान परियोजना पदाधिकारी की अध्यक्षता में ट्रक मालिकों के साथ वार्ता हुई ।जिसमें ओम अनंत राज एंटरप्राइजेज कंपनी लिफ्टर औरंगजेब हाशमी डीओ नंबर 625 एवं विजय साव लिफ्टर ,डीओ नंबर 531,523,580 524,538,599 द्वारा एशोसिएशन के नियमों को मानते हुए एग्रीमेंट पेपर में लिखित दिया कि वे निर्धारित भाड़ा का भुगतान करेंगे ।पेपर का पैसा खर्च नहीं लेगे अनलोडिंग ?700 ऑफिस खर्चा या मुंसियाना के नाम पर 500 रुपया लेंगे । तब जाकर उनके डीओ का काम चालू कर दिया गया ।वही बाकी अन्य डीओ जो एशोसिएशन को लिखित नही दिया गया जिस कारण उनका कार्य बंद रहेगा । मौके पर ट्रक मालिकों ने जानकारी देते हुए कहा कि जब तक सभी डीओ होल्डर वार्ता के लिए नहीं आ जाते हैं । तब तक धरना जारी रहेगा । मौके पर वार्ता के दौरान भाजपा नेता सह विस्थापित नेता चेतलाल रामदास ने कहा कि सीसीएल ने हम लोगों की जमीन पर माइंस खोला है । लेकिन अब तक पुनर्वास एवं मुआवजा की राशि का भुगतान नहीं किया है। विस्थापित-प्रभावित गांव के लोगों ने रोजगार के लिए ट्रक खरीदा लेकिन ट्रांसपोर्टर की मनमानी के चलते ट्रक मालिक आत्महत्या करने की कगार पर है ।लोगों के रोजगार का मुख्य साधन ट्रक है ।अगर ट्रक नहीं चलेगा तो मगध में हाईवा भी नहीं चलेगा ।मौके पर विस्थपित नेता त्रिवेणी साव,सतनारायण साव,मिथुन कुमार,मोहन साव,शंभू साव,राजेश राम, के अलावे प्रभावित दीपू गुप्ता,कमलेश सिंह,बबलू चौरसिया,बालूमाथ ट्रक ऑनर एशोसिएशन अध्यक्ष संजीव सिन्हा,केदार साव,रंजीत यादव,मदन साव कुंडी,विनय कुमार,मुकेश कुमार मो.जुनेद,सुनील यादव,रोहित कुमार पंकज सिन्हा,दिनेश कुमार,खुशियाल साव,विशुन यादव,महेंद्र यादव,कुलदीप यादव,संतोष यादव, गंगेश्वर यादव समेत कई लोग मौजूद रहे । इससे पूर्व मनिका विधायक रामचंद्र सिंह धरना में शामिल हुए थे ।और संगठन की मांग को जायज बताते हुए मुख्यमंत्री से बात करने की बात कही थी । और कहा था कि आप लोग एक शिष्टमंडल बनाये और मामले को लेकर रांची चलकर मुख्यमंत्री से मुलाकात मैं कराऊंगा ।

खुलेआम मानकों का उड़ाया जा रहा माखौल, खुले मे बिक रहा मांस

हाईकोर्ट के निर्देशों का भी नही हो रहा अनुपालन, मांस-मछली की दुकानें बांट रही बीमारी

प्रभात मंत्र @ कुणाल यादव

हजारीबाग : नगर निगम क्षेत्र मे कुछ एक मांस बिक्री की दुकानों को अगर छोड़ दिया जाए तो वे नियमों की अनदेखी कर खुलेआम सड़कों पर मांस बेच रहे है. इन दुकानों पर मांस को बिना ढके टांगा जाता है, जिन पर मक्खियां भिनभिनाती हैं. संक्रमण का खतरा बना रहता है. नियमों के अनुसार बिना अनुज्ञप्ति मांस की दुकान पर रोक है. साथ ही खुले में तो बिल्कुल भी इसकी बिक्री नहीं की जा सकती है. धड़ल्ले से चल रही ऐसी दुकानों के संचालकों पर इसका कोई असर नहीं दिखता. बिना किसी खौफ के नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए मांस बिक्री का कारोबार चल रहा है. वहीं इन रास्तों से रोजाना गुजरने वाले तमाम वरीय प्रशासन और पुलिस के अधिकारी भी मानो इससे मुंह फेर लेते हैं. खुले में चल रहीं मांस की दुकानों पर अंकुश लगाने को लेकर झारखंड हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी नगर निगम हाथ पर हाथ धरे बैठा है.

सफाई का नहीं रखा जाता है कोई ख्याल

शहर में बकरे और मुर्गे की दुकानें सड़क के किनारे गुमटियों ,अस्थाई दुकानों व स्थायी दुकानों से संचालित हो रही हैं. हैरत की बात यह है कि दुकानदार बकरे और मुर्गे को सड़क के किनारे काट कर बिना ढके लटका देते हैं जिससे बीमारी तो फैलता ही है साथ ही इसे देख मार्ग से गुजरने वाले स्कूली बच्चे भी सहम जाते हैं. उनके बाल मन पर बुरा प्रभाव पड़ता है. साफ-सफाई के अभाव में तेज दुर्गंध निकलती हैं. महिलाएं नाक बंद कर दुकानों के रास्ते से गुजरती हैं. शाकाहारी लोगों का तो और भी बुरा हाल हो जाता है. भले ही यह कुछ लोगों के लिए स्वादिष्ट व्यंजन हो, लेकिन अधिकतर लोगों का खुले में मांस की बिक्री देख मन विचलित हो जाता है.

क्या कहते हैं खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी : हजारीबाग के खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश गुग्गी का कहना है की खुले मे मांस बिक्री करना गैर कानूनी तो है ही इससे बीमारी फैलने का भी खतरा रहता है खासकर बरसात के दिनों मे संक्रमण का खतरा और बढ़ जाता है. उन्होंने आगे कहा की उन्होंने इस संबंध मे नगर निगम को पत्र लिखकर अवैध दुकानों पर कार्यवाई करने को कहा है.

क्या कहना है नगर निगम के डिप्टी कमिश्नर का : नगर निगम क्षेत्र मे खुले मे हो रहे माँस की बिक्री के संबंध मे पूछे जाने पर नगर निगम के डिप्टी कमिश्नर विनय कुमार ने कहा की इस पर उनका ध्यान है . एक टीम का गठन किया गया है ताकि अवैध तरीके से हो रहे माँस की बिक्री पर रोक लगाया जा सके.

क्या है नियम

प्रिवेंशन ऑफ क्रूएल्टी टू एनिमल एक्ट 1960 के तहत अवैध मांस की दुकान लगाना, पशुओं की हिंसा, और उनका गलत तरीके से ढोना प्रतिबंधित है। इस क्रूरता को रोकने के लिए पशु चिकित्सा विभाग, नगर निगम, और पुलिस प्रशासन को शक्तियां दी गई हैं, लेकिन इनका प्रयोग नहीं हो रहा। बिना लाइसेंस के चल रही दुकानों को नगर पर्षद बंद करा सकता है या हटवा सकता है।

नियम के अनुसार:-

- बिना अनुज्ञप्ति के मांस दुकान नहीं चल सकती।
- मांस खुले में नहीं बिकना चाहिए, दुकानों पर काले कपड़ों में ढका होना चाहिए।
- जानवरों के अवशेष यहां-वहां नहीं फेंके जाने चाहिए।
- औजारों को विसंक्रमित करने के बाद ही जानवरों को काटा जाना चाहिए।
- स्कूल या धार्मिक स्थलों के पास मांस की दुकानें नहीं होनी चाहिए।

विकलांग विद्यालय में बच्चों संग मनाई माता की पुण्यतिथि

▶ सहायक प्राध्यापक जगेश्वर रजक की मां दिवंगत कमली देवी को दी गई श्रद्धांजलि

▶ बच्चों को कराया गया भोजन, बांटी गई पोशाक

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मुकुंदगंज, हजारीबाग के सहायक प्राध्यापक जगेश्वर रजक ने बुधवार को अपनी माता कमली देवी की 10वीं पुण्यतिथि हुरहरू स्थित विकलांग विद्यालय के बच्चों संग मनाई। जगेश्वर रजक की माता का आकस्मिक निधन 17 जुलाई 2015 को हो गया था। कमली देवी के पति हजारीबाग सदर प्रखंड के सिलवारखुर्द निवास महावीर रजक फिलहाल बीएसएफ मेरू में पदस्थापित हैं। जगेश्वर तीन भाई और एक बहन में सबसे छोटे भाई हैं। उनके एक भाई का भी निधन असमय हो गया। जगेश्वर कहते हैं कि वह उन बच्चों के साथ मां की पुण्यतिथि मना कर मन में शुकून महसूस करते हैं, जो अपने परिवार से दूर रहते हैं। इस मौके पर शारीरिक रूप से लाचार उन बच्चों को कुछ सौगात देकर उन्हें यह अनुभूति नहीं होने देते हैं कि बच्चे मां-बाप से दूर हैं। उन्होंने अपनी माता की पुण्यतिथि पर प्रार्थना कर बच्चों को भोजन कराया और उनके बीच पोशाक बांटी। श्रद्धांजलि सभा में कमली देवी की बहुत सह रसोइया संघ की सदस्य धर्मी देवी, गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मुकुंदगंज, हजारीबाग प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष मनोज कुमार, प्राचार्य डा.अरविंद कुमार यादव, आईक्यूएसी को-आर्डिनेटर डा.बसुंधरा कुमारी, सहायक प्राध्यापक गुलशन कुमार, शिक्षक रामावतार रविदास, सहायक नंदकिशोर कुमार, आवासीय विकलांग विद्यालय की संचालिका अंजू सिन्हा, सेविका सविता कुमारी आदि मौजूद थीं।

आर्य भट्ट इंस्टिट्यूट के कॉम्पिटिशन विंग के चार विधार्थी एसएससी जीडी रिटेन एग्जाम में हुए सफल

▶ संस्थान की स्थापना से आज तक करीब 250 से अधिक विद्यार्थी सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं में कार्यरत हैं : संचालक अरुण

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरही : हज़ारीबाग स्तिथ दी आर्य भट्ट इंस्टीट्यूट के कॉम्पिटिशन विंग के चार विधार्थी एसएससी जीडी के रिटेन परीक्षा में सफलता हासिल किया। जिनमें तिलैया रोड के निर्मल प्रसाद केशरी के पुत्र दीपक कुमार केशरी, पंचमाधव के प्रमेश्वर रविदास पुत्र सोनू कुमार व राजु राणा के पुत्र आदित्य राणा, धनवार के राजेश राणा के पुत्री खुशबु कुमारी ने सफलता हासिल किये। उपरोक्त जानकारी संस्थान संचालक अरुण शर्मा ने दिया।उन्होंने संस्थान की स्थापना से आज तक अपने उपलब्धि बताया कि करीब 250 से अधिक विद्यार्थी सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं में कार्यरत हैं। कॉम्पटीशन क्लासेज की तैयारी करा रहें रांची के शिक्षक शशि का कहते हैं कि विधार्थियों की सफलता उनकी योग्यता होती है, शिक्षक सिर्फ मार्गदर्शन देने का कार्य करते हैं।सफल विद्यार्थी में सोनू, दीपक,आदित्य एवं खुसबू अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता एवं दी आर्य भट्ट परिवार को दिया है।

हजारीबाग के शहर काजी बने मुफ्ती अब्दुल जलील साहब, प्रेस वार्ता कर दी कई जानकारियाँ

प्रभात मंत्र संवाददाता

हज़ारीबाग़ : हज़ारीबाग़ जामा मस्जिद स्थित दारुल क़ज़ा में आज बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन हुआ । बता दें की प्रेस कॉन्फ़्रेंस को संबोधित करते हुए दारुल क़ज़ा मैनेजिंग कमिटी के अध्यक्ष इरफ़ान अहमद काजू ने जानकारी देते हुए बताया कि जामा मस्जिद के पेशे इमाम मुफ़्ती अब्दुल जलील साहब को हजारीबाग का शहर क़ाज़ी नियुक्त किए गयें है । जो की हम सभी के लिए काफ़ी ख़ुशी की बात है । प्रेस कॉन्फ़्रेस के दौरान दारुल क़ज़ा मैनेजिंग कमिटी के पदाधिकारियों ने फूलो का गुलदस्ता देकर मुफ़्ती अब्दुल जलील साहब को मुबारकबाद दी । बताते चलें कि अब्दुल जलील साहब पिछले 5 वर्षो से हज़ारीबाग़ जामा मस्जिद में ईमामत करेत आ रहे हैं । साथ ही दारूल कजा शरीयत के शहर काजी भी दायित्व सम्भाल रहे है। प्रेस को संबोधित करते हुए हज़ारीबाग़ के नव नियुक्त शहर क़ाज़ी ने बताया कि अब मुस्लिम शादियों का सरकार से मान्यताप्राप्त सर्टिफिकेट दिया जाएगा । जिस काजी ने विवाह संपन्न कराया है, वह निकाहनामा जारी कर सकता है जो विवाह प्रमाणपत्र होता है। कानूनी कारणों से , जैसे पासपोर्ट, बैंक खाता खोलना,वीज़ा, आपातकालीन स्थिति में सहमति आदि के लिए यह सलाह दी जाती है कि मुस्लिम विवाह को विवाह रजिस्ट्रार के पास पंजीकृत कराया जाना चाहिए। निकाहनामा, निकाह या मुस्लिम विवाह का पर्याप्त सबूत है । वहीं इस प्रेस कांफ्रेंस में दारूल कजा के मैनेजिंग कमीटी के अध्यक्ष ईरफान अहमद (काजू) जामा मस्जिद के सदस्य हाजी कौयूम अहमद, रफज ईमाम, मो0 शाहिद हाजी नेजाम, मा. साजिद , महताब आलम आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

झारखंड प्रजापति कुम्हार महासंघ की हुई बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : झारखंड प्रजापति कुम्हार महासंघ जिला कार्यसमिति की बैठक मटवारी स्थित रीत वैंकवेट हॉल में बुधवार को हुई हुई।बैठक शुरुआत अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष नरेंद्र प्रजापति उर्फ पप्पू और संचालन लीलाधन प्रजापति ने किया।इस अवसर पर मौजूद अतिथियों को संगठन की ओर से अंग वस्त्र और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। बैठक में समाज के प्रदेश अध्यक्ष देवनारायण प्रजापति,बेरमो के पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल,प्रदेश महामंत्री ईश्वरचंद प्रजापति,परारतु के जिला परिषद सदस्य राजाराम प्रजापति मौजूद थे। प्रदेश अध्यक्ष देवनारायण प्रजापति ने कहा कि संगठित समाज ही राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर अपनी पहचान बना सकता है।उन्होंने समाज के लोगों से संगठित होकर एक दूसरे के सुख दुख में सहभागी बन एकता का मिशाल पेश करने की सलाह दी। पूर्व विधायक योगेश्वर महतो, बाटुल ने कह कि समाज जाग चुका है। प्रजापति समाज हमेशा से राजनीतिक शिकार होते रहा है।जिसका परिणाम है कि हमारा समाज सामाजिक राजनीतिक शैक्षणिक और आर्थिक दृष्टि से पिछड़ा है।उन्होंने समाज हित में बात करने वाले को सहयोग करने की बात कही।महामंत्री ईश्वर चंद प्रजापति ने कहा कि संगठित समाज को आसानी से राजनीतिक पहचान मिलता है।उन्होंने समाज के लोगों को संगठित होकर राजनीतिक शैक्षणिक और सामाजिक क्षेत्र में मिलकर काम करने पर बल दिया।पतरातु के जिप सदस्य राजा राम प्रजापति ने कहा कि, राजनीतिक पंडितों ने उपयोग कर हमे दूध की मक्खी की तरह निकल फेंका है जिस कारण समाज राजनीतिक क्षेत्र में पिछड़ा है।समाज जब संगठित होगा तभी जिला राज्य और देश स्तर पर पहचान मिल सकता है। बैठक के माध्यम से हजारीबाग के युवा समाजसेवी सह अधिवक्ता इंद्र कुमार पंडित को झारखंड प्रजापति कुम्हार महासंघ का जिला मंत्री के पद पर मनोनयन उपस्थित पदाधिकारियों के द्वारा किया गया। बैठक को प्रदेश उपाध्यक्ष संजय प्रजापति,प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय प्रजापति, कटकमसांडी 20 सूत्री उपाध्यक्ष नरसिंह प्रजापति,प्रदेश संगठन मंत्री पप्पू पंडित,गोपाल पंडित, गुरुदयाल प्रजापति,संरक्षक देवनारायण प्रजापति,सुखदेव प्रजापति पंसास लक्ष्मी देवी,मीना देवी ने संगठन की मजबूती पर बल दिया।बैठक को सफल बनाने में जिला सचिव रंजन प्रजापति,संगठन मंत्री शिव उर्फ पच्चू प्रजापति, कोषध्यक बीरेंद्र प्रजापति ,जिला मीडिया प्रभारी गणेश कुमार प्रजापति, तपेश्वर प्रजापति, गजेंद्र प्रजापति, राजेश प्रजापति, जगदीश पंडित, अजय प्रजापति, इंद्र कुमार पंडित ,महेश प्रजापति, निर्मल प्रजापति, बिसुन धारी प्रजापति, ललिता पंडित, पम्मी देवी, आशा देवी, ललिता देवी, पुष्पा देवी, बिजवा देवी,सुनीता देवी, अनिता देवी का सहयोग रहा।

महूदी की घटना को लेकर सांसद मनीष जायसवाल हुए गंभीर

राज्य में बैठे अपने आका को खुश करने के लिए कर रहें हैं एक पक्षीय कार्यवाई : मनीष जायसवाल

▶ पुलिस के पिटाई से घायल भोला प्रसाद के पक्ष से एफआईआर के लिए सौंपा आवेदन, प्रशासन को दिया अल्टीमेटम 19 जुलाई तक दोषियों पर नहीं हुआ कारवाई तो बड़कागांव थाने के बाहर देंगे अनिश्चितकालीन धरना

प्रभात मंत्र संवाददाता

बड़कागाव : हजारीबाग जिले के बड़कागांव प्रखंड के महुदी गांव में रामनवमी मार्ग पर लगाए गए प्रतिबंध को हटाने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे आंदोलनकारी अमन कुमार और अजय सिंह को सोमवार की रात पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। महुदी प्रकरण को लेकर घटना की जानकारी मिलते ही हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल गंभीर हुए और बुधवार को उन्होंने खुद बड़कागांव के महूदी पंहुचकर हालात का जायजा लिया। सांसद मनीष जायसवाल ने महुदी, शिवाडीह, सोनपुरा, हरली, विश्रामपुर, नयाटांड़, चोपदार बलिया सहित आसपास के कई गांवों में पंहुचकर स्थानीय लोगों से मिलकर बात की। पुलिस की पिटाई से घायल हुए भोला महतो के पक्ष से बड़कागांव थाने को आरोपी पुलिसकर्मी पर कारवाई करने हेतु एफआईआर करने हेतु आवेदन दिया गया ।

हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने प्रशासन को 19 जुलाई तक संबंधित दोषियों पर कार्रवाई करने का आग्रह किया अन्यथा अल्टीमेटम देते हुए कहा की अगर कार्यवाई नहीं हुई तो 19 जुलाई के बाद बड़कागांव थाने के समक्ष अनिश्चितकालीन धरने पर बैठेंगे। बड़कागांव दौरे के पश्चात मीडिया से बात करते हुए सांसद मनीष जायसवाल ने कहा की पूरे बड़कागांव क्षेत्र में अराजकता का माहौल है और जिला प्रशासन मुकदर्शक बना हुआ है। यह घटना प्रशासन की विफलता का परिणाम है। पुलिस और प्रशासन के लोग राज्य की सरकार में बैठे अपने आकाओं को खुश करने के लिए एकपक्षीय कार्रवाई कर रहे हैं और एक पक्ष को डराकर दबा रहें हैं। उन्होंने कहा की इसी घटना में गांव के भोला महतो को पुलिस द्वारा बेरहमी से मारा पीटा गया। महुदी में रामनवमी रूट पर लगाए गए प्रतिबंध को हटाने की मांग को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन कर रहे अमन कुमार और अजय सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा की महुदी में लोकतांत्रिक तरीके से शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे अमन कुमार और अजय कुमार को गिरफ्तार कर बाजार जेल भेज देने के पीछे प्रशासन का लक्ष्य था कि मोहर्रम का जुलूस पार किया जा सके। एक ही जगह पर रामनवमी मार्ग पर प्रतिबंध लगाया जाता है और दूसरी और मोहर्रम जुलूस प्रशासनिक अधिकारी के संरक्षण में पार कराया जाता है यह झारखंड में तुष्टिकरण की पराकाष्ठा की राजनीति को बखूबी प्रदर्शित करता है।

सांसद मनीष जायसवाल ने बड़कागांव क्षेत्र के लोगों से शांति बनाए रखने की अपील करते हुए अफवाहों से सावधान रहने को कहा। उन्होंने यह भी कहा की प्रशासन द्वारा एक पक्षीय करवाई कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा ।

टाटीझरिया में शांतिपूर्वक मना मुहर्रम पर्व

टाटीझरिया । प्रखंड के झरपो ,भराज़ो, खैरा, डहरभंगा, डूमर, धर्मपुर, बेड़म, टाटीझरिया पंचायत के विभिन्न गांवों में मुहर्रम त्यौहार बहुत ही शांति पूर्ण तरीके से मनाया गया। वही टाटीझरिया प्रखंड और थाना क्षेत्र के विभिन्न मुहर्रम मेला अखाड़ा में शांति व्यवस्था कायम करने के लिए बीडीओ रश्मि खुशबू मिंज ,सीओ निलम टुडू , थाना प्रभारी सुजीत कुमार अपने दल बल के साथ मौजूद थे । मेले परिसर में आए रंग बिरंगे अद्भुत ताजिया देखा गया जो बहुत ही आकर्षक और मनमोहक था। इस्लाम धर्म के लोगों ने इस रोज भाई चारगी का मिशाल कायम किया उन्होंने हिंदुओ से भी गले से गले लगाया हाथ मिलाया और मुहर्रम त्यौहार का मुबारक बाद कहा । हसन हुसैन सरवारिया हुसैन के नारे खूब लगाए गए। वही मेले में आए बच्चो ने समोसा चाट लड्डू चाउमिन अनेकों चटपटा और स्वादिष्ट व्यंजन को चख आनंद लिया। वही बताते चले की झरपो के तिरंगी मोड़ चौक में पूर्व की भांति इस वर्ष भी मुहर्रम त्यौहार के अवसर पर मेले आखाड़े का आयोजन किया गया । जहां मेले और मुहर्रम त्यौहार को सफल बनाने में तैय्यब मियां,मुख्तार अंसारी,इब्राहिम अंसारी,मनीर आलम सदर, हनीफ मिया, मासूक अंसारी, दिलाबर अंसारी, अनावर अंसारी, अख्तर अंसारी, रशुल मियां, बुधन , युशूफ, अलाउद्दीन,बसीर, सुभानी अंसारी, इमित्याज, समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

हजरत इमाम हुसैन की याद में निकले ताजिया और निशान सौहार्द से मनाया गया मुहर्रम

बरही : कर्बला के मैदान में हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में या हुसैन या अली के नारे के साथ ताज़िए और निशान निकाले गए। बरही के विभिन्न गांवों में सौहार्द के साथ मुहर्रम मनाया गया। बरही के भंडारो, गरजामो, बैजलाडीह में इस मौके पर लाठी खेल का प्रदर्शन किया गया। लाठी खेल में पूर्व जिप प्रतिनिधि मो कैयूम, उप प्रमुख देवलाल कुशवाहा, मुखिया अर्जुन रविदास, मुखिया मंसूर अंसारी, पूर्व मुखिया दशरथ यादव, उप मुखिया सुखदेव यादव, पंचयात समिति सदस्य रमजान अंसारी, मंसूर आलम, मो सलामत, महताब आलम, अफजल अंसारी, सुनील ठाकुर, मौलाना सुलेमान, मुख्तार मियां,इलियास मियां, नकुल कर्णदेव, अब्बास अंसारी समेत गांव के हिन्दू मुस्लिम सहित अन्य ग्रामीण शामिल थे।

झरपो में जंगली हाथी मचा रहे जमकर उत्पात

टाटीझरिया । प्रखंड के झरपो, भराजो व खैरा पंचायत में इन दिनों लगातार जंगली हाथियों द्वारा उत्पात मचाने की घटनाएं प्रकाश में आ रही है। अब तक प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवो में सैकड़ों घरों को जंगली हाथियों ने अपनी निशाना बनाया है। कई किसानो के खेत में लगे फसलों को अपने पैरो तले रौंदकर बर्बाद कर देते हुए कई लोगो को अपने पैरो तले कुचलकर मार दिया ।जिससे क्षेत्र के लोगो में काफी भय व्याप्त है लोग डरे सहमें अपने जीवन आपन कर रहे है। बता दे की 17 जुलाई मंगलवार रात्रि लगभग 2:00 बजे झरपो पंचायत के समाज सेवी सह किसान छोटन कुमार पिता स्व. तूफानी महतो ,महेश प्रसाद पिता स्व. गल्लू महतो,राधेश्याम प्रसाद कुशवाहा पिता स्व. जागो महतो,अशोक प्रसाद के फसल खेत में बने लाखो रुपए की लागत से सीमेंट ईट बालू से निर्मित चार दिवारी (बाउंड्री वॉल) को तोड़ फोड़ कर दिया। किसानो ने सबंधित विभाग से मुआवजा की मांग किया है ।बता दे की झरपो भराजो खैरा जरगा बलिया लोहंडी के किसानो ने बताया कि वन विभाग अधिकारी गणों को अब तक कई बार फोन किया गया।लेकिन वे दो से तीन बार फोन करने पर आमजनता के मोबाइल नंबर को ब्लैक लिस्ट सूची में डाल देते हैं। नाराजगी जताते हुए लोगो ने उग्र होकर यह भी कहा की वन विभाग अधिकारी यदि मामले को संज्ञान में नहीं लिया तो हम सभी क्षेत्रवासी संयुक्त रूप से झारखंड सरकार से वन विभाग के अधिकारी गणों की लापरवाही को लेकर सूचित कर कार्यवाही की मांग करेंगे।

अविनाश ने समाज के लिए किया प्रेरणाश्रोत कार्य : मनोज यादव

बरही : सामुहिक आदर्श आदर्श विवाह समारोह में शामिल हुए बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव। इस दौरान उन्होंने सभी नव विवाहित जोड़ो को आर्शीवाद देकर उन्हें उपहार सौंपा। पूर्व विधायक ने कहा कि अविनाश आर्या ने समाज के लिए प्रेरणाश्रोत कार्य किया है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार को मिलाने का पुनीत कार्य किया है। पूर्व विधायक के साथ भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जीप सदस्य प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, शिक्षक संजय दुबे, सुरेन्द्र दास, राजकुमार दास, मनोज सिंह, भाजपा नेता भगवान केशरी, स्थानीय मुखिया शमशेर आलम, अशोक यादव, युगल यादव, संदीप चंद्रवंशी, सुनील शेखर, राजकुमार केशरी, आकाश जायसवाल, सहित अन्य लोग मौजुद थे।

हजरत इमाम हुसैन की याद में निकले ताजिया और निशान सौहार्द से मनाया गया मुहर्रम

बरही : कर्बला के मैदान में हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में या हुसैन या अली के नारे के साथ ताज़िए और निशान निकाले गए। बरही के विभिन्न गांवों में सौहार्द के साथ मुहर्रम मनाया गया। बरही के भंडारो, गरजामो, बैजलाडीह में इस मौके पर लाठी खेल का प्रदर्शन किया गया। लाठी खेल में पूर्व जिप प्रतिनिधि मो कैयूम, उप प्रमुख देवलाल कुशवाहा, मुखिया अर्जुन रविदास, मुखिया मंसूर अंसारी, पूर्व मुखिया दशरथ यादव, उप मुखिया सुखदेव यादव, पंचयात समिति सदस्य रमजान अंसारी, मंसूर आलम, मो सलामत, महताब आलम, अफजल अंसारी, सुनील ठाकुर, मौलाना सुलेमान, मुख्तार मियां,इलियास मियां, नकुल कर्णदेव, अब्बास अंसारी समेत गांव के हिन्दू मुस्लिम सहित अन्य ग्रामीण शामिल थे।

मारवाड़ी युवा मंच के द्वारा गरीब लड़की को सिलाई मशीन प्रदत की गई

रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता): मारवाड़ी युवा मंच रामगढ कैंट शाखा द्वारा 9 दिवसीय कार्यक्रम के तहत बुधवार को नंद किशोर अग्रवाल के सम्मान में उद्यमिता विकास के अंतर्गत एक जरूरतमंद लड़की को, जो कि सिलाई में निपुण होने के बावजूद भी पैसे के अभाव के कारण सिलाई मशीन नहीं ले पा रही थी, इसी को देखते हुए मारवाड़ी युवा मंच रामगढ कैंट शाखा के सदस्यों द्वारा एक सिलाई मशीन प्रदत किया गया।सिलाई मशीन मिलने पर उक्त लड़की ने मंच का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे मुझे वित्तीय स्वतंत्रता के साथ साथ स्वावलंबी भी बनने का मौका मिलेगा। मौके पर मंच के सदस्य आशीष अग्रवाल, धीरज बंसल, राहुल अग्रवाल, अमित अग्रवाल, विजय खंडेलवाल, प्रशांत अग्रवाल, आयुष बजाज, राहुल बेरलिया, प्रदीप अग्रवाल, संतोष गोकुलका, नीतेश बेरलिया मौजूद थे।

मूलभूत जरूरतों को बेहतर बनाने के उद्देश्य से चुना राजनीति का रास्ता : अजहर इस्लाम

पाकुड़(प्रभात मंत्र संवाददाता): पाकुड़ विधानसभा से पहली बार चुनावी मैदान में उतरने की तैयारी में जुटे युवा समाजसेवी अजहर इस्लाम ने एक खास इंटरव्यू में कहा कि मूलभूत जरूरतों को बेहतर बनाने के उद्देश्य से ही राजनीति का रास्ता चुना है। उन्होंने कहा कि मेरे पिताजी अली अकबर साहब जमीनी स्तर से उठकर यहां तक पहुंचे हैं। पिताजी ने गरीबी को काफी करीब से देखा है।इसलिए उन्होंने गरीबों के दुख दर्द को समझते हुए हमेशा उनकी समस्याओं को दूर करने का प्रयास किया है। अजहर इस्लाम ने कहा कि समाज में अक्सर मतभेद या विवाद की स्थिति देखी जाती है। परिवार के बीच ही बड़ा-बड़ा विवाद उत्पन्न हो जाता है। मेरे पिताजी अली अकबर साहब ने बड़े से बड़े विवाद को अपने स्तर से खत्म करते हुए दोनों पक्षों को मिलाने का काम किया है। इससे लोगों को कोर्ट कचहरी का चक्कर लगाने से राहत मिला है। आर्थिक, शारीरिक और मानसिक रूप से नुकसान झेलने से बचें हैं। किसी को आर्थिक रूप से तो किसी को इलाज के जरिए या फिर दूसरे माध्यम से भी समाज का सेवा करते रहे हैं। पिछले करीब बीस साल से पिताजी को समाज सेवा करते देखा है। जिससे मैं काफी प्रभावित हुआ हूं। मैं और मेरा छोटा भाई मजहर इस्लाम ने मिलकर पिताजी के समाज सेवा को आगे बढ़ाने का काम किया है। पिताजी की भावना और इच्छाओं को बल देने का काम किया है। मैं भाई के साथ मिलकर लंबे समय से गरीब परिवारों के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनता हूं और दूर करने का प्रयास करता हूं। मैंने महसूस किया कि क्षेत्र में लोगों को जो मूल सुविधाएं मिलनी चाहिए, वो नहीं है। आज भी पानी और बिजली जैसी इंसान की सबसे ज्यादा जरूरत वाली चीजों का अभाव है। मैंने सोचा की राजनीति में आकर लोगों की जरूरतों पर बेहतर तरीके से काम कर सकता हूं। इसलिए मैंने चुनावी मैदान में उतरने का फैसला लिया। इसके लिए मैंने ग्रामीणों से बातचीत भी की। ग्रामीणों ने मुझे हौंसला दिया और समर्थन का वादा भी किया। अजहर इस्लाम ने कहा कि मैं लगातार ग्रामीणों के बीच जा रहा हूं। मुझे महसूस हुआ कि लोग स्थानीय तौर पर जनप्रतिनिधि चाहते हैं। ग्रामीणों के साथ बातचीत में यह बात सामने आ रही है कि अगर स्थानीय तौर पर जनप्रतिनिधि या विधायक मिले तो अपनी बातों को आसानी से रख सकते हैं। अजहर इस्लाम ने एक सवाल के जवाब में कहा कि किस पार्टी से या किस सिंबल से चुनाव लड़ेंगे, इसकी घोषणा भी जल्द करने वाले हैं।

कोल कंपनी डीबीएल के एचआर से रंगदारी मांगने वाले बबलू मुर्मू हथियार के साथ गिरफ्तार

पाकुड़(प्रभात मंत्र संवाददाता): पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार की बनाई टीम ने डीबीएल कोल कंपनी के एचआर प्रिंस कुमार से रंगदारी मांगने वाले एक आरोपी को हथियार के साथ गिरफ्तार करने में कामयाबी पाई है। अमड़ापाड़ा थाना क्षेत्र के आलूबेड़ा के रहने वाले आरोपी बबलू मुर्मू को बरमसिया चौक के पास गिरफ्तार किया गया है। आरोपी बबलू मुर्मू के पास से रंगदारी के 1 लाख 20,500 रुपए भी मिले हैं। पुलिस ने गिरफ्तारी के दौरान मौके से देशी राइफल और रुपए के साथ-साथ एक कार को भी जब्त किया है। एसडीपीओ डीएन आजाद ने बुधवार को अपने कार्यालय कक्ष में प्रेस वार्ता में बताया कि 15 जुलाई को शाम 6~30 बजे देसी हथियार के बल पर आरोपी बबलू मुर्मू ने डीबीएल कंपनी के एचआर प्रिंस कुमार से रंगदारी मांगा था। इस दौरान गाली गलौज और धमकी भी दी गई थी। कंपनी के एचआर की जान मारने का भी प्रयास किया गया। एचआर ने घटना की लिखित जानकारी अमड़ापाड़ा थाना प्रभारी को दिया। थाना प्रभारी ने वरीय पदाधिकारी के समक्ष मामले को रखा। इसके बाद वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। पुलिस की टीम बबलू मुर्मू की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी करने लगी। इसी दौरान सूचना मिली कि वह बरमसिया चौक पर घूम रहा है। पुलिस की टीम सूचना के मुताबिक चौक पर पहुंची और बबलू मुर्मू को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद तलाशी लेने पर उसके पास से एक देशी राइफल बरामद हुआ। आरोपी ने राइफल का प्रयोग घटना के दिन किए जाने की बात को कबूला है। एसडीपीओ डीएन आजाद ने कहा कि बबलू मुर्मू के पास से रंगदारी से वसूले गए 1 लाख 20,500 रुपए भी बरामद हुआ है। इसके बाद एक कार को भी जब्त किया गया है। एसडीपीओ डीएन आजाद ने कहा कि आरोपी बबलू मुर्मू का अपराधिक इतिहास रहा है। वह साल 2011 में हत्या के एक मामले में जेल जा चुका है। एसडीपीओ डीएन आजाद ने पत्रकारों के एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि आरोपी बबलू मुर्मू के नक्सली से जुड़े होने जैसे बिंदुओं पर भी जांच किया जाएगा। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से दहशत फैलाकर धन शोषण करना ही ऐसे अपराधियों का काम होता है। आरोपी बबलू मुर्मू के खिलाफ सुसंगत धाराओं के साथ अमड़ापाड़ा थाना कांड संख्या 37/2024 दर्ज किया गया है।

जिरूल-चालधोवा सड़क जर्जर होने से लोग परेशान

बोरियो(प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड के जिरूल पीडब्ल्यूडी सड़क से चालधोवा गांव तक जाने वाली ग्रामीण सड़क की स्थिति काफी जर्जर है। यह करीब 9 किलोमीटर सड़क पर जगह-जगह गड्ढे उभरने से जल जमाव रहता है । जिरूल, पथरा मिशन, कोलखा, बेड़ा टोला चसगांवा , नया-टोला सोसो टोला , दमगी आदि गांवों के पास सड़क काफी खराब है । इस ग्रामीण सड़क पर दर्जनों गांवों के लोगों का प्रतिदिन आवागमन होता है । इस सड़क मे कई बार लोग दुर्घटना के शिकार हुए हैं . जिससे लोग आवागमन करने के दौरान भयभीत रहते हैं . इस सड़क पर आवागमन करने वाले लोगों को अक्सर दुर्घटना की आशंका बनी रहती है . सच तो है कि यह जर्जर सड़क दुर्घटना को आमंत्रण दे रही है . जानकारी के अनुसार तात्कालीन भाजपा विधायक ताला मरांडी के अथक प्रयास के बाद तीन वर्ष पहले सड़क की मरम्मति हुई थी । लेकिन वर्तमान में सड़क की स्थिति खराब है। ग्रामीण पंचानंद साहा , महावीर साह , संजय ठाकुर , प्रकाश मरांडी , जेम्स मुर्मू , फ्रांशिस मुर्मू , आदि थे ।

यादे हुसैन में मनाया गया मुहर्रम का त्यौहार ताजिया के साथ निकला जुलूस

प्रभात मंत्र संवाददाता

गोला : प्रखंड क्षेत्र सहित आसपास के कई गांवों में बुधवार को हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में मनाया जाने वाला मुहर्रम का पर्व शांति, सौहार्द्र व भाईचारे के साथ मनाया गया। इसे गोला, मगनुपर, सोसोकलां, पुरबडीह, चाड़ी, बंदा, कुसुमडीह, बरियातु, साड़म, संग्रामपुर, बेटुलकलां आदि जगहों से इमामबाड़ा से ताजिया निकाला गया। जुलूस में नारे तकबीर अल्लाहो अकबर, या अली, या हसैन या हुसैन नारों से गूंज उठी।खिलाड़ियों को खेल का प्रर्दशन दिखाने के लिए कई जगहों में अखाड़े बनाए गए थे सभी जगहों पर अलग प्रदर्शन करते हुए युवाओं ने लाठी,

भाला, फरसा व अन्य परंपरागत हथियारों का खेल करते हुए हैरतअंगेज करतब व कला का प्रदर्शन किया।मेले में उपस्थित हजारों लोगों ने खेल का आनन्द उठाया। इधर नवमी व दसमी का जुलूस निर्धारित मार्गो से होकर गुजरते हुए ईदगाह में संपन्न हुआ। पैकाहे इमामबाड़ा में पहुंचकर ताजिया के इर्द गिर्द चक्कर लगाते हैं वहीं औरतें शिरनी फातेहा करने के लिए पहुंचती हैं साथ ही घरों में भी फातेहा की जाती है तथा कब्रिस्तानों में पहुंचकर मैय्यत के लिए दुआएं कि जाती हैं।जुलूस में शामिल युवाओं ने लाठी. डंडा दिखाए। दसमी जुलूस को लेकर प्रशासन की ओर से व्यापक तैयारी की गई थी। इस मौके पर शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर जगह जगह पुलिस बलों की तैनाती की गई थी। पूरी व्यवस्था पर थाना प्रभारी हरिपद टूडू खुद नजर रखे हुए थे। मौके पर मुहर्रम कमिटी के ऐक्टिव मेम्बर व सदर मोबिन अख़्तर, सेक्रेटरी सनोवर अंसारी, मेम्बर जमाल मुज्तबा, मुख्तार अंसारी, सईद अंसारी, गुलाम सरवर उर्फ भूषण, तसलीम अंसारी, यहिया अंसारी, हसन इमाम अंसारी, अली ईमाम अंसारी, महफूज आलम,पंचायत समिति सदस्य अमीरून निशा आदि कई लोग मौजूद थे।

चालीस वर्षीय विवाहित महिला ने परिवार से तंग आकर कर ली आत्महत्त्या

प्रभात मंत्र संवाददाता

महेशपुर : महेशपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत रद्दीपुर ओपी क्षेत्र निमडंगा गांव के हिसा टोला की एक 40 वर्षीय विवाहित महिला ने पति-पत्नी की आपसी विवाद से तंग आकर मंगलवार देर शाम को गांव दूर बहियार में अर्जुन पेड़ के सहारे रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाबत परिजनों को तब मिली जब गांव के ही कुछ किसान हल लेकर खेत जोताई के लिए घटना स्थल की ओर जा रहे थे। तभी अचानक अर्जुन के पेड़ में झूलता महिला पर पड़ी, किसानों ने देखकर गांव वालों को बताया। उक्त घटना ख़बर आग की तरह पूरे गांव में फैल गई। इस घटना की सूचना मिलते ही मृतिका के चुनू सोरेन घटना स्थल पहुंचकर उसने देखा तो उसकी पत्नी जितमुनी मुर्मू ही है।

विस्थापित समिति उरीमारी ने सीसीएल सीएमडी एन के सिंह से कि मांग

हर हाल में उरीमारी में ही स्थापित हो महाप्रबंधक कार्यालय : दशई मांझी

प्रभात मंत्र संवाददाता

उरीमारी : विस्थापित समिति उरीमारी के प्रतिनिधि मंडल बुधवार को रांची स्थित सीसीएल दरभंगा हाउस कार्यालय में सीसीएल सीएमडी एन के सिंह से शिष्टाचार मुलाकात किया। वहीं इसका नेतृत्व विस्थापित नेता दशई मांझी ने किया। सीसीएल सीएमडी एन के सिंह से मुलाकात के पश्चात उन्हें पगड़ी,गमक्षा व मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। इसदौरान विस्थापित नेता दशई मांझी ने उरीमारी व बिरसा परियोजना से संबंधित विभिन्न समस्याओ से सीसीएल सीएमडी को अवगत कराया। जिसमे विस्थापितों कि सीसीएल द्वारा ली गई जमीन के बदले नौकरी देने। विस्थापितों को उजाड़ने से पुर्व पुर्णवास व मुवावजा देने। बिरसा

परियोजना में पुरानी मशीनो को हटाकर नई मशीन देने। बरकासयाल महाप्रबंधक कार्यालय को उरीमारी में स्थानांतरित करने कि मांग कि गई। जिसपर सीसीएल सीएमडी एन के सिंह ने विस्थापित नेता दशई मांझी को आश्वस्त करते हुए कहा कि इस मामले पर उचित पहल किया जाएगा। वहीं विस्थापित नेता दशई मांझी ने यह भी कहा कि सीसीएल सीएमडी बहुत ही गंभीरतापूर्वक हमारी बातों को सुना। जिससे हम सभी विस्थापितो को उम्मीद है कि हमारी समस्याओ पर यथाशिघ्र निराकरण होगा। सीसीएल सीएमडी से मिलने वालों में कार्तिक मांझी, दिनेश करमाली,सुखू मांझी, रैना टुडू,तालों हांसदा, शिकारी टुडू, मनोज सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

घुरती रथ के साथ हुआ ऐतिहासिक भंडरा रथ यात्रा समापन

प्रभात मंत्र संवाददाता

भंडरा : लोहरदगा नौ दिन तक मौसीबाड़ी में रहने के बाद भगवान जगन्नाथ,बलभद्र और सुभद्रा बुधवार को रथ पर रथाआरुढ हो कर अपने धाम लौट गए। भगवान को मौसीबाड़ी से ठाकुरबाड़ी तक पहुंचाने को लेकर भक्तों में एक होड़ नजर आई। ऐतिहासिक भंडरा रंथ यात्रा में भगवान का रथ खींचने और भगवान को ठाकुरबाड़ी तक पहुंचाने को लेकर श्रद्धालु उत्साहित नजर आए। हरिबोल जय श्री राम के नारे से पूरा क्षेत्र भक्ति सरोवार मे डूब गया. लोगों ने भगवान के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया। भंडरा में ऐतिहासिक रथ यात्रा का आयोजन किया जाता है। घुरती रथ यात्रा के मौके पर भगवान के दर्शन को लेकर लोगों में एक उत्सुकता दिखाई दी। सुबह से ही लोग भगवान के दर्शन को लेकर उत्साहित थे। प्रसिद्ध अखिलेश्वर धाम के समीप स्थित मौसीबाड़ी में गुरूवार की रात भक्ति जागरण का आयोजन भी किया गया था। जिसमें कलाकारों द्वारा एक से बढ़ कर एक भक्तो गीत से संगीत प्रेमी दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया. कार्यक्रम मे राधा मोहन शर्मा,किशोरी मोहन शर्मा, ईश्वरी मोहन शर्मा,लौकेश दुबे,

प्रकाश प्रजापति आदि का भरपूर सहयोग रहा। बुधवार को घुरती रथ यात्रा के साथ ही भंडरा ऐतिहासिक रथ यात्रा मेला का समापन हो गया है। महिला-पुरूष और युवाओं में रथ यात्रा मेला को लेकर एक उत्साह का संचार दिखाई दिया। लोगों ने भगवान के दर्शन कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि को लेकर प्रार्थना की। रथ यात्रा मेला को लेकर मेला टार्ड में अस्थाई दुकानें सजी हुई थी। जिससे में लोगों ने चाट,फुचका,मिठाई,खिलौना आदि की भी खूब खरीददारी की। लोगों की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी। ऐतिहासिक भंडरा रथ मेले मे भगवान जगरनाथ का रथ जैसे ठाकुर बाड़ी पंहुचा भक्तो की भीड़ लग गई भगवान के द्वारा मौसी बाड़ी से लाये सन्देश लेने के भक्तो की भीड़ उमड़ पड़ी।

हजरत इमाम की याद में सादगी से मनाया गया मोहर्रम, निकाला गया आकर्षक ताजिया

अखाड़ा जुलूस में युवाओं की टोली ने दिखाया हैरतअंगेज करतब

प्रभात मंत्र संवाददाता

पाकुड़ : जिले भर में बुधवार को हजरत इमाम हुसैन की याद में मोहर्रम सादगी के साथ मनाया गया। इमाम हुसैन की शहादत और कुर्बानी को याद किया गया। इस अवसर पर पारंपरिक तरीके से आकर्षक ताजिया भी निकाला गया।ताजिया के साथ हजारों की संख्या में मुस्लिम समाज के लोग चल रहे थे। पुरुषों के साथ-साथ महिलाएं और बच्चें भी खूबसूरत ताजिया के साथ चल रहे थे। इस दौरान हजरत इमाम हुसैन को याद करते हुए नारों से शहर गूंज रहा था। पिछले कई दिनों से ताजिया बनाने का काम चल रहा था। अलग-अलग तीन-तीन कमेटियों के ओर से आकर्षक ताजिया बनाने का काम चल रहा था। कमेटी के अध्यक्ष, तमाम पदाधिकारी एवं सदस्यों की देखरेख में कारीगर ताजिया को आकर्षक रूप दे रहे थे। बता दें कि पाकुड़ शहर में तीन कमेटी के द्वारा सालों से ताजिया जुलूस निकाला जाता है। इनमें हाटपाड़ा, हरिणडंगा और आसनढीपा कमेटी शामिल है। इस अवसर पर अखाड़ा जुलूस में शामिल युवाओं ने पारंपरिक हथियार के साथ हैरतअंगेज करतब दिखाकर सबको हैरान कर दिया। युवाओं की टोली पारंपरिक हथियार तलवार और लाठी भांजने का करतब दिखाकर सबको चौंकाया। ताजिया के साथ-साथ चल रहा अखाड़ा जुलूस शहर के चौक चौराहों पर रुकी और युवाओं की टोली ने पारंपरिक खेल का प्रदर्शन किया। इधर मोहर्रम पर इशाकपुर गांव स्थित दीवान पीर में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने मजार पर चादर भी चढ़ाया।

शांतिपूर्ण माहौल में मुहर्रम मनाने में पुलिस की रही बड़ी भूमिका

ताजिया एवं अखाड़ा जुलूस को लेकर प्रशासन मुस्तैद दिखी। पुलिस बल जुलूस के साथ-साथ मौजूद दिखा। शहर के चौक चौराहों पर भी पुलिस बल की तैनाती की गई थी। ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटना घटित नहीं हो और शांतिपूर्ण तरीके से मोहर्रम का समापन हो। पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, एसडीपीओ डीएन आजाद, नगर थाना प्रभारी अनुप रौशन भेंगड़ा सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी असामाजिक तत्वों पर नजर बनाए हुए थे। बताना जरूरी होगा कि शांतिपूर्ण माहौल में मोहर्रम मनाने को लेकर विभिन्न थाना में शांति समिति की बैठक की गई थी। आला अधिकारी स्वयं ही बैठक कर अधीनस्थ अधिकारियों को दिशा निर्देश दे रखा था। यह कहना गलत नहीं होगा कि सौहार्द के साथ शांतिपूर्ण माहौल में मोहर्रम मनाने में प्रशासन की बड़ी भूमिका रही

हरिणडांगा मोहर्रम कमिटी ने अतिथियों और खिलाड़ियों को किया सम्मानित

कमिटी ने बतौर अतिथि एसडीपीओ दयानन्द आज़ाद, एसडीओ प्रवीण करकेट्टा, मशहूर समाजसेवी लुत्फ़ल हक, जनसम्पर्क अधिकारी राहुल कुमार, अंचल निरीक्षक आदि को साफा पहनाकर सम्मानित किया।

प्रभारी पद पर बने रहेंगे शिक्षक गुलाब शेख, डीएसई ने बीईईओ के आदेश को किया निरस्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

पाकुड़ : सदर प्रखंड अंतर्गत नव प्राथमिक विद्यालय केतकापाड़ा के शिक्षक गुलाब शेख प्रधान शिक्षक के पद पर बने रहेंगे। जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीएसई) नयन कुमार रजक ने बीईईओ सुमिता मरांडी के उस आदेश को निरस्त कर दिया है, जिसमें प्रभारी के पद से हटाने का आदेश दिया था। जिला शिक्षा पदाधिकारी नयन कुमार रजक ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। जिसमें कहा गया है कि नव प्राथमिक विद्यालय केतकापाड़ा में विद्यालय विकास एवं पोशाक मद की राशि समय पर खर्च नहीं किए जाने की वजह से बीईईओ ने 11 जून 2024 को गुलाब शेख को प्रधान शिक्षक के पदभार से मुक्त करने का आदेश दिया है। नव प्राथमिक विद्यालय केतकापाड़ा के प्रधान शिक्षक गुलाब शेख ने 3 अप्रैल 2024 को विद्यालय विकास में प्राप्त राशि की व्यय से संबंधित प्रतिवेदन बीईईओ को दिया था। प्रधान शिक्षक गुलाब शेख एवं केतकापाड़ा के ग्रामीणों की ओर से प्राप्त आवेदन पर विचार विमर्श के बाद बीईईओ के द्वारा 11 जून 2024 को निर्गत आदेश को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाता है। हालांकि इस मामले में डीएसई नयन कुमार रजक ने महेशपुर क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी को नव प्राथमिक विद्यालय केतकापाड़ा के द्वारा खर्च राशि से संबंधित वस्तु स्थिति की जानकारी देने को कहा है। उल्लेखनीय है कि एक लिखित शिकायत पर बीईईओ सुमिता मरांडी ने उक्त विद्यालय का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के बाद बीईईओ ने प्रधान शिक्षक गुलाब शेख के द्वारा विकास की राशि, पोशाक खरीदारी आदि में गड़बड़ियां पाए जाने की बात कही थी। बीईईओ सुमिता मरांडी ने गुलाब शेख को प्रभार से हटाते हुए एक अन्य शिक्षक जहांगीर आलम को प्रभार सौंपने का आदेश दिया था। पहला आदेश के बाद प्रभार नहीं छोड़ने पर दूसरा आदेश भी जारी किया गया था। इसके बावजूद शिक्षक गुलाब शेख ने जहांगीर आलम को प्रभार नहीं सौंपा। इसको लेकर शिक्षक जहांगीर आलम भी कार्यालय का चक्कर काटते रहे। इधर डीएसई नयन कुमार रजक ने बीईईओ सुमिता मरांडी के आदेश को निरस्त कर दिया। हालांकि महेशपुर क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी का राशि खर्च का रिपोर्ट आना अभी बाकी है।

झामुमो के केन्द्रीय सचिव के आवास पर दर्जनों युवाओं ने थामा पार्टी का दामन

झामुमो परिवार से जुड़ने वाले सभी सदस्यों का पार्टी में स्वागत है : संजीव बेदिया

प्रभात मंत्र संवाददाता

उरीमारी : उरीमारी के जरजरा स्थित झारखंड मुक्ति मोर्चा के केन्द्रीय सचिव संजीव बेदिया के आवास पर बुधवार को झामुमो रामगढ़ जिला उपाध्यक्ष वरेन्द्र यादव के नेतृत्व में लबगा पंचायत के दर्जनों युवाओं ने झामुमो पार्टी कि सदस्यता ग्रहण किया। वहीं इस मौके पर झामुमो के केन्द्रीय सचिव सह राज्य परिवहन पदाधिकार समिति के सदस्य संजीव बेदिया उपस्थित थे। मौके पर संजीव बेदिया ने सभी युवाओं को झामुमो पार्टी का गमछा देकर उनका झामुमो पार्टी में स्वागत किया। इसदौरान संजीव बेदिया ने कहा कि झामुमो पार्टी आंदोलनकारीयो कि पार्टी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कि विकास निती से प्रभावित होकर प्रतिदिन झामुमो पार्टी में

लोग जुड़ रहे हैं। मैं झामुमो परिवार में जुड़ने वाले सभी सदस्यों का पार्टी में स्वागत करता हूं। झामुमो पार्टी जमीन से जुड़ी हुई पार्टी है और कार्यकर्ता ही पार्टी कि नींव होते हैं। वहीं झामुमो पार्टी कि सदस्यता ग्रहण करने वालो मे हजारीबाग जिला सचिव निलकंठ महतो, किशोर कुमार ठाकुर,दिपक कुमार,वकिल साव, संजीव मुंडा, आनंद मुंडा, विक्की मुंडा, रोशन मुंडा, बागेश्वर मुंडा, प्रिंस मुंडा, प्रकाश मुंडा, राजेन्द्र बेदिया,मोहन साव, मिंटू यादव, विशाल मुंडा,अर्पन मुंडा,सचित साव आदि लोग मौजूद थे।

भगवान वापस लौटे अपने धाम भक्तों को देंगे नित्य दिन दर्शन

प्रभात मंत्र संवाददाता

सेन्हा : लोहरदगा प्रखंड क्षेत्र में घूरती रथ यात्रा शांति पूर्वक हर्षोल्लाष के साथ सम्पन्न हुआ भगवान वापस लौटे अपने धाम भक्तों को नित्य दिन देंगे दर्शन। प्रखंड क्षेत्र कोराम्बे व सेन्हा में आषाढ़ शुक्ल पक्ष द्वितीया को रथ यात्रा आयोजित हुआ था। भक्तों द्वारा घूरती रथ यात्रा श्रद्धापूर्ण भगवान का पूजा अर्चना कर क्षेत्र और अपने लिये सुख चैन समृद्वि के लिये मंगल कामना किया गया। वेद शास्त्र में वर्णित अनुसार भगवान प्रत्येक वर्ष आषाढ़ द्वितीया को रथ पर सवार हो नौ दिन के लिये मौसीबाड़ी जाते हैं जो पुनः एकादशी दिन अपने धाम वापस लौटते हैं। उसी उपलक्ष्य में घूरती रथ यात्रा आयोजित होता है। बुधवार को मौसीबाड़ी से भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ अपने धाम लौटे।

घूरती रहत यात्रा के अवसर पर कोराम्बे और सेंन्हा में घूरती रथ यात्रा का आयोजन किया गया। भगवान भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ मौसीबाड़ी से आने के पश्चात आज से चार माह विश्राम मे चले जायेंगे। आज देवठान एकादशी है जिसे आज से भगवान शयन मे रहेंगे जो फिर चार महीने बाद देवउठ्ठान एकादशी को भगवान पुनः जागरण के उपरान्त भक्तों को दर्शन देंगे। घूरती रथ यात्रा पर मेला का आयोजन किया गया। जिसे बच्चे बच्चियों हर्षित हुए मेला में खिलौना,मिठाई का खूब बिक्री हुआ। घूरती रथ यात्रा मे मुख्य पुजारी चंद्रमोहन पाठक के अलावे मदन मोहन पाठक,विजय पाठक,नन्दलाल महतो रामहरि महतो,राजू साहू,पंकज महतो,संदीप प्रसाद,रविकांत मेहता,साहित अन्य भक्तभजन उपस्थित थे।

या हसन या हुसैन के नारों से गूंजा धनबाद

तिरंगा निशान के साथ निकला ताजिया

लोयाबाद में मोहर्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : लोयाबाद में असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक मोहर्रम शान्तिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। लोयाबाद के विभिन्न मोहल्ले में आकर्षक ढंग से ताजिया, सिपर निकाला गया। इलाके के खिलाड़ियों द्वारा हैरतअंगेज करतब बेहतरीन ढंग से प्रदर्शन किए गए। मदनाडीह सेन्द्रा के ताज़िया तिरंगा निशान के साथ शोभा बढ़ा रहा था। शाम को लोयाबाद के हर इलाके से नारा ए तकबीर, अल्लाहु अकबर, नारा ए रिसालत या रसूलल्लाह, नारा ए हैदरी, या अली, या शहीदे करबला, या हसन या हुसैन का नारा लगाते हुए लोगों का जुलुस बढ़ता रहा, जो लोयाबाद मोड़, हटिया होते हुए करबला तक पहुंचा।

वहाँ पर लोगों ने दुआ मांगी और अक़ीदत के फूल, शीरनी पेश किए। मदनाडीह-सेन्द्रा पंचायत कमिटी द्वारा शीरनी, शरबत का इंतजाम किया गया।

लोयाबाद मुस्लिम कमेटी के जनरल सेक्रेटरी असलम मंसूरी और सदर इम्तियाज अहमद के साथ ही हाजी निजामुद्दीन अय्यूबी, मो. आजाद अंसारी, नूरुद्दीन अंसारी, राजन अंसारी, एंथोनी, संजय यादव, रंजीत यादव, उत्तम साव, गुलाम ग़ौस आसवी आदि गरिमामय रूप में उपस्थित रहे।

लोयाबाद थाना प्रभारी सत्यजीत कुमार की अपनी देखरेख में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए मुस्लिम भाइयों ने धन्यवाद दिया।

मुहर्रम के मद्देनजर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : मुहर्रम के मद्देनज़र सुरक्षा व्यवस्था को लेकर धनबाद पुलिस पूरी तरह सतर्क है। मुहर्रम के पर्व को देखते हुए पुलिस द्वारा शहरी क्षेत्र समेत ग्रामीण इलाकों में फ्लैग मार्च किया गया। वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन के नेतृत्व में एसएसपी आवास से फ्लैगमार्च निकाला गया। एसएसपी के आदेशानुसार जिले के सभी थाना व ओपी क्षेत्रों में आज पुलिस पदाधिकारियों ने अर्धसैनिक बलों के साथ फ्लैग मार्च किया।

इस दौरान एसएसपी ने धनबाद के लोगों से शांति व सौहार्द के साथ मुहर्रम के त्योहार को मनाने की अपील की। जिले में फ्लैगमार्च के दौरान पुलिस पदाधिकारियों ने विभिन्न मुहर्रम अखाड़ा कमेटी के आयोजकों से मुलाक़ात की और पुलिस प्रशासन द्वारा जारी गाइडलाइन की जानकारी देते हुए निर्देशों के अनुपालन सुनिश्चित करने की अपील की गई।

एसएसपी ने सभी मुहर्रम समितियों से अपील करते हुए प्रशासन द्वारा निर्धारित मार्ग से ताजिया निकालने को कहा साथ ही जुलूस के दौरान सभी समिति से अनुशासन बनाये रखने की अपील की। उन्होने कहा कि जुलूस के दौरान सभी समिति ताजिया में शामिल सदस्यों की पहचान सुनिश्चित करेंगे और जुलूस की वीडियोग्राफी करना अनिवार्य होगा।

उन्होने सभी समितियों से आग्रह करते हुए जुलूस के दौरान ख़तरनाक करतब न दिखाने की अपील करते हुए डीजे साउंड का इस्तेमाल न करने को कहा। मुहर्रम के जुलूस के दौरान भड़काऊ नारे व किसी दूसरे देश का झंडा लहराने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। एसएसपी ने कहा कि जिले में धनबाद पुलिस के साथ अर्धसैनिक बलों की भी प्रतिनियुक्ति की गयी है जो ग्रामीण समेत शहरी क्षेत्र के चप्पे-चप्पे पर हर संवेदनशील स्थानों पर तैनात किये गये हैं।

पुलिस द्वारा ड्रोन कैमरे से संवेदनशील इलाकों के भवन, आवास व कार्यालय के छतों की निगरानी की जा रही है। साथ ही अगले 24 घंटे के लिए जिला नियंत्रण कक्ष को सक्रिय कर दिया गया है। अग्निशमन से लेकर व्रज वाहनों को भी किसी अप्रिय घटना से निपटने के लिए अलर्ट पर रखा गया है। एसएसपी ने मुहर्रम के दौरान किसी भी अफवाह पर ध्यान न देने की अपील करते हुए मामले की जानकारी पुलिस कंट्रोल रूम को डायल 112 या फिर 8210840901 पर फोन कर देने की अपील की। सूचना देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी। धनबाद पुलिस की मीडिया सेल सोशल मीडिया पर कड़ी नज़र रख रही है। किसी भी सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई।

मुहर्रम आपसी भाईचारे का पर्व : मथुरा प्रसाद

प्रभात मंत्र संवाददाता

टुंडी : इस्लाम दुनिया के सबसे बड़े धर्मों में से एक है दुनिया भर में कई देश मुस्लिम बहुल है इस धर्म के संस्थापक पैगंबर मुहम्मद है और कुरान इस्लाम की पवित्र पुस्तक है मक्का मदीना मुस्लिम भाईयों के पवित्र स्थान है।बतौर मुख्य अतिथि पधारे टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने आज बुधवार को कमारडीह अखाड़ा कमिटी के मुहर्रम जैसे महान पर्व पर सम्मिलित हुए जहां कमिटियों के सदस्यों द्वारा पकड़ी पहनाकर सम्मानित किया। इस पर्व पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते विधायक मथुरा प्रसाद ने कहा कि मुहर्रम मुसलमान भाईयों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण महीना है यह इस्लामिक कैलेंडर का पहला महीना माना गया है। मुस्लिम नवबर्ष 7 जुलाई को प्रारंभ हुआ मुहर्रम के दिन कुछ मुस्लिम भाईयों ने शोक के रूप में भी मनाते हैं।शोक मनाने वालों को शिया मुसलमान कहा जाता है शिया भाईयों ने पैगंबर मोहम्मद के पोते इमाम हुसैन की शहादत पर शोक जताया वह कर्बला की लड़ाई में शहीद हो गए।शिया भाई शोक मनाते हैं आगे विधायक ने विस्तार पूर्वक बताते हुए कहा कि वे 10 दिनों तक शोक मनाते हैं मुहर्रम से मुस्लिम नववर्ष की शुरुआत होती है मुस्लिम नवबर्ष को हिजरी वर्ष भी कहा जाता है एक हिजरी वर्ष में 355 दिन होते हैं। मुहर्रम के दिन कमारडीह अखाड़ा कमिटी द्वारा कई करतब दिखाए गए।इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक के निजी सचिव बसंत महतो, कमारडीह मुखिया जयनारायण मंडल, पूर्व मुखिया अब्दुल रशीद अंसारी, कोल्हर मुखिया विजय कुमार मंडल, पूर्व वार्ड सदस्य जाहिद अंसारी, झामुमो नेता अनवर अंसारी, सज्जाद अंसारी समेत कमारडीह अखाड़ा कमिटी के सैकड़ों सदस्य उपस्थित थे।

गुहीबांध व पंचगढी मस्जिद पट्टी पहुंचे सुरज महतो कमेटी के सदस्यों से की औपचारिक मुलाकात

कतरास(प्रभात मंत्र संवाददाता) : मुहर्रम के मौके पर मुस्लिम मोहल्लों में इमाम हुसैन के बलिदानों को याद किया जा रहा है। मंगलवार 16 जुलाई को जनशक्ति दल के अध्यक्ष सह बाघमारा विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रत्याशी सुरज महतो भी गुहीबांध स्थति मिल्लत क्लब के सदस्यों और पंचगढ़ी स्थति मस्जदि कमेटी ओहदेदरानों से औपचारिक मुलाकात की। दोनों कमेटियों के सदस्यों ने महतो का पूरे गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। मौके पर महतो ने कहा कि मुहर्रम के वाक्यात से समाज के सभी वर्गों को इबरत हासिल करने की जरूरत है। इस अवसर पर जन शक्ति दल के बैनर तले पूरे विधानसभा क्षेत्र में चल रहे जागरूकता अभियान पर भी रौशनी डाली गई।

प्रवासी मजदूर की करंट से मेरठ में हुई मौत, सांसद अन्नपूर्णा देवी के पहल पर आश्रित को मिला मुआवजा

बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) : प्रखण्ड क्षेत्र के मंझिलाडीह पंचायत के ग्राम विशुनपुर निवासी 30 वर्षीय रंजीत कुमार यादव पिता रामेश्वर यादव की मृत्यू मंगलवार शाम को बिजली करंट लगने से यूपी के मेरठ शहर में हो गया था। जिसकी सूचना कोडरमा सांसद सह केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी को मिलते हीं उन्होंने तत्काल पहल करते हुए उनके आश्रित के लिए एक लाख पच्चास हजार रुपए कैश और पार्थिव शरीर को गांव तक पहुंचाने का खर्च बतौर 50 हजार का सहयोग वहां के प्रशासन पर दबाव परिजनों को सौंपा। इस बीच सांसद अन्नपूर्णा देवी ने मृतक के प्रति गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि हमारी संवेदना पीड़ित परिवार के साथ है और उनके आश्रितों के लिए जो सम्भव होगा हम आगे उन्हें लाभ दिलाने का प्रयास करूंगी जल्द ही श्रम विभाग से 50 हजार रूपए मृतक की पत्नी के खाते में भेजवाने के लिए प्रक्रिया शुरू कर दिया जाएगा। मृतक अपने पीछे गर्भवती पत्नी और तीन वर्षीय बेटी को छोड़ गया। वहीं मंझीलाडीह पंचायत के मुखिया सत्येंद्र राऊत ने बताया कि यह हमारे पंचायत के लिए अत्यंत दुखद और हृदय विदारक घटना है। तत्काल पहल हेतु हम माननीय सांसद महोदया के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। हमारे पंचायत में विगत दस दिन में यह तिसरी बड़ी घटना है इससे पूर्व दो और प्रवासी मजदूरों कालेश्वर दास की हैदराबाद में एवं अर्जुन तिवारी की सूरत में मौत हो चुकी है। उक्त दोनों के घटना पर भाजपा मिडिया प्रभारी सूरज कुमार मोदी, निवर्तमान सांसद प्रतिनिधि महेंद्र यादव, शिक्षक अक्षय कुमार शाक्य सहित सभी ने दुःख व्यक्त करते हुए सांसद महोदया के प्रति आभार प्रकट किया।

महुदा के सामाजिक कार्यकर्ता नूरेमान अंसारी के निधन से संगठन व गांव में शोक की लहर

महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) : धनबाद जिला के बाघमारा प्रखंड अंतर्गत महुदा के नागदा गांव के सामाजिक कार्यकर्ता की निधन से ग्रामीण विकास संघर्ष मोर्चा के सदस्यों में शोक की लहर। सामाजिक कार्यकर्ता नूरेमान अंसारी जो पिछले कई वर्षों से बीमार चल रहे थे । नूरेमन अंसारी जल जंगल और जमीन को बचाने के लिए कई वर्षो तक महुदा सहित धनबाद में आंदोलनरत रहे। इनका निधन मुहर्रम के दिन हो गया। इन्होंने अपने पीछे पत्नी अफरोज बीबी पुत्र महामुद अंसारी, अयूब अंसारी बेटी रूबी खातून को छोड़ गए हैं। कई सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उनके घर पहुंच कर परिवार वालों को इस दुख की घड़ी में संतावना वेक्ट किया। इनके निधन से सामाजिक कार्यकर्ता पुनीत मिज कमलेश पाठक, प्रकाश महतो, सुभाष गयाली, जनार्दन महतो कैलाश पासवान, गोलक महतो, आदि महुदा के सभी सामाजिक कार्यकर्ताओं के अलावा ग्रामीणों ने दुःख प्रगट किया है।

नव जवान एकता फाउंडेशन ने लगाया फर्स्ट एड शिविर

धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) : मुहर्रम के मौके पर नव जवान एकता फाउंडेशन संस्था झरिया के द्वारा अवाम के लिए प्राथमिक चिकित्सा उपचार शिविर का आयोजन किया गया। साथ ही राहगीरों के लिये पानी, शरबत का इंतजाम किया गया। शिविर का उदघाटन सीटी एसपी धनबाद के हाथों से हुआ। इस मौके पर सिंदरी डीएसपी, थाना प्रभारी झरिया, शांति समिति के अध्यक्ष, नव जवान एकता फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं सचिव मो शाहनवाज खान समेत संस्था के सभी सदस्य और समाज के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। शिविर का उदघाटन करने आए मेहमानों को पगड़ी पहना कर सम्मानित किया गया। वहीं शिविर में सैकड़ों लोगों का इलाज हुआ और शर्बत, पानी वितरित किये गए।

महुदा व भाटडीह में शांतिपूर्ण तरीके से मनाया गया मुहर्रम

जुलूस के साथ पुलिस प्रशासन रही मुस्तैद

तेतुलिया में ताजिया मिलन के बाद किया गया लाठी खेल

प्रभात मंत्र संवाददाता

महुदा : धनबाद जिला के महुदा थाना क्षेत्र व भाटडीह ओपी क्षेत्र में मुहर्रम हर्ष उल्लास और शांति पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर महुदा थाना क्षेत्र के भुरूंगिया, कुंजी, महुदा बाजार आदि जगहों के अलावा भाटडीह ओपी क्षेत्र के कुमाराडीह, महुदा बस्ती तेतुलिया, नागदा आदि जगहों से ताजिया का जुलूस निकाला गया। वही महुदा बाजार में गाजे बाजे के साथ ताजिया का जुलूस महुदा बाजार का भ्रमण किया। दूसरी और कुमारडीह व महुदा बस्ती, तेतुलिया का ताजिया का मिलन इस बार तेतुलिया में हुआ जिसमे सैकड़ो महिला पुरुष बच्चो ने भाग लिया। ताजिया का मिलन हर बार अलग अलग स्थानों में किया जाता हैं।

ताजिया मिलन के बाद नजदीक के भाटडीह, तेतुलिया, बेलाखोंदा फुटबाल मैदान में लाठी खेल का आयोजन किया गया। जिसमे युवाओं ने एक से बड़ कर एक करतब दिखाई। इधर फुटबॉल ग्राउंड में कई तरह के व्यंजन का दुकान लगाया गया ,जिसमें लोगों ने काफी लुफ्त उठाया वहीं कई जगहों पर पीने की पानी का व्यवस्था ग्रामीणों द्वारा किया गया था ।मालूम हो की मुहर्रम हमे सच्चाई ,इंसाफ व नेक राह पर चलने वाले हजरत इमाम हुसैन व उनके साथियों की शहादत की याद दिलाता है, इनके राह में हम सभी को चलने का सिख मिलता है। इस अवसर पर महुदा थाना प्रभारी धीरज कुमार दंडाधिकारी के साथ और अपने पुलिस बल के साथ उपस्थित थे। वहीं भाटडीह क्षेत्र में भाटडीह ओपी प्रभारी बालमुकुंद सिंह व दंडाधिकारी के साथ अपने पुलिस दलबल के अलावे क्षेत्र के सैकड़ो महिला पुरुष, बच्चे उपस्थित थे।

प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में बड़े धूमधाम से मनाया गया मुहर्रम

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिरिडीह : प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव जैसे बलिया, पोखरिया, मनकडीहा, बलगो, चिरुडीह, पडरमनिया, करमा, कुशमई, पड़रिया, थोरिया, पेशम, डबरी, जरीडीह समेत कई गांव में इस्लामिक त्योहार मुहर्रम को बड़े धूम धाम से मनाया गया। इस दौरान ताजिया का भ्रमण कर ईदगाहों में मेला का आयोजन किया गया। इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार हिजरी पहला महीना मुहर्रम होता है जिसमें इस्लाम के पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब एवं उनके नवासे हजरत इमाम हुसैन समेत 72 साथियों को करबला की जंग में शहीद कर दिया गया था। उन्हीं की शहादत के आद में प्रतिवर्ष इसी दिन मुहर्रम का त्योहार मनाया जाता है। जैसा कि इस्लाम के जानकारों ने बताया कि यह जंग इस्लामिक संवत सन 61 हिजरी को हुई थी। करबला के इस जंग में एक ओर हजरत इमाम हुसैन की सरपरस्ती में 72 लोगों का काफिला था, जो हजारों यजीदी सैनिकों जिनका मानना था कि हर जुर्म-अत्याचार जायज था के खिलाफ लड़ने के लिए अपना सर्वस्व कुर्बान करने को तैयार थे। दुनिया की यह इकलौती जंग थी जिसमें जीता हुआ पक्ष हारा साबित हुआ।

बाजार में घुसा हाथी, लोगों में दहशत का माहौल

प्रभात मंत्र संवाददाता

बगोदर : बगोदर के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार दो दिनों से झुंड से बिछड़े हाथी ने उत्पाद मचा के रखा है बताया जाता है कि एक दिन पूर्व खेतको में कई घरों में दरवाजे तोड़कर घरेलु सामने को एवं दुकानों के सामानों को नष्ट कर दिया वहीं शाम ढलते ही बगोदर के नीचे बाजार में हाथी ने उत्पात मचाय एक दुकान के समान को गेट को तोड़कर चावल सहित और सामानों को नुकसान कर दिया हालांकि प्रशासन पहुंचे और हाथी को भगाने का प्रयास किया पटाखा लगने लगे लेकिन हाथी पटाखा को पैर से दबाकर और उत्पाद मचाते रह गया वहीं कुछ देर में ही वन विभाग की टीम पहुंचे और वन विभाग की टीम ने हाथी को बगोदर बाजार से बाहर निकाल दिया इधर लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

भाजपा नेता ने किया गिरिडीह विधानसभा का दौरा

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिरिडीह : गिरिडीह विधानसभा के पीरटांड़ प्रखंड अंतर्गत नावाडीह एवं बिशनपुर पंचायत अंतर्गत सभी गांव में इंजीनियर विनय कुमार सिंह प्रदेश प्रवक्ता ओबीसी मोर्चा भाजपा द्वारा जनसंपर्क अभियान किया गया। जिसमें जन समस्याओं से अवगत हुए इस क्रम में इंजीनियर विनय कुमार सिंह द्वारा बताया की घोरबाद एवं नावाडीह के बीच पांच दिनों से दो बिजली का पोल खेत में गिर जाने के कारण दोनों गांव में विद्युत अवरूद्ध था, जिसे ग्रामीणों के सहयोग से पोल खड़ा करते हुए बिजली चालू कराया गया। साथ ही नाबाडीह में जनसंपर्क करते हुए अर्जुन यादव के आम बगीचा देखते हुए बरियारपुर, घोरचाची, प्रतापपुर, फतेहपुर, परसबनी, खेताडाबर, भलुआ पहाड़ी, एवं बिशनपुर पंचायत अंतर्गत बिशनपुर ,घाटाडीह, महदुडीह, चैलीबाद, सिकदारडीह, लोगींटांड, एवं अंगैय गांव का दौरा किया।

वही बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र के संयोजक एवं ग्रामीणों से जनसंपर्क किया गया।

असामाजिक तत्वों ने मंदिर में बजरंगबली की मूर्ति को किया खंडित, लोगों में आक्रोश

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : सुदामडीह थाना क्षेत्र के नुनुडीह बस्ती में कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा एक बार फिर घिनौनी हरकत कर क्षेत्र को अशांत करना चाहा। असामाजिक तत्वों ने नुनुडीह बस्ती में स्थापित हनुमान मंदिर से बजरंगबली की प्रतिमा को उखाड़ कर अपने साथ ले गए। घटना की जानकारी के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश है। जानकारी मिलने के बाद सिटी एसपी, एसडीएम, एडीएम, सिंदरी अंचल के डीएसपी, झरिया सीओ सहित कई थाने की पुलिस दल बल के साथ मौके पर पहुंच, मामले की जांच कर अपराधियों की तलाश में छापेमारी अभियान चला रही है।बताया जाता है की जिनकी मंदिर बस्ती में है। जहां घनी आबादी है, उसके बाद इस प्रकार का घिनौना काम करना समझ से परे है। असामाजिक तत्व ऐसी घटना को अंजाम देकर सौहार्द बिगाड़ना चाहता था। फिलहाल पुलिस के आश्वासन के बाद मामला शांत है। इधर घटना को लेकर मौके पर पहुंचे सिंदरी एसडीपीओ भूपेंद्र रावत ने बताया की ये किसी

असामाजिक तत्वों का हाथ है। फिलहाल ग्रामीणों से बात हुई है, मंदिर में पूरे विधि विधान के साथ फिर से मूर्ति की स्थापना करेंगे। इसके अलावा पुलिस आरोपियों की पहचान करने में पुलिस लगी हुई है, मामले की जांच पड़ताल चल रही है। जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी। वही सीओ रामसुमन प्रसाद ने कहा की मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की गई है। मूर्ति को खंडित कर ले जाया गया है। स्थानीय लोगो ने मूर्ति स्थापित करने की बात कही है। जिसे पूरा किया जाएगा। वही घटना में जो लोग संलिप्त होंगे कार्रवाई होगी।

कानूनी कार्रवाई 2030 तक बाल विवाह के खात्मे के लक्ष्य को हासिल करने की कुंजी हैं : चंद्रपति यादव

लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): लोहरदगा के गैरसरकारी संगठन लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान सचिव चंद्रपति यादव के नेतृत्व में अप्रैल 2023 -24 के दौरान लगभग 1,147 बाल विवाह रुकवाए। मौजूदा दर के हिसाब से बाल विवाह के लंबित मामलों के निपटारे में भारत को लग सकते हैं 19 साल। भारत में बाल विवाह के खात्मे में कानूनी कार्रवाइयों और अभियोजन की अहम भूमिका को उजागर करने वाली एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए झारखंड के लोहरदगा के गैरसरकारी संगठन लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान ने कहा कि कानूनी कार्रवाइयां और कानूनी हस्तक्षेप 2030 तक बाल विवाह के खात्मे के लक्ष्य को हासिल करने की कुंजी हैं और उसने 2023 -24 के दौरान लोहरदगा में 1147 बाल विवाह रुकवाए हैं। 'टूवार्ड्स जस्टिस ÷ इंडिंग चाइल्ड मैरेज' शीर्षक से जारी यह रिपोर्ट इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन की शोध टीम ने तैयार की है। लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान और चाइल्ड प्रोटेक्शन फंड 2030 तक देश से बाल विवाह के खात्मे के लिए काम कर रहे बाल विवाह मुक्त भारत के सहयोगी संगठन के तौर पर साथ हैं। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे -5 के अनुसार लोहरदगा में बाल विवाह की दर 21.9 थी जबकि राष्ट्रीय औसत 23.3 है। संगठन ने सरकार से अपील की कि वह अपराधियों को सजा सुनिश्चित करे ताकि बाल विवाह के खिलाफ लोगों में कानून का भय पैदा हो सके। आइसीपी की रिपोर्ट 'टूवार्ड्स जस्टिस ÷ इंडिंग चाइल्ड मैरेज' बाल विवाह के खात्मे के लिए न्यायिक तंत्र द्वारा पूरे देश में फौरी कदम उठाने की आवश्यकता को रेखांकित करती है। रिपोर्ट के अनुसार 2022 में देश भर में बाल विवाह के कुल 3,563 मामले दर्ज हुए,जिसमें सिर्फ 181 मामलों का सफलतापूर्वक निपटारा हुआ। यानी लंबित मामलों की दर 92 प्रतिशत है। मौजूदा दर के हिसाब से इन 3,365 मामलों के निपटारे में 19 साल का समय लगेगा। बाल विवाह की रोकथाम के लिए असम सरकार की कानूनी कार्रवाई पर जोर देने की रणनीति के शानदार नतीजे मिले हैं और इस मॉडल की सफलता को देखते हुए इसे पूरे देश में आजमाया जा सकता है। रिपोर्ट के अनुसार 2021-22 से 2023-24 के बीच असम के 20 जिलों में बाल विवाह के मामलों में 81 प्रतिशत की कमी आई है जो बाल विवाह के खात्मे में कानूनी कार्रवाई की अहम भूमिका का सबूत है। इस अध्ययन में राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) और असम के 20 जिलों के 1,132 गांवों से आंकड़े जुटाए गए जहां कुल आबादी 21 लाख है जिनमें 8 लाख बच्चे हैं। नतीजे बताते हैं कि बाल विवाह के खिलाफ जारी असम सरकार के अभियान के नतीजे में राज्य के 30 प्रतिशत गांवों में बाल विवाह पर पूरी तरह रोक लग चुकी है जबकि 40 प्रतिशत उन गांवों में इसमें उल्लेखनीय कमी देखने को मिली जहां कभी बड़े पैमाने पर बाल विवाह का चलन था। रिपोर्ट के तथ्यों और आंकड़ों का हवाला देते हुए संगठन ने कहा कि बाल विवाह के मामलों में सरकार की मदद से कानूनी हस्तक्षेप यहां भी काफी प्रभावी साबित हुआ है। लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान के सचिव सी. पी यादव ने कहा,÷इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन की यह रिपोर्ट साफ तौर से कानूनी कार्रवाई और अभियोजन की अहमियत को रेखांकित करती है। हम लोगों में बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता के प्रसार के साथ यह सुनिश्चित करने के अथक प्रयास कर रहे हैं कि परिवारों और समुदायों को समझाया जा सके कि बाल विवाह अपराध है। साथ ही, जहां बाल विवाहों को रुकवाने के लिए समझाने बुझाने का असर नहीं होता, वहां हम कानूनी हस्तक्षेप का भी इस्तेमाल करते हैं। कानून पर अमल बाल विवाह के खात्मे की कुंजी है और हम सभी को साथ मिलकर इस पर अमल सुनिश्चित करने की जरूरत है।आईसीपी,बाल विवाह मुक्त भारत का गठबंधन सहयोगी है जिसने 2022 में राष्ट्रव्यापी अभियान की शुरुआत की और इसके 200 सहयोगी संगठन भुवन ऋभु की बेस्टसेलर किताब ÷ व्हेन चिल्ड्रेन हैव चिल्ड्रेन ÷ टिपिंग प्वाइंट टू इंड चाइल्ड मैरेज÷ में सुझाई गई कार्ययोजना पर अमल करते हुए पूरे देश में काम कर रहे हैं। सीएमएफआई अपने कामकाज में मुख्य रूप से कानूनी हस्तक्षेपों और परिवारों एवं समुदायों को बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में समझाने बुझाने के उपायों का इस्तेमाल करता है। सीएमएफआई के सहयोगी संगठनों ने कानूनी हस्तक्षेपों की मदद से 2023-24 में 14,137 और पंचायतों की मदद से 59,364 बाल विवाह रुकवाए। बाल विवाह की रोकथाम के लिए असम सरकार की कानूनी रणनीति के राज्य में कारगर नतीजों की चर्चा करते हुए बाल विवाह मुक्त भारत के संयोजक रवि कांत ने कहा,÷इस रिपोर्ट से यह साबित होता है कि बाल विवाह के खात्मे में कानूनी कार्रवाइयों की सबसे निर्णायक भूमिका है और असम मॉडल सही दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है।

अब हमें इसे आगे ले जाते हुए इसे पूरे देश में लागू करने की जरूरत है ताकि बच्चों के खिलाफ अपराधों का अंत किया जा सके।रिपोर्ट के तथ्यों और आंकड़ों की चर्चा करते हुए रवि कांत ने आगे कहा, इस तरह के मामलों में सजा की बेहद मामूली दर चिंता का विषय है। वर्ष 2022 में बाल विवाह के सिर्फ 11 प्रतिशत मामलों में दोषसिद्धि हुई जबकि इसी अवधि में बच्चों के खिलाफ अन्य अपराधों में दोषसिद्धि की दर 34 प्रतिशत थी। यह बाल विवाह के मामलों में गहन जांच और अदालती सुनवाई की जरूरत को उजागर करता है है। यह एक निवारक के रूप में काम करने के अलावा समुदायों को यह भी संकेत देगा कि बाल विवाह ठोस कानूनी परिणामों के साथ एक गंभीर अपराध है। रिपोर्ट में दो अहम सिफारिशें की गई हैं जिसमें लंबित मामलों के निपटारे के लिए फास्ट ट्रैक अदालतों के गठन के अलावा बाल विवाह को बलात्कार की आपराधिक साजिश के बराबर मानते हुए इसमें सहभागी माता-पिता,अभिभावकों और पंचायत प्रतिनिधियों के लिए सजा को दोगुना करने का सुझाव भी शामिल है।

सेन्हा में अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता आज

लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): लोहरदगा प्रखंड क्षेत्र के ईदगाह सेन्हा के समीप मुहर्रम मेला सह अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता का आयोजन मुहर्रम कमेटी एव अंजुमन इस्लामिया सेन्हा के संयुक्त तत्वधान में 18 जुलाई को आयोजित किया गया है। जिसकी तैयारी पुरी कर ली गई है। अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता सह मेला को लेकर जगह जगह तोरण और फतेह निशान लगाया गया है। जिसे मुहर्रम मेला एव अस्त्र शस्त्र प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। आयोजित प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि जिले के उपायुक्त डॉ.बाघमारे प्रसाद कृष्ण तथा विशिष्ट अतिथि पुलिस उपाधीक्षक हारिश बिन जमां और अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा के सदर रऊफ अंसारी होंगे। साथ सचिव शाहिद अहमद बेलू,जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की,20 सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम,बीडीओ संग्राम मुर्मू, सीओ राकेश कुमार तिवारी,थाना प्रभारी अजीत कुमार,मुखिया धनबाज उरांव सहित अन्य सम्मानित अतिथि मौजूद रहेंगे।

अंजुमन इस्लामिया सदर रऊफ अंसारी के नेतृत्व में शांति व सौहार्दपूर्ण तरीके से निकाला गया मोहर्रम का भव्य जुलूस

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : जिले भर में बुधवार को मुहर्रम का पर्व और बड़े ही धूमधाम तथा सौहार्द पूर्ण तरीके के साथ मनाया गया। बताते चले की लोहरदगा जिले के कई हिस्सों में मुहर्रम को लेकर मस्जिदों और ईदगाहो में मुहर्रम की नमाज अदा किया गया जिसके बाद ताजिया के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई।जिस दौरान लोहरदगा जिला अंजुमन इस्लामिया सदर रऊफ अंसारी के नेतृत्व में मोहर्रम जुलूस निकल गया। जो विभिन्न मार्गो से होते हुए सभी अखाड़ों के लोग बड़ी मस्जिद जामा मस्जिद से नमाज अदा करने के उपरांत जुलूस का शुभारंभ किया गया था। जो की मेन रोड,शास्त्री चौक,गुदरी बाजार,अपर बाजार,महावीर चौक,लहेरी मोहल्ला,हटिया मोहल्ला,तिवारी दूरा,बालिका स्कूल होते हुए पुणः बड़ी मस्जिद में आकर जुलूस जुलूस की समाप्ति की गई इस दौरान मुस्लिम समुदाय के लोग अपने अपने इलाको से जुलूस निकाल कर मेले वाले आयोजन स्थल पहुंचे तथा लोग एक दूसरे से गले मिल कर मुहर्रम की बधाई दी।बताते चलें कि मुसलमानो में दो तरह के मुसलमान पाए जाते है जिसमे सुन्नी और शिया दोनों मुसलमान मुहर्रम मनाते हैं।इस दिन मुसलमान समुदाय के लोग एक महत्वपूर्ण घटना के रूप में याद किया जाता है,इस दिन एक यह भी विशेषताएं है को सन 680 ई. में कर्बला की लड़ाई में पैगंबर मुहम्मद के पोते की शहादत हुई थी जिसके याद में मुहर्रम का पर्व मनाई जाती है। इस महीने में मुसलमान खास तौर पर शिया मुस्लिम पैगंबर मोहम्मद के नवासे इमाम हुसैन की शहादत का गम मनाते हैं।इमाम हुसैन कर्बला के मैदान में अपने साथियों के साथ शहीद हो गए थे।मुहर्रम की दसवीं तारीख को मनाए जाने वाले यौम-ए-आशूरा के दिन ही ताजिए निकाले जाते हैं।जो मुसलमानों को कर्बला की लड़ाई की दुखद घटनाओं को याद करने का एक अवसर प्रदान करता है।

वृक्षारोपण पर्यावरण संतुलन के लिए सराहनीय कदम है : मनोज दास

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : विकास भारती बिशुनपुर संस्था द्वारा संचालित कल्याण अस्पताल हेसल बसारडीह लोहरदगा में रथ पर्व के अवसर पर पर्यावरण जागरूकता के लिए वृक्षारोपण का कार्य किया गया। इस अवसर पर कल्याण अस्पताल के चिकित्सक एवं कर्मियों के द्वारा अस्पताल परिसर में पारंपरिक पीपल, बरगद,नीम,आंवला,बेल इमली,मीठा नीम आदि पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित विभाग सहसंग चालक श्री मनोज दास ने कहा की पर्यावरण संतुलन के लिए वृक्षारोपण यह पहला सराहनीय कदम है। इस प्रकार के सामूहिक कार्यक्रम से समाज को एक नई दिशा मिलती है एवं पूरा विश्व ग्लोबल वार्मिंग से जूझ रहा है। ऐसे में विकास भारती बिशनपुर के द्वारा पारंपरिक वृक्षों का रोपण ही एकमात्र समाधान है। मौके पर उपस्थित अस्पताल प्रबंधक प्रणव कुमार पाठक ने कहा कि विगत 40 वर्षों से सामाजिक संस्था विकास भारती बिशनपुर के द्वारा रंथ पर्व के अवसर पर पूरा एक पखवाड़ा पर्यावरण संरक्षण के लिए ग्रामीण ग्रामीणों को जागरुक करते हुए पारंपरिक आम,जामुन,कटहल, नीम,बेल,फुटकल,बरगद,पीपल आदि वृक्षारोपण किया जाता रहा है। इसी कड़ी में आज अस्पताल परिसर में यह कार्य किया जा रहा है। साथ ही यह मानसून का समय मलेरिया एवं डायरिया का भी है अतः ग्रामीण जनता से अपील है कि वह झोलाछाप चिकित्सक एवं झाड़ फूक ओझा मति के भरोसे न रहकर सरकार के द्वारा उपलब्ध कल्याण अस्पताल में निशुल्क इलाज कराए। मौके पर विकास भारती बिशनपुर के क्षेत्रीय समन्वयक देवेंद्र कुमार मंडल,राजीव रंजन,डॉक्टर दिलीप कैसे,डॉक्टर आस्था,डॉक्टर एसके सिन्हा, अरुण राम,चंद्र किशोर ताना भगत,जोगिंदर भगत,राज किशोर तिग्गा,सुरेंद्र नगर,दिलेश लोहार,अनीता देवी, राजकिशोर तिग्गा आदि उपस्थितथ थे।

मौसी बाड़ी से वापस अपने घर ठाकुर बाड़ी लौटे भगवान जगन्नाथ बलभद्र और सुभद्रा

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : लोहरदगा जिले में बुधवार को घूरती रथ यात्रा पूरे हर्ष और उल्लास के साथ संपन्न हो गया। इस दिन मंदिरों में लोग पूजा पाठ तथा दान पूर्ण करने में लग रहे।जैसे की हम सब जानते है की 7 जुलाई को जिले भर में चलती रथ यात्रा प्रारंभ हुई थी जिस दिन भगवान जगन्नाथ बलभद्र और बहन सुभद्रा ठाकुर बाड़ी से चलकर मौसी वाली पहुंचे थे।उस दिन पूरे विधि विधान के साथ रथ पर सुसज्जित होकर भगवान का भव्य श्रृंगार किया गया था।वही नौ दिनों के बाद घूरती रथ यात्रा का भी रिवाज है जिस दिन भगवान जगन्नाथ बलभद्र और सुभद्रा नौ दिनों के बाद वापस अपने घर ठाकुर बाड़ी पहुंचते है।वही 17 जुलाई को भगवान जगन्नाथ बलभद्र और सुभद्रा की विधि विधान के साथ पूजा पाठ करने के बाद पुनः रथ पर सवार होकर भगवान जगन्नाथ बलभद्र और सुभद्रा की रथो को श्रद्धालुओ द्वारा रथ को खींचकर वापस ठाकुर बाड़ी पहुचाए गया।जिसके बाद घूरती रथ यात्रा का समापन किया गया। चलती रथ यात्रा से लेकर घूरती रथ यात्रा के बीच 9 दिनों तक दिन रात मेले का आयोजन चलता रहता है इस दौरान मेले में कई तरह के झू,ब्रेक डांस,सर्कस, तरह-तरह के मिठाई तथा खिलौने की दुकान जो मेला परिसर भरा रहता है।इस दौरान अनेकों कलाकारों द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इस दौरान मेले परिसर में फूल फल प्रसाद खिलौने मिठाई इत्यादि के दुकान सजाई जाती है तथा पूरे नगर क्षेत्र महोत्सव और मेले का दृश्य देखने लायक बना रहता है।वही बुधवार को रथ यात्रा तथा मोहर्रम को लेकर जिला प्रशासन भी अलर्ट मोड पर रहे जिस दौरान सभी जगह पर निगरानी जमाए हुए थे चौक चौराहा में सुरक्षा बल की तैनाती की गई थी।वही बुधवार को ही जिले के भंडरा का ऐतिहासिक रथ यात्रा भी बड़े शांतिपुर ढंग से संपन्न हुआ जहां रथ पर सवार होकर भगवान जगन्नाथ बलभद्र और सुभद्रा मौसी बाड़ी(अखिलेश्वर धाम)से चलकर ठाकुर बाड़ी वापस पहुंचे। वहीं शहरी क्षेत्र में होने वाले रथ यात्रा को लेकर आयोजकों द्वारा पूर्ण तैयारी कर ली गई थी। इस दौरान संध्या काल के समय मौसी चलकर से चलकर महाराजा अग्रसेन पथ महावीर चौक गुदरी बाजार शास्त्री चौक थाना रोड तथा तेतरतर से होते हुए भगवान जगन्नाथ का रथ यात्रा वापस ठाकुरबाड़ी पहुंचा इस दौरान शहर भर में भगवान जगन्नाथ बलभद्र और बहन सुभद्रा के नारे और जयकारों से पूरा शहरी क्षेत्र गूंज उठा। वही संध्याकाल के दौरान ठाकुर बाड़ी में भगवान के महाआरती का भी आयोजन किया गया था इस दौरान शहरी क्षेत्र के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र से भी लोग इस महाआरती में सम्मिलित होने के लिए पहुंचे थे। इस दौरान होने वाले महा आरती में लोगों ने भगवान का ध्यान कर सुख समृद्धि और शांति की कामना किए तथा प्रसाद ग्रहण कर 9 दिवसीय रथ यात्रा का समापन किया गया।

भक्तों के लिए सुरक्षा से लेकर हर एक व्यवस्था का किया गया तैयारी : बलराम कुमार

लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): महाकाल क्लब चंद्रशेखर आज़ाद चौक तेतरतर के बैनर तले 21 जुलाई दिन रविवार को सावन की पहली सोमवारी को लेकर विशाल कांवर यात्रा निकाली जाएगी। जिसमें रांची स्थित भोले बाबा के दरबार पहाड़ी मंदिर में जलाभिषेक के लिए लगभग 5 हजार की संख्या में शिवभक्त 80 किमी की पैदल यात्रा करेंगे। आयोजन की तैयारी जोर शोर से की जा रही हैं। इसको लेकर महाकाल क्लब के अध्यक्ष रितेश कुमार और सचिव निश्चय वर्मा जिले के गणमान्य लोगों के बीच आमंत्रण पत्र देकर इस विशाल कांवर यात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित करने का भी कार्य कर रहे है। क्लब के आजीवन संरक्षक बलराम कुमार ने बताया कि बीते लगभग 14 वर्षों से यह आयोजन हो रहा है। भक्तों के यात्रा के दौरान मार्ग में सुरक्षा व्यवस्था से लेकर अन्य सभी व्यवस्थाएं भी किया गए हैं। जिसके तहत एम्बुलेंस और जगह-जगह पर भक्तों के लिए रुकने और भंडारे की भी व्यवस्था की गई है। उन्होंने समाज के लोगों से इस तरह के आयोजन में एकजुटता दिखाने की अपील की है।

कहा लोग इस यात्रा में शामिल होकर पुण्य के भागी बने। उन्होंने बताया की यात्रा चंद्रशेखर आजाद चौक से शुरू होकर हटिया गार्डेन,राणा चौक, अपर बाजार,गुदरी बाजार,शास्त्री चौक,थाना चौक, अमला टोली,सुभाष चौक,रेलवे साइडिंग होते हुए रांची के लिए प्रस्थान करेगी। इस क्रम में सभी भक्त शंख नदी से अपने कांवर में जल उठायेंगे। यात्रा के क्रम में भव्य झांकी भी प्रस्तुत की जाएगी। उन्होंने बताया कि आयोजन में जिले के प्रशासनिक पदाधिकारी के साथ-साथ जनप्रतिनिधि और सनातन धर्म के अगुवाकर्ता और हजारों की संख्या में युवा शामिल होंगे। आयोजन को सफल बनाने में महाकाल क्लब के अमित वर्मा,विक्रम चौहान,देशराज गोयल,जयप्रकाश शर्मा,चंदन गोयल,शुभम जायसवाल,सूरज वर्मा,अंकित वर्मा,दिवेश साहू,अमित महतो,अभिषेक ठाकुर,सत्या वर्मा,सूरज वर्मा,करन खत्री,करन पांडये,रोहन पांडये,शुभम सिन्हा,सूरज वर्मा हाड़ा,रुद्र कुमार सहित अन्य लोग दिन रात जुटे है।

सड़क दुर्घटना में वृद्ध महिला की मौत, ग्रामीणों ने मुआवजा की मांग को लेकर किया सड़क जाम

लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): कांडरा चौक के समीप बुटी मोड़ निवासी स्वर्गीय पारसनाथ भगत की 75 वर्षीय पत्नी को बोलोरो जे एच 01 डी 1254 के चालक अपने वाहन के चपेट में लेते हुए बीते सोमवार को सड़क दुर्घटना को अंजाम दिया था। जिसमें महिला गम्भीर रूप से घायल हो गई थी। जिसे इलाज के लिए रिम्स ले जाने के दौरान रास्ते में ही महिला की मौत हो गई थी। जानकारी के अनुसार मृतिका सोमवार को अपराह्न में अपने घर के बाहर बैठी हुई थी। उसी दौरान बोलेरो चालक वाहन संख्या जे एच 01 डी 1254 बोलेरो चालक अपने वाहन के चपेट में ले लिया था। जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई थी। जिसे गम्भीर स्थिति देखते हुए सदर अस्पताल लोहरदगा के चिकित्सकों द्वारा बेहतर इलाज के लिए महिला को रिम्स राँची रेफर किया गया था। वही रिम्स ले जाने के दौरान रास्ते में ही महिला की मृत्यु हो गई थी। महिला की मौत के बाद सेन्हा थाना पुलिस ने बोलेरो को जप्त कर प्राथमिकी दर्ज करते हुए चालक को जेल भेज दिया।

जिसे महिला के मौत के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने लोहरदगा गुमला मुख्य पथ को कांडरा चौक के समीप शव के साथ जाम कर मुआवजा का मांग करने लगे जिसके बाद मौके पर सेन्हा थाना प्रभारी अजीत कुमार पहुंच परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान कर जाम को हटाया गया।

तथा ग्रामीणों ने भी अधिकारियों का आश्वाशन के बाद जाम हटा लिया गया। सड़क जाम की सूचना पर प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू ने मृतिका के परिजनों से मुलाकात कर घटना से रूबरू होते हुए। मुआवजा एवं परिवारिक लाभ देने का आश्वाशन दिया। मौके पर थाना प्रभारी अजित कुमार एस आई मनोज कुमार,अविनाश कुमार राम सहित सुरक्षा जवान जाम हटवाने में मुस्तैद रहे।

महिलाओ के खिलाफ लगातार बढ़ रही है अत्यचार की घटनाएं : विमला प्रधान

8 अगस्त को भाजपा महिला मोर्चा का धरना प्रदर्शन

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमडेगा : भारतीय जनता पार्टी सिमडेगा महिला मोर्चा की एक बैठक जिला कार्यालय में बैठक की अध्यक्षता महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सावित्री देवी ने करते हुए सभी आगंतुकों का स्वागत किया। बैठक में प्रदेश के निर्देशानुसार झारखंड राज्य में लगातार महिलाओं के खिलाफ होने वाले दुष्कर्म और अत्याचार के खिलाफ 8 अगस्त को समाहरणालय के समीप एकदिवसीय धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। मौके पर पूर्व मंत्री सह कार्यक्रम दक्षिणी छोटा नागपुर प्रमंडलीय संयोजक विमला प्रधान ने कहा की झारखंड में महिलाओं के प्रति अपराध बढ़ रहे हैं सरकार के संरक्षण में उपद्रवियों को छूट दी जा रही है अपराधियों के ऊपर प्रशासन और सरकार के संरक्षण में कार्रवाई नहीं होती है आज झारखंड की आदिवासी मूलवासी महिलाएं भयभीत है जो सरकार महिलाओं की सुरक्षा नहीं दे पा रही है ऐसी सरकार को झारखंड से हटाने को महिलाओं ने अपना मन बना लिया है। प्रदेश से आये हुए सिमडेगा जिला कार्यक्रम प्रभारी सरिता पांडेय ने कहा कि पूरे झारखंड में भय का माहौल है कानून व्यवस्था पर से आम जनता व्यवसाय महिला सबका विश्वास उठ गया है इसीलिए इस सरकार के खिलाफ राज्य में कानून व्यवस्था और महिलाओं के ऊपर अत्याचार के खिलाफ पूरे झारखंड में महिला मोर्चा द्वारा धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम सुनिश्चित हुआ है बैठक से पूर्व प. दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं बंदे मातरम गान कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई मौके पर जिला परिषद सदस्य सोनी पैंकरा नगर परिषद पूर्व अध्यक्ष फुलसुन्दरी देवी संतोष देवी कमला कुमारी रुणि कुमारी पिंकी प्रसाद हंसा देवी रागिनी राज अंजु देवी कौशल्या देवी सुषमा देवी ज्योति देवी ममता देवी भगवती देवी सुनीता देवी गीता देवी द्रोपती देवी कल्पना देवी दिपक पुरी श्रीलाल साहु अनुप प्रसाद मौजूद थे ।

चलते चलते एक नजर

सरस्वती शिशु मंदिर से ही शुरू हो जाता है जहर घोलने का काम : दिग्विजय

जबलपुर : मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह का विवादों से नाता रहा है, अपने राजनैतिक जीवन मे वे शुरू से ही राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ को कोसते रहे हैं। इस बार उनने फिर सबह पर निशाना साधते हुये बयान दिया है। उन्होंने सरस्वती शिशु मंदिर की आड़ लेकर बोला है। दिग्विजय ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर से ही जहर घोलने का काम शुरू होता है। उन्होंने कहा कि आरएसएस से जुड़े संगठन माइंड गेम खेलते हैं।युवक कांग्रेस के कार्यक्रम में पहुंचे दिग्विजय सिंह ने कहा, ÷सरस्वती शिशु मंदिर से जहर घोलने का काम करते हैं। उन्होंने कहा दिमाग में घोले गये जहर को निकालना आसान नहीं है.÷ उन्होंने युवा कांग्रेस के मंच पर दिग्विजय सिंह ने आरएसएस के खिलाफ लड़ाई में जीत का मंत्र भी दिया।दिग्विजय ने कहा नीत और नर्सिंग घोटाले में प्रभावित 85 से 90त्न युवा हिंदू है। पूर्व सीएम ने कहा कि संघ और संगठन से जीतना है तो उनकी तरह ही काम करना होगा। संघियों से लड़ना है तो संघियों को उन्हीं की तरह से मारो। पहले संगठन मजबूत करो फिर आंदोलन करो। उन्होंने कार्यकर्ताओं की पाठशाला लगाई।

बीएसएफ ने बरामद किया 5.82 करोड़ रुपये कीमत का 7.87 किलो सोना, तस्कर गिरफ्तार

कोलकाता : बीएसएफ दक्षिण बंगाल सीमांत के अंतर्गत 32वीं वाहिनी की सीमा चौकी हलदरपारा के जवानों ने खुफिया विभाग की सूचना पर नौ सोने की ईंटों और 21 सोने के बिस्कुट बरामद करके एक भारतीय तस्कर को गिरफ्तार किया है। तस्करों ने सोने की खेप को तारबंदी के ऊपर फेंक कर तस्करी करने का प्रयास किया था। जब्त किए गए सोने का वजन लगभग 7.87 किलोग्राम है और इसकी कीमत 5.82 करोड़ रुपये है। बीएसएफ की ओर से बुधवार शाम को बताया गया कि खुफिया जानकारी के आधार पर बीएसएफ ने संदिग्ध क्षेत्र में एक विशेष घात लगाई थी। मंगलवार रात लगभग 08:35 बजे जब तारबंदी के पास बांग्लादेश से कई संदिग्ध व्यक्ति आते दिखाई दिए, तो जवानों ने कार्रवाई के लिए तैयारी की। जैसे ही बांग्लादेशी तस्करों ने तारबंदी के ऊपर से सोना फेंका, तो जवानों ने तेजी से खेप लेने की कोशिश कर रहे भारतीय तस्कर को पकड़ लिया। बांग्लादेशी तस्करों को पकड़ने के प्रयासों के बावजूद वे अंधेरे, घनी झाड़ियों और जूट के बागानों का फायदा उठाकर अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर बांग्लादेश में भागने में सफल रहे। गिरफ्तार तस्कर के पास से 06 पैकेटों में लिपटे विभिन्न आकारों की 09 सोने की ईंटें और 21 सोने के बिस्कुट बरामद किए गए।

मुहर्रम से अन्याय के विरूद्ध लड़ने की प्रेरणा मिलती है : मिथिलेश

प्रभात मंत्र संवाददाता

गढ़वा : मुहर्रम के मौके पर बुधवार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित की गई। विभिन्न गावों में आयोजित कार्यक्रम में गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर शामिल हुए। मुहर्रम इंतजामिया कमिटी की ओर से आयोजित कार्यक्रम ग्राम दरमी, सिदे, कादरी नगर चमरही, संग्रहे खुर्द, कल्याणपुर, छतरपुर, चरका पत्थर मेराल, बीरबंधा तथा जिला मुख्यालय स्थित कर्बला के मैदान में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री श्री ठाकुर शामिल हुए।

इस दौरान कमिटी के लोगों ने मंत्री श्री ठाकुर का भव्य स्वागत किया। कमिटी के लोगों ने माला पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर, तलवार देकर एवं तीर-धनुष प्रदान कर मंत्री को सम्मानित किया।मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि मुहर्रम महीने का हर दिन मुस्लिम समुदाय के लोगों के लिए अहम होता है। इस महीने का 10वां दिन बहुत ही खास माना जाता है। इसी दिन हजरत इमाम हुसैन की शहादत हुई थी। मुस्लिम समुदाय मुहर्रम को गम के रूप में मनाते हैं। उन्होंने कहा कि इमाम हुसैन साहब ने अन्याय, बुराई के विरूद्ध घुटने नहीं टेके। बड़ी से बड़ी ताकतों के आगे वे झुके नहीं। यदि वे हार मान जाते या समझौता कर लेते तो आज इस्लाम का वजूद नहीं रहता। उनसे हम सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। अपने हक अधिकार के लिए हमें बड़ी से बड़ी ताकतों के आगे झुकना नहीं चाहिए।

बल्कि आगे बढ़कर अपना हक अधिकार लेना चाहिए। मंत्री ने कहा कि जो लोग समाज को कमजोर करते हैं, अधर्म के रास्ते पर ले जाते हैं, समाज में विभेद पैदा करते हैं वैसी ताकतों से डटकर मुकाबला करना चाहिए। उन्होंने कहा कि गढ़वा आपसी, एकता एवं भाईचारा का मिशाल है। यहां सभी जाति, धर्म के लोग आपस में

मिलजुलकर एक-दूसरे के पर्व त्यौहार एवं सुख-दुख में हिस्सा लेते हैं। जो लोग इसमें खलल डालने की कोशिश करते हैं सभी लोग मिलकर मुंहतोड़ जवाब देते हैं। मंत्री ने कहा कि जो लोग समाज में एक-दूसरे को आपस में लड़वाने,बांटने एवं विभेद पैदा करने का काम करते हैं वे न तो मुस्लिम हैं, न हिंदु हैं, न सिक्ख हैं, न इसाई हैं। वैसे लोग शैतान होते हैं। वैसे लोगों से हमें सावधान रहने की जरूरत है।

कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, मिथिलेश पासवान, सोनल पासवान, संजय चौधरी,अनिल पासवान, सलीम जाफर, दिलीप गुप्ता, अंकित पांडेय, साकिर अंसारी, एनुल खान, सुलतान अंसारी, कमालु, सरपरस्त मो. इब्राहिम अंसारी, सदर नौजवान कमिटी इरफान अंसारी, सदर शमीम अंसारी, शहाबुद्दीन अंसारी, अयूब अंसारी, सदर अख्तर खां, शेख रहमतुल्लाह हाजी, शेख फहीम, शेख मंसूर हाजी, शेख एजाजुल, एकबाल खां, हाजी जसीमुद्दीन खां, परिखन विश्वकर्मा, जैदुल्लाह, शफीक खां, तहजीब खां, उपेंद्र सिंह, डॉ बीरबल विश्वकर्मा, निसार खान, सत्येंद्र सिंह, तहजीब आलम, प्रेम कुमार, मुंद्रिका राम, सदर रहमत खान, सेक्रेटरी युनूस खान, बाबर खान, मोजम्मिल अंसारी, शहंशाह आलम, अनवर हुसैन सरपरस्त, खुसमुद्दीन खां, सलाहुद्दीन खान, इश्फाक खान सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

राज्य में अपराधियों का खौफ बढ़ा : बाबूलाल मरांडी

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने एक बार फिर हेमंत सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने बुधवार को एक्स पर ट्वीट कर कहा है कि हेमंत है तो हिम्मत है।

अरे भाई किसको हिम्मत है। अपराधियों को या चोरों को या राज्य संरक्षण में पल रहे हिम्मत वाले गुंडों को। झारखंड में अपराधियों का खौफ इतना बढ़ गया है कि झारखंड की जनता के पास दो ही उपाय बचते हैं-या तो जान दे देने का या रंगदारी देने का।

गठबंधन सरकार में दबंगों का आतंक और साहस इतना बढ़ गया है कि वह सिर्फ अब धमकी भर नहीं देते हैं, बल्कि रंगदारी न देने वालों को मौत के घाट तक उतार रहे हैं। मरांडी ने लिखा है कि सरकार और उसकी पुलिस चुप है। क्योंकि, रंगदारी का बड़ा हिस्सा उनको भी प्राप्त हो रहा है लेकिन क्या प्रदेश की जनता ने इसलिए गठबंधन सरकार को चुना था ताकि वो अपराधियों के साथ हाथ मिलाकर जनता के साथ ही अपराध, हत्या और रंगदारी को अंजाम दें।

प्रदेश के लोगों की जान अब अपराधियों और दबंगों के हाथों में है। सरकार का हाथ अपराधियों के माथे पर है। अब ऐसे में प्रदेश में कोई भी कैसे सुरक्षित रह सकता है। अब वक्त आ गया है अपराधियों को सरंक्षण देने वाली इस सरकार को जड़ से उखाड़ फेंकने का, ताकि लोगों का तथा झारखंड का भविष्य सुरक्षित रह सके। बूलाल ने लिखा है कि आदिवासी बहुल क्षेत्रों में झामुमो का भ्रष्टाचार और कुशासन धरातल पर नजर आने लगा है। दुमका जिले के शिकारीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र में लगातार सात बार से झामुमो के विधायक हैं। पिछले पांच सालों से राज्य में सरकार है।

दीपक तिवारी ने समाज को सुरक्षित रखने के लिए दिया भाईचारा का संदेश

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : सच्चाई, इंसानियत और मानवता को जिंदा रखने में हुई शहादत के मर्म को मुहर्रम सिखलाता है। इसी दिन इस्लाम धर्मावलंबियों का अटूट आस्था का समागम देखने को मिलता है। हम समरसता, सद्भाव, एकता का मिसाल पेश कर वैमनस्यता को छोड़ अमन में भाईचारगी का संदेश फैलाएं। ये बातें कही झामुमो नेता सह सेवादार दीपक तिवारी ने कही। चियांकी में मुहर्रम पर निकली जुलुस में मुख्य अतिथि सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय के साथ वे सम्मिलित हुए। इस दौरान गदका खेलकर दोनों अतिथियों ने गोल का शुभारंभ किया। सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय ने कहा कि पुलिस हमेशा शांति और व्यवस्था कायम रखना चाहती है। ऐसे में वैमनस्यता

को भूलकर एकता भाईचारा ही समाज को सुरक्षित रखेगा। जिसकी निगेहबानी सिर्फ पुलिस की ही नहीं हर नागरिक का कर्तव्य है। मुहम्मद पैगम्बर साहब की कुर्बानी को याद कर मानवता को कायम करना ही मुहर्रम का त्योहार का महत्ता बढ़ाएगा। सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय, झामुमो के युवा नेता दीपक तिवारी, प्रतिष्ठित व्यवसाई चंद्रशेखर मेहता, दक्ष तिवारी भ्रमण कर सदर प्रखंड के कई मुहर्रम कमिटी के कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। मौके पर पूर्व जिला परिषद सदस्य अर्जुन सिंह, समाजसेवी राजेंद्र पाण्डेय, मनीष तिवारी रिंकू, महताब खान, मुहर्रम कमिटी के सदर परवेज अख्तर, सचिव असीम अंसारी समेत कई गणमान्य प्रबुद्ध जन मौजूद रहे।

रांची के मैक्लुस्कीगंज में बदमाशों ने दो मजदूरों को पीटा, की फायरिंग

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : राजधानी रांची के मैक्लुस्कीगंज में अपराधियों ने अति संवेदनशील माने जाने-वाले बसरिया (हरहु टोला) क्षेत्र में मंगलवार की देर रात पुल के निर्माण में लगे दो मजदूरों की जमकर पिटाई कर दी। बताया जाता है कि निर्माणधीन पुल के पास दो मजदूर रात में भोजन की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान पूर्व दिशा की ओर से दो नकाबपोश अपराधी घटनास्थल पर आ धमके और मजदूरों को बंधक बनाते हुए पिटाई शुरू कर दी। इस दौरान दूसरे मजदूर ने हिम्मत दिखाते हुए एक अपराधी को पकड़ लिया। इसके बाद एक अपराधी ने बचाव में हथियार निकालकर हवाई फायरिंग की और दो मजदूर दिलीप राम व गुड्डू राम को रॉड से मारकर घायल कर दिया। जाते-जाते अपराधियों ने उनके मोबाइल छीन

लिये और जंगल की ओर भाग गये। सूचना मिलने के मैक्लुस्कीगंज पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को अस्पताल भेजा। दोनों मजदूर लेस्लीगंज के रहने वाले हैं। इस संबंध में बुधवार को खलारी के डीएसपी आरएन चौधरी ने बताया कि निर्माणस्थल पर बिना जानकारी दिए संवेदक ने कार्य प्रारंभ किया था, जिसका लाभ अपराधियों ने उठाया है। जल्द ही कार्रवाई कर अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले 28 मई की रात कुछ हथियारबंद अपराधियों ने घटनास्थल से थोड़ी दूरी पर स्थित रांची चामा चतरा मुख्य मार्ग पर आगजनी की घटना को अंजाम दिया था। उस वक्त सभी किसी प्रकार जान बचाकर भाग निकले थे। ये वारदात उस वक्त हुई थी जब एसआईपीएल कंपनी द्वारा बीएसनएल का ऑप्टिकल फाइबर बिछाने का कार्य किया जा रहा था। हालांकि, इस दौरान एक मजदूर औरंगाबाद निवासी संजय भुइंया कंटेनर के अंदर ही छुपकर रह गया और आगजनी में उसकी मौत हो गयी थी। कंपनी का कंटेनर और उसके अंदर रखा एचडीडी मशीन, डीजी ट्रैकर सहित अन्य सामान जलकर राख हो गया था।

चोरी के मोबाइल के साथ एक गिरफ्तार

रांची : रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने हटिया रेलवे स्टेशन से मोबाइल चोरी करने वाले शातिर चोर अरबाज गद्दी को गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार आरोपित के पास से ओप्पो कंपनी का एक चोरी का मोबाइल फोन बरामद किया गया है। एएसआई एसके.जायसवाल ने बुधवार को बताया कि ट्रेन नंबर 12835 (हटिया- बैंगलोर एक्सप्रेस) को प्लेटफ़ॉर्म नंबर 01 से रवाना हो रहा था। इसी दौरान एक व्यक्ति जनरल कोच से उतरकर बहुत जल्दी में बाहर दौड़ रहा था। संदेह होने पर उसे रोका और जांच करने पर उसके पास से एक चोरी का मोबाइल फोन बरामद किया गया। उसने स्वीकार किया कि वह ट्रेन के यात्री की जेब से फोन चुराया था। इसके बाद मामले में आगे की कार्रवाई के लिए जीआरपी हटिया को सौंप दिया गया।

सावन में शिवालयों और शिवमंदिरों पर पुलिस की रहेगी पैनी नजर

एजेंसी

लखनऊः उत्तर प्रदेश पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने बुधवार को कहा कि श्रावण मास में भक्तों को किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो, इसके लिए सारे इंतजाम कर लिए गए हैं। शिवालयों में सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। ड्रोन और सीसीटीवी कैमरे से नजर रखी जाएगी। डीजीपी ने बताया कि राज्य सरकार और पुलिस विभाग का सभी प्रमुख त्योहारों के बारे में पहले से ही एक बेसिक चीजें तय कर दी गई हैं कि सभी परम्परागत तरीके से की जाएगी। कोई भी नई परम्परा नहीं शुरू की जाएगी। इन्हीं मूल सिद्धांतों को लेकर आगे बढ़ते है और हम सभी धर्म गुरु और शांति कमेटियों के साथ बैठक करते रहते हैं। यही एक वजह है कि 2017 के बाद से समारोहों के दौरान शांति में किसी तरह की खलल नहीं पड़ी है। इस

बार भी, राज्य सरकार के निर्देश पर, मैंने मुख्य सचिव के साथ तैयारियों का निरीक्षण करने के लिए विभिन्न स्थानों का दौरा किया।उन्होनें कहा कि हमने राज्य सरकार के निर्देश पर जगह-जगह जाकर समीक्षा की है। हम मेरठ, अयोध्या और मथुरा भी गये है। कांवड़ यात्रा के दौरान जो डीजे चलते हैं और मोहर्रम के दौरान जो ताजिया बनते हैं, उनकी लंबाई को निर्धारित किया जाए। जिससे धार्मिक चीजों से किसी को असुविधा न हो और श्रद्धालुओं के किसी भी भावनाओं को ठेस न पहुंचे। यूपी में आज 15 हजार जुलूस हैं, सभी चीज़ें शांतिपूर्ण तरीके से हो रही हैं। सुरक्षा व्यवस्था की बात की जाए तो 65 कंपनी पीएसी आठ कंपनी सीरपीएफ के अलावा पुलिस फोर्स लगी हुई है। मोहर्रम के बाद श्रावण का एक महींने का त्योहार चलेगा। पश्चिमी यूपी, रुहेलखंड, बरेली, प्रयागराज, वाराणसी, अयोध्या और अन्य क्षेत्रों में जहां सोमवार को बड़ी भीड़ होती है, वहां सावन माह में पड़ने वाले 5 सोमवारों को ध्यान में रखते हुए विशेष व्यवस्था की गई है। इसको देखते हुए सारी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। ड्रोन और सीसीटीवी कैमरे से नजर रखी जाएगी।डीजीपी ने कहा कि बुलडोजर को लेकर कुछ लोगों ने भ्रांतियां फैला रखी हैं।

तिरंगा दिवस घोषित करे सरकार : शील मधुर

एजेंसी

चंडीगढ़ : हरियाणा के पूर्व पुलिस महानिदेशक शील मधुर ने कहा कि 22 जुलाई 1947 के दिन ही पहली बार तिरंगे को राष्ट्रीय ध्वज के रूप में अपनाया गया था। इस दिन तिरंगा का जन्मदिन मनाएंगे। साथ ही हर देशवासी अपने घर, दफ्तर, पार्क व अन्य सार्वजनिक स्थलों पर तिरंगे को सेल्यूट करे।उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की है कि इस दिन को तिरंगा दिवस के रूप में घोषित किया जाए।पूर्व डीजीपी मधुर बुधवार को चंडीगढ़ में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस बार 22 जुलाई के लिए प्रणाम तिरंगा थीम लॉन्च किया है। इस दिन हम सब तिरंगे को सैल्यूट करेंगे। उन्होंने कहा कि 26 जनवरी 2021 से उन्होंने तिरंगा दिवस घोषित करने के लिए अभियान की शुरुआत की थी। इसके लिए हरियाणा के गुरुग्राम, नूंह, पलवल, फरीदाबाद, नारनौल आदि जिलों में तिरंगा सेना का गठन हो चुका है। अब इसका पूरे हरियाणा में विस्तार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि तिरंगा दिवस घोषित करने का मामला केंद्र सरकार के अधीन आता है। हरियाणा सरकार का समर्थन लेने के लिए वे जल्द ही मुख्यमंत्री नायब सैनी से मुलाकात करेंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री से मुलाकात का समय मांगा है। उन्होंने हरियाणा की जनता से अनुरोध किया कि 22 जुलाई को सम्मान में सभी लोग तिरंगे को प्रणाम करें। पूर्व डीजीपी मधुर ने कहा कि हमारे देश का तिरंगा सबसे सुंदर राष्ट्रीय ध्वज माना गया है। जैसे हम अपना, बच्चों का जन्मदिन मनाते हैं, ऐसे ही 22 जुलाई को तिरंगे का जन्मदिन मनाएं। उन्होंने कहा कि प्रमाण तिरंगा थीम पर शहरों, गांवों, स्कूलों, कालेजों में तिरंगा यात्राएं निकाली जाएंगी। तिरंगा हमारी जीवनशैली है। तिरंगा देश के अस्तित्व, आजादी, संविधान, शांति, अहिंसा, प्रेम, खुशहाली का प्रतीक है।पूर्व डीजीपी ने बताया कि वर्ष 1916 में स्वतंत्रता सेनानी आंध्र प्रदेश के पिंगली वेंकैया ने ऐसे झंडे के बारे में सोचा, जो भारतवासियों को एक सूत्र में पिरोकर रखे।

उपचुनाव को लेकर सीएम आवास पर हुई बैठक

लखनऊ : यूपी में 10 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव को लेकर मुख्यमंत्री आवास पर बैठक हुई जिसमें सरकार व संगठन के लोग शामिल हुए। बैठक में एक सीट की जिम्मेदारी तीन मंत्रियों को दी गई हैं। बैठक के बाद बाहर निकले कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि उपचुनाव को लेकर चर्चा हुई और सभी की जिम्मेदारी तय की गई। मुख्यमंत्री की तरफ से सभी प्रभारी मंत्रियों को यह भी निर्देश दिए गए हैं कि हर एक ग्रुप को कार्यकर्ताओं के साथ बात करनी है और सबसे ज्यादा फोकस बूथ को मजबूत करने में करना है। बता दें, लोकसभा चुनाव में सांसद बने 9 विधायकों की सीटों समेत सीसामऊ सीट पर उप चुनाव होना है। सपा विधायक के अयोग्य घोषित होने से सीसामऊ सीट रिक्त हुई है। जिन 9 सीटों पर उप चुनाव होने हैं, उनमें मिल्कीपुर, कटेहरी, फूलपुर, मझवां, गाजियाबाद सदर, मीरापुर, खैर और कुंदरकी शामिल हैं।

मुख्यमंत्री ने बिहार संग्रहालय और मेट्रो के निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

एजेंसी

पटना : मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार संग्रहालय तथा पटना संग्रहालय को जोड़ने वाले निर्माणाधीन टनल का बुधवार को निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि टनल निर्माण का कार्य जल्द पूरा करें, जिससे बिहार संग्रहालय और पटना संग्रहालय के दर्शक आसानी से एक-दूसरी जगह जाकर प्रदर्शों का अवलोकन कर सकें। बिहार संग्रहालय अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाया गया है। पटना संग्रहालय और बिहार संग्रहालय में बड़ी संख्या में पर्यटक आते रहते हैं।इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने पटना संग्रहालय एवं उसके विस्तारीकरण कार्य का भी जायजा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित किचेन, भंडार, अस्थायी दीर्घा सभागार, कलेक्शन स्टोर, कंजर्वेशन लैब सहित पूरे परिसर का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने

अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पटना संग्रहालय के उन्नयन एवं विस्तारीकरण का कार्य बेहतर ढंग से और तेजी से करें। यह पुराना संग्रहालय है। यहां पर कई महत्वपूर्ण पुरातात्विक एवं ऐतिहासिक प्रदर्श रखे गए हैं, उनका रख-रखाव और बेहतर ढंग से हो इसलिए भवन का विस्तारीकरण किया गया है। पटना संग्रहालय के जिस हिस्से में खुदाई कार्य किया जा रहा है, उसका भी मुख्यमंत्री ने निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए। सीएम ने पटना मेट्रो रेल परियोजना के निर्माणाधीन कार्यों की प्रगति का भी जायजा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने राजेंद्र नगर मोइनुलहक स्टेडियम, मलाही पकड़ी, खेमनीचक, पहाड़ी पर, जीरो माइल मेट्रो स्टेशन और आईएसबीटी मेट्रो स्टेशन के निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कार्ययोजना के अनुरूप पटना मेट्रो रेल परियोजना के निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करें ताकि जल्द से जल्द लोगों को इसका लाभ मिले। मेट्रो का निर्माण कार्य हो जाने से पटना के लोगों को आवागमन में काफी सहूलियत होगी।